वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 15 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 71, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

आयातित खाद्यतेल की कीमतें सुधरीं

खाड़ी देशों से मालवाहक जहाजों का आवागमन प्रभावित रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन तेल जैसे आयातित तेलों के दाम में सुधार आया। } 14

पंजाब में भाजपा की सरकार बनी तो दिखेगा बदलाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। } 16

एलपीजी ला रहे 2 भारतीय जहाजों ने पार किया होर्मुज

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गए हैं। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पशि्चमी तट की ओर बढ़ रहे हैं। शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक भारतीय झंडे वाले एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

ईरान का सऊदी अरब पर ताबड़तोड़ हमला, पांच अमेरिकी विमान क्षतिग्रस्त

सऊदी प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी बनाया निशाना, अमेरिकी बेस हटाने की दी थी चेतावनी

एजेंसी

रियाद। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 15वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए।

इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायु सेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के अनुसार, विमान

पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है। हमले में किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले, पश्चिमी इराक में एक अमेरिकी केसी-135 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान पर सवार सभी छह क्रू मेंबर की मौत हो गई थी। इसके अलावा, एक मार्च को कुवैत में तीन अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू ...शेष पृष्ठ 14 पर

अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क पर किये हमले

दुबई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है। ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के लगभग ...शेष पृष्ठ 14 पर

अफवाहों के जरिये अराजकता फैला रहा विपक्ष

जनता का विश्वास खोने वाले भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर जता रहे अविश्वास : योगी

विशेष संवाददाता

कैथल/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जनता जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी है, जिन्होंने जनता का विश्वास खो दिया, वे मुकाबला नहीं कर पाने की स्थिति में अफवाह-अराजकता के जरिए अव्यवस्था फैला रहे हैं। ऐसे में हमें मिलकर कार्य करना है और अव्यवस्था व अराजकता को नहीं फैलने देना है। हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में मजबूती से कार्य करना है, क्योंकि देश सुरक्षित तो सनातन सुरक्षित और सुनातन सुरक्षित तो देश सुरक्षित होगा। दोनों को अलग करके नहीं रखा जा सकता। मुख्यमंत्री ने दुनिया के वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध चल रहा है। इससे दुनिया में आर्थिक अराजकता होगी, लेकिन भारत किसानों के पुरुर्षाथ और देश के यशस्वी नेतृत्व के मार्गदर्शन में सीना तानकर विकास की यात्रा को बढ़ा रहा है। 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं और कह रहे हैं कि देश के नेतृत्व का जो भी आदेश होगा, हम सब उसका पालन करेंगे। दुनिया जब अराजकता-अव्यवस्था से त्रस्त है, तब भारत मजबूती के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को बाबा मुकुट नाथ मठ, सौंगल गांव में ब्रह्मलीन श्री महंत पीर गणेश नाथ जी का आठमान भंडारा, देशमेल व शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पूजन-अर्चन किया और ब्रह्मलीन संतों

के प्रति श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने सफल आयोजन के लिए सौंगल के पीर शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शेरनाथ जी को पीर की पदवी दी गई। सीएम योगी ने कहा कि हमारा दायित्व है कि जो लोग देशहित में कार्य कर रहे हैं, उन्हें समर्थन-सहयोग करें और जो लोग देशविरोधी-धर्मविरोधी आचरण कर रहे हैं, उन्हें नकारना, दुत्कारना और बाहर का रास्ता दिखाना है। भारत का हर सनातन धर्मावलंबी चाहता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, क्योंकि राम सनातन के प्रतीक और भारत के आधार स्तंभ हैं। 500 वर्ष पहले विदेशी आक्रांता ने रामजन्मभूमि पर मंदिर को अपवित्र करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया था। दिन-वर्ष बीतते गए, हिंदू संघर्ष करता गया, लेकिन कोई बात सुनने वाला नहीं था। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने की पहल को नई ऊंचाइयां प्राप्त हुई। आज अयोध्या में दुनिया का सबसे भव्यतम मंदिर बनकर तैयार हो गया। आजादी के बाद अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी ने आस्था के बारे में नहीं सोचा, क्योंकि उन्हें वोटबैंक और तुष्टिकरण से फुर्सत नहीं थीं। केंद्र व प्रदेश में एक जैसी सरकार बनी तो राम मंदिर का निर्माण हो गया। यूपी और देशवासियों को सुरक्षा की गारंटी मिली। सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल में महालोक, उत्तराखंड में केदारपुरी और बद्रीनाथ पुरी में भव्य धाम का निर्माण, यह तब हुआ जब उसके बारे में सोचने वाली सरकारें हैं। सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी। आजादी के बाद कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या उन्हीं लोगों ने दी, जिन्होंने तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा। जब देश में जनचेतना जागरूक हुई तो जिन लोगों ने सनातन व देश के प्रति अन्याय किया था, देशवासियों ने उन्हें अविश्वास का प्रतीक बना दिया और भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया। जनता जिस रूप में देश को लेकर चलना चाहती थी, मोदी जी के नेतृत्व में वैसा ही काम हो रहा है। विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने विश्वास खो दिया है, वे भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जता रहे हैं। कभी लोकसभा स्पीकर तो कभी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

स्कूली छात्र ने दो दोस्तों को तालाब में दिया धक्का, मौत

मथुरा। मथुरा में हाल ही में दो नाबालिग लड़कों के तालाब में डूबने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतकों के 17 वर्षीय एक दोस्त को पकड़ लिया है। फरवरी में लठमार होली के उत्सव के दौरान नंदगांव के पास एक तालाब में 17 वर्षीय लड़के ने अपने दोस्तों को कथित तौर पर धक्का देकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को शुरू में डूबने की घटना के रूप में दर्ज किये गये मामले में तब नाटकीय मोड़ आया जब तकनीकी विशेषज्ञों ने आशीषेश्वर महादेव मंदिर में क्षतिग्रस्त डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) से फुटेज बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि सक्षम (15) और रवि (17) आरोपी लड़के के साथ बरसाना में प्रसिद्ध लठमार होली देखने गए थे और कोसी कलां लौटते समय तीनों मंदिर के तालाब पर रुके थे।

बाराबंकी में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

बाराबंकी। जिले की स्वाट टीम व असन्द्रा पुलिस ने शनिवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त रूपेंद्र उर्फ सूरज सिंह के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भोर पुलिस गश्ती दल को कन्धवापुर मोड़ के पास सिद्धौर से रामसनेहीघाट हाइवे की ओर मोटर साइकिल से एक संदिग्ध आता दिखायी दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग की जिससे प्रभारी स्वाट टीम अंकित त्रिपाठी के कान के पास से गोली निकल गयी जिससे वह बाल-बाल बच गए।

संभल के डीएम और एसपी को हाईकोर्ट ने लगायी फटकार

प्रयागराज। मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने के सवाल पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को लगता है कि नमाजियों की संख्या अधिक होने से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है इसलिए वे उनकी संख्या सीमित करना चाहते हैं तो उन्हें या तो इस्तीफा दे देना चाहिए या संभल जिले से स्थानांतरण करा लेना चाहिए क्योंकि वे कानून का राज स्थापित करने में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं हैं।

न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की पीठ ने कहा कि ाह सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है कि प्रत्येक समुदाय निर्धारित उपासना स्थल पर शांतिपूर्वक उपासना कर पाये और यदि वह निजी संपत्ति हो तो उपासना के लिए सरकार से कोई अनुमति लेनी आवश्यक नहीं है। उच्च न्यायालय ने 27 फरवरी को अपने निर्णय में कहा कि यह अदालत पहले से व्यवस्था दे चुकी है कि यदि धार्मिक कार्यक्रम सार्वजनिक भूमि या स्थान पर किया जाता है जिसमें सरकारी तंत्र को शामिल करना आवश्यक है तो इसके लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

कृषि में नयी तकनीक का समावेश : धामी

धामी ने भारतीय किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी का किया भव्य शुभारंभ

एजेंसी

पंतनगर (उत्तराखंड)। जब किसान आधुनिक तकनीक को अपनाएगा, तभी देश की प्रगति के द्वार खुलेंगे।इसी संकल्प के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया और प्रगतिशील किसानों को उनके नवाचारों के लिए सम्मानित भी किया।

?संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि खेती को लाभ का सौदा बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि

?हाल ही में जारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त से उत्तराखंड के 9 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे पैसे पहुंचे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ...शेष पृष्ठ 14 पर

घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही ममता

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने आयोजित एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास रखने के बाद कहा कोलकाता से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है, लाखों लोगों का

जीवन आसान होगाअ उन्हें नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पूर्वी भारत की परिवहन प्रणाली को और मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा सड़क, रेल और बंदरगाह से संबंधित ये नई परियोजनाएं बंगाल के आधुनिक भविष्य के लिए नए रास्ते खोल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर महिलाओं की भागीदारी का बढ़ना समाज के लिए सकारात्मक संकेत : विराज सागर दास

महिलाओं की स्थिति से होता है प्रगति का आकलन: न्यायमूर्ति बीआर सिंह

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अधिवक्ता परिषद अवध (उ.प्र.) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय स्थित डॉ. अखिलेश दास ऑडिटोरियम में प्रदेश महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति बृज राज सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय

महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और वे निरंतर आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति बबिता रानी ने भारतीय संविधान में निहित महिला अधिकारों का उल्लेख करते हुए महिलाओं को सामाजिक बंधनों से बाहर निकलकर साहस के साथ आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति विराज सागर दास ने कहा कि विधि के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

जायसवाल समाज के होली मिलन समारोह में विराज सागर दास का किया गया सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जायसवाल समाज लखनऊ की ओर से शनिवार को कैसरबाग स्थित गांधी भवन में होली स्नेह मिलन, युवक-युवती वैवाहिक परिचय व प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्वामी संतोषानन्द महाराज, नीरज सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, विराज सागर दास, अध्यक्ष उप्र. ओलम्पिक संघ, अनुपमा जायसवाल, पूर्व मंत्री/विधायक, नीरज बोरा, विधायक, जायसवाल अटल गुप्ता, मेयर सुषमा खर्कवाल, नम्रता पाठक व पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया सहित व्यापार मण्डल अध्यक्ष संदीप बंसल, सुधीर हलवासिया आदि कई विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर समाज की ओर से प्रकाशित स्मारिका का विमोचन अतिथियों ने किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की ओर से फैन्सी ड्रेस व भारतीय शैली के परम्परागत नृत्य, देशभक्ति, मातृभक्ति, राधा-कृष्ण रास व होली के अनूठे रंग को प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व उपहार भी दिये गये। कार्यक्रम में लखनऊ के आस-पास के जिलों से आये स्वजातीयजनों ने परस्पर होली मिलन व वैवाहिक परिचय में प्रतिभाग किया। मंच संचालन एडवोकेट अखिलेश जायसवाल, अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ व रेखा जायसवाल महामंत्री की ओर से किया गया। ओम प्रकाश जायसवाल (संरक्षक), अध्यक्ष अजय जायसवाल, महामंत्री विनोद जायसवाल, कोषाध्यक्ष सर्वेश, राजेश (युवा अध्यक्ष), संगीता, अनीता, राखी, अनीता (नीतू), रश्मि, रेनू, रमा, सुमन, मोना, एडवोकेट संजय, वीरेन्द्र, अमलेश, दुगार्शंकर, समीर, एडवोकेट राजीव, सुनील, सी.ए. अरविन्द, विक्की, सचिन उपस्थित रहे।

90 हजार लाभार्थियों को मिलेगी पहली किस्त

20 लाभार्थियों को पीएम आवास स्वीकृति प्रमाणपत्र करेंगे वितरित, लाभार्थियों से करेंगे वर्चुअल संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री 16 मार्च को लखनऊ में सिंगल क्लिक से लाभार्थियों के खातों में भेजेंगे धनराशि

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के लगभग 90 हजार पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रथम किस्त जारी करेंगे। वे इस धनराशि को डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए भेजेंगे। यह कार्यक्रम 16 मार्च को अपराह्न 04.30 बजे लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी 20 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। इसके साथ ही वे फतेहपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, महाराजगंज तथा देवरिया के एकङ्मएक लाभार्थी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद भी करेंगे और उनसे योजना के लाभ एवं अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 एक मांग आधारित योजना है। इसके अंतर्गत सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराना है, जिससे सबके लिए आवासङ्ग की परिकल्पना को साकार किया जा सके। यह कार्यक्रम केवल धनराशि हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश सरकार की सबके लिए आवास की संकल्पना को धरातल पर उतारने की दिशा में उत्तर प्रदेश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से बड़ी संख्या में शहरी गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

लखनऊ-गौतमबुद्ध नगर में स्थापित होगा यू-हब

विशेष संवाददाता (vol)

- इन्क्यूबेशन, एक्सेलेरेशन और अनुसंधान के जरिए स्टार्टअप को मिलेगा मजबूत प्लेटफॉर्म
- तेलंगाना, केरल और कर्नाटक की तर्ज पर विश्वस्तरीय नवाचार केंद्र के रूप में होगा विकास

लखनऊ। प्रदेश सरकार राज्य को नवाचार और स्टार्टअप का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बजट 2026-27 के माध्यम से लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में यू-हब स्थापित करने की घोषणा की गई है। योगी सरकार का मानना है कि यह पहल प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ तकनीक आधारित उद्यमों को नई गति प्रदान करने का काम करेगी। इस हब को देश के अग्रणी नवाचार केंद्रों की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

तेलंगाना, ओडिशा, केरल और कर्नाटक में स्थापित नवाचार केंद्र की तरह ही इस यू-हब को विश्वस्तरीय नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यू-हब का उद्देश्य युवाओं के नवाचार और नए विचारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

इसके माध्यम से स्टार्टअप और उद्यमियों को अपने आइडिया को व्यवसाय में बदलने के लिए जरूरी संसाधन, मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इससे प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सरकार की योजना के अनुसार यह हब प्लग एंड प्ले मॉडल पर विकसित किया जाएगा, जहां स्टार्टअप को शुरूआती स्तर से आगे बढ़ने तक हर चरण में सहयोग मिलेगा। यहां इन्क्यूबेशन, एक्सेलेरेशन, अनुसंधान, विकास और सहयोग कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही स्टार्टअप को विशेषज्ञों की मेंटोरशिप, निवेशकों से जुड़ने के अवसर और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यू-हब की स्थापना से उत्तर प्रदेश में नवाचार आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सूचना प्रौद्योगिकी, फिनटेक, हेल्थटेक और अन्य तकनीक आधारित क्षेत्रों में नए स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना बढ़ेगी। इसके साथ ही युवाओं को पारंपरिक नौकरी की तलाश के बजाय उद्यमिता की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा।

बजट में इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार का मानना है कि इस पहल से प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई ऊर्जा मिलेगी और तकनीक आधारित उद्योगों के विस्तार को गति मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार यू-हब के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, नई कंपनियां स्थापित होंगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। आने वाले समय में यू-हब उत्तर प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख स्टार्टअप मामलों में अपनी मजबूत पहचान बना सकेगा।

सीएम ने सहारनपुर में की विकास कार्यों की समीक्षा

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सहारनपुर जनपद में मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ मंदिर पहुंचे और निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सोविनियर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, मल्टीलेवल पार्किंग की प्रगति को देखा। इसके उपरान्त उन्होंने भूरादेव एवं सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा अक्टूबर माह में पूर्ण होने वाली परियोजनाओं को शारदीय नवरात्रि तक तय मानकों के साथ पूरा कराएं। भूरा देव मंदिर से शाकुंभरी देवी मंदिर तक निर्माणाधीन एलिवेटिड रोड का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण ब्रजेश सिंह, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारन देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पूर्व विधायक नरेश सैनी एवं संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई उपस्थित रहे।

सम्राट अशोक का संदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणा

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद प्रयागराज स्थित सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार अरैल, नैनी में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के ऐतिहासिक शिलालेखों की प्रतिकृतियों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के ऐसे महान शासक थे, जिन्होंने सत्ता को केवल शासन का माध्यम नहीं, बल्कि लोककल्याण, शांति और नैतिक मूल्यों की स्थापना का साधन बनाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक ने गौतम बुद्ध के विचारों और उपदेशों से प्रेरणा लेकर अपने शासन को मानवीय मूल्यों से जोड़ा। उन्होंने अहिंसा, करुणा, सहिष्णुता और धर्म के सिद्धांतों को अपनाते हुए समाज में शांति और सद्भाव का संदेश दिया। उनके शिलालेख आज भी मानवता, नैतिकता और सुशासन की अमूल्य धरोहर हैं, जो हमें न्यायपूर्ण और मानवीय समाज की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

रसोई गैस की किल्लत अब जानलेवा हो रही : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि एलपीजी रसोई गैस की किल्लत अब जानलेवा हो रही है। फरुर्खाबाद में गैस सिलेंडर की लाइन में लगे बुजुर्ग की मौत हो गई। गाजीपुर में गैस सिलेंडर के लिए धूप में खड़े बुजुर्ग बेहोश हो गए। देश के अन्य राज्यों में भी घटनाएं सामने आ चुकी है। गैस के लिए लंबी-लंबी लाइन लगी है। आम जनता परेशान है। गैस न मिलने से शहरों में चाय-समोसा से लेकर होटल तक की बड़ी संख्या में दुकाने बंद हो गई है। इन दुकानों को चलाने वाले बेरोजगार हो गये हैं। यह रसोई गैस संकट भाजपा सरकार की नाकामी के चलते पैदा हुई है। बुजुर्ग की मौत और गैस की किल्लत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई सच को स्वीकार करें कि भाजपा सरकार की गलतियां अब लोगों की जान भी ले रही हैं। भाजपा सरकार में एलपीजी लापता गैस हो गयी है। भाजपा सरकार के कारण देश की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह कालाबाजारी

और जमाखोरी भी हो रही है। भाजपा सरकार ने जनता को एक बार फिर लाइनों में खड़ा कर दिया है। पहले नोटबंदी के समय लाइन में खड़ा किया, खाद के लिए लाइन में खड़ा किया अब गैस सिलेण्डर के लिए लाइन लगवा दिया है। अब यूपी की जनता पूरी ताकत से लाइन में लगकर 2027 में भाजपा को सरकार से बाहर का रास्ता दिखाकर ही दम लेगी।

सिंचाई एवं जल संसाधन प्रबंधन में एआई के उपयोग से आयेगी पारदर्शिता

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सिंचाई एवं जल संसाधन प्रबंधन को अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक तथा तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के उपयोग विषय पर आज यहाँ वाल्मी भवन, लखनऊ में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री श्रीस्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) जैसी उन्नत तकनीक शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा परिणामोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं जलसंसाधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में एआई आधारित प्राणियों के उपयोग से नहरों के संचालन, जल वितरण की रीयल-टाइम निगरानी, बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली, जल संसाधनों के वैज्ञानिक आकलन तथा अवसंरचना के प्रभावी प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभागीय कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स तथा डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी उन्नत तकनीकों के समुचित उपयोग से जल संसाधनों के संरक्षण, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार संभव हुआ है।

प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने कहा कि एआई के उपयोग से विभागीय कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया एआई के उपयोग करने में मैनुअल चेकिंग अनिवार्य रूप से करें जिससे सम्भावित त्रुटियों से बचा जा सकेगा। कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। विशेषज्ञों ने एआई आधारित डेटा विश्लेषण, बाढ़ पूवार्नुमान प्रणाली जल संसाधन प्रबंधन के लिए स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम, नहर नेटवर्क के संचालन में डिजिटल तकनीकों के उपयोग तथा भविष्य में उभरने वाली तकनीकी संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि इस प्रकार की पहलें विभाग में तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देंगी तथा आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग से प्रदेश में सिंचाई एवं जल संसाधन प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी, दक्ष एवं भविष्य उन्मुख बनाया जा सकेगा।

इस अवसर पर प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सहित विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित विभिन्न विषय विशेषज्ञ एवं वक्ता उपस्थित रहे।

आरटीई के तहत लाखों बच्चों के लिए खुले निजी स्कूलों के दरवाजे

प्रथम और द्वितीय चरणों में 1.56 लाख से अधिक बच्चों को मिला प्रवेश

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ, कानपुर नगर और आगरा में सर्वाधिक छात्रों को मिला प्रवेश का अवसर

लखनऊ। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा दिलाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। पारदर्शी ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है।

प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय चरण में मिलाकर 1.56 लाख से अधिक छात्रों को निजी स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया जा चुका है जबकि द्वितीय लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश मिला है। इस प्रकार बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा के अवसर सुनिश्चित किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में आवेदन सत्यापित किए गए। आरटीई के तहत सर्वाधिक प्रवेश लखनऊ, कानपुर नगर, आगरा, मुरादाबाद और बुलंदशहर जैसे जनपदों में हुए हैं, जहां हजारों बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ने का अवसर मिला है। इसी प्रकार अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, फीरोजाबाद और बरेली जैसे जिलों में भी हजारों बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश का अवसर मिला है। आरटीई अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में निर्धारित सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। योगी सरकार ने इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है ताकि चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज के हर वर्ग के बच्चों तक पहुंचनी चाहिए।

इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी निजी विद्यालयों में पढ़कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया के आगामी चरण भी जल्द पूरे किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ मिल सके।

प्रदेश में तीन माह में बने करीब 18 लाख नये आयुष्मान कार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

- बरेली, जौनपुर और आगरा में विशेष अभियान के दौरान सबसे अधिक बनाये गये कार्ड
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और उनके परिवार के कार्ड बनाए गए

लखनऊ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के लिए योगी सरकार प्रदेश भर में विशेष अभियान चला जा रही है। अभियान की शुरूआत बीते साल 25 नवंबर को हुई। यह 25 दिसंबर, 2025 तक चला। इस दौरान 5 लाख 52 हजार से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इस साल 15 जनवरी से दोबारा विशेष अभियान शुरू किया गया, जो वर्तमान में चल रहा है। विशेष अभियान की अवधि में अब तक 17 लाख 94 हजार से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। अभियान के दौरान विशेष रूप से आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साथ उनके परिवार के कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान सबसे अधिक बरेली में कार्ड बनाए गए। इससे बरेली कार्ड बनाने में पूरे प्रदेश में पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर हैं।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने वाला राज्य बन चुका है। योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 5.64 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 25 लाख 70 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि योगी सरकार वंचित पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में विशेष अभियान चला जा रही है। यह अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर, 2025 तक संचालित किया गया। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे इस साल 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। अभियान के तहत 12 मार्च तक 17 लाख 94 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

अभियान को स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। ग्राम स्तर पर स्वयंसेवकों और स्थानीय कार्यकताओं के माध्यम से पात्र परिवारों तक पहुंच बनाकर उनका सत्यापन किया गया और मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अभियान के दौरान सबसे अधिक बरेली ने 1,12,855 कार्ड बनाकर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जौनपुर 83,042 कार्ड बनाकर दूसरे, आगरा 76,702 कार्ड बनाकर तीसरे स्थान पर है जबकि प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड बनाकर पांचवे स्थान पर है। साचीज की एसीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 4.28 लाख आशा कार्यकर्ता और उनके परिवार के सदस्य योजना के दायरे में आते हैं। इनमें से 12 मार्च तक करीब 3.24 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। अभी लगभग 1.03 लाख लोगों के कार्ड बनना शेष है। इस दौरान सबसे अधिक कुशीनगर में 6,620 कार्ड बनाए गए। इसी प्रकार लगभग 2.17 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और उनके परिवारों में से 1.53 लाख के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि लगभग 64 हजार लाभार्थियों के कार्ड बनने बाकी हैं।

सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार

अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन ने किया जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को संसद में पारित कराए जाने की मुहिम शनिवार को भी राजधानी में तेवर में दिखी।

आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में गोमती नगर स्थित हाईकोर्ट परिसर के बाहरी छोर पर जमकर नारेबाजी भी की। यहां अधिवक्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद में बार बार मांग के बावजूद सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित नही करा रही है। उन्होने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि विधेयक पारित नही कराया गया तो वकील लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत सत्ता परिवर्तन के लिए लखनऊ से दिल्ली तक संघर्ष को देशव्यापी बनाएंगे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि बजट सत्र के भीतर यह विधेयक नही लाया गया तो संसद का घेराव भी वकीलों के द्वारा तय है। उन्होने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार अधिवक्ताओं को वोट बैंक से इतर मानने की भूल कर रही है। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र व संयोजन लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी तथा संचालन अधिवक्ता शैलेन्द्र तिवारी ने किया। आमसभा को वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश श्रीवास्तव, विजय पाल, विपिन शुक्ल, अबरार अहमद, हरिश्चंद्र पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए मांग के समर्थन में आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया। एसोसिएसन के जिला इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने सुरक्षा अधिनियम के मसौदे से साथियों को अवगत कराया।

इस मौके पर कौशलेंद्र वर्मा, आयुष त्रिपाठी, सत्यम त्रिपाठी, हरेकृष्ण तिवारी, टीपी त्रिपाठी, डीपी सिंह, अशोक दीक्षित, टीके बोस, शैलेन्द्र शुक्ला, दिलीप दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। यह जानकारी एसोसिएसन के जिला इकाई अध्यक्ष दीपेन्द्र तिवारी द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

संक्षेप

महिला से मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे दत्तू नसीरपुर गांव की रामकली पत्नी स्व0 रामप्रकाश कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह मार्च की शाम करीब पांच बजे उसका चार वर्षीय नाती कार्तिक घर के पास खेल रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के दीवाना पुत्र कमलेश कोरी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। उलाहना देने पर आरोपी व उसकी मां सुमन तथा सुनीता पत्नी राकेश कोरी ने उसे गाली देते हुए मारापीटा। आरोपियों ने बचाव में पहुंची आरती पत्नी दीपक, मीना पत्नी अनिल कोरी को भी मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जमीन की रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

प्रतापगढ़। जमीन पर लगे बांसबल्ली व कंटीले तार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उधरणपुर गांव निवासी अमरनाथ यादव पुत्र रामदयाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपनी पुत्री सुशीला पत्नी देवराज यादव द्वारा क्रय की गयी जमीन की देखभाल करता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती तेरह मार्च को गांव के विनोद कुमार सरोज ने अपने पिता छोटेलाल सरोज के साथ मिलकर जमीन पर लगे बांसबल्ली व कंटीले तार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित के विरोध करने पर एससीएसटी के फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी उसकी भूमिधरी पर खड़ंजा लगाने की भी प्रयास कर रहे हैं। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दोषी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मैजिक की टक्कर से महिला घायल

प्रतापगढ़। मैजिक व बाइक की भिड़ंत में महिला घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। उदयपुर थाना के राहाटीकर गांव की रेनू सिंह शनिवार को अपने पति शिव प्रताप सिंह के साथ रानीगंज कैथौला बाजार खरीददारी करने आयी थी। इसी दौरान मैजिक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रेनू गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

अलग-अलग दो युवती समेत तीन लापता

प्रतापगढ़। अलग अलग घटनाओं में युवती व किशोरी के गायब होने को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस मार्च को उसकी उन्नीस व बीस वर्षीया दो पुत्रियां घर से निकली तो वापस नहीं लौटीं। खोजबीन के दौरान जानकारी हुई कि दोनों युवतियां दिल्ली चली गयी हैं। वहीं दूसरी घटना में उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती बारह मार्च को सुबह करीब चार बजे उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली। उसके घर न लौटने पर काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नहीं चला। लापता दोनों बहनों व किशोरी के मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

श्रावस्ती में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर

श्रावस्ती। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार तथा माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती राकेश धर दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश के न्यायालय सहित उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों तथा जिलाधिकारी न्यायालय व अधीनस्थ कार्यालयों में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न बैंकों के प्रबंधक भी उपस्थित रहे। इस दौरान जुगुल किशोर सिंह (एलडीएम, इंडियन बैंक) तथा अमित वार्ष्णेय (क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपी ग्रामीण बैंक, श्रावस्ती) सहित अधिवक्तागण और न्यायालय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने व्यक्त किया। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश राकेश धर दुबे ने दीवानी न्यायालय परिसर में विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय लोक अदालत के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा बैंक कर्मियों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति, अपर सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) एवं नोडल अधिकारी अवनीश गौतम, अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) निर्दोष कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार यादव, सिविल जज (प्रख) अनुप्रिया, सिविल जज (प्र.ख.)/ एफटीसी गौरव द्विवेदी, सिविल जज (अ.ख.) अरविन्द कुमार मद्धेशिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, अभियोजन अधिकारी, बैंक कर्मचारी, एलएडीसी अधिवक्ता तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार शर्मा, पैनल लॉयर डीएलएसए श्रावस्ती द्वारा किया गया।

पायल छोटा दिया है : माता प्रसाद पांडे

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचे, दुल्हनों को दिया सामान देखा

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन में नेता प्रतिपक्ष और इटवा से सपा विधायक माता प्रसाद पांडे भी पहुंचे। उन्होंने दुल्हनों को मिले सामान की जांच की। माता प्रसाद पांडे ने कहा- अभी मैं देख रहा था कि क्या-क्या सामान दिया गया है। थाली दी है, कटोरी दी है। पायल छोटा दिया है। उन्होंने आगे कहा- हमारी सरकार में हम लोग सामूहिक विवाह नहीं कराते थे। सीधे दुल्हन के खाते में पैसा भेज देते थे। माता प्रसाद पांडे कार्यक्रम स्थल पर करीब दोपहर दो बजे पहुंचे। उन्होंने कहा- मुझे कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच का बताया गया था, लेकिन उससे पहले ही कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय के बीएससी ग्राउंड में आयोजित किया गया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने दुल्हनों को मिले सामाना चेक किए। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने दुल्हनों को मिले सामाना चेक किए। ग्राम पंचायत अधिकारी समेत 5 महिलाओं को जेवर चोरी

समारोह में खाना खाने के दौरान 5 महिलाओं के जेवर चोरी हो गए। इन महिलाओं में ग्राम पंचायत अधिकारी शौपनिल श्रीवास्तव भी शामिल हैं। वह विकासखंड नौगढ़ मे ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर तैनात हैं। पीड़ित महिलाएं रोने लगीं। मौके पर अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। महिला पुलिस तुरंत उन्हें सरकारी वाहन से थाने ले गई। वहां शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की। पीड़ित महिलाओं में गीता का मंगलसूत्र, रीना के कान का झुमका, पिंकी का मंगलसूत्र और विंध्यवासिनी के कान का झुमका चोरी हो गया। वहीं, ग्राम पंचायत अधिकारी शौपनिल श्रीवास्तव का भी मंगलसूत्र चोरी हुआ है। मंचीय कार्यक्रम के बाद विवाह की सभी रस्में पूरी कराई गईं और उसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह समाप्त होने के बाद दोपहर में सभी जोड़ों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 319 जोड़ों ने शादी की। जिसमें 226 जोड़े हिंदू धर्म के, 74 जोड़े बौद्ध धर्म और 19 जोड़े मुस्लिम धर्म के थे। समारोह में जिला अधिकारी शिवशरणप्पा, एसपी डॉ. अभिषेक महाजन, कपिलवस्तु से भाजपा विधायक श्यामधनी राही और अपना दल से शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

प्राथमिक विद्यालय में मेधावी किये गये सम्मानित

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय समशेरगंज में शनिवार को कक्षा पांच के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं अंशिका, साक्षी, सोनाक्षी, रहनुमा, आदर्श, दिव्यांशु ने स्वागत गान, राष्ट्र गीत आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि पूर्णिमा विश्वकर्मा ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के जीवन की सबसे मजबूत नींव होती है। उन्होने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन व निरंतर अध्ययन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों की सीख भी जरूरी है। जिससे कि सभ्य समाज को मजबूती मिल सके। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनना चाहिए। शिक्षक मुक्ता गुप्ता ने छात्रों को सफलता के लिए मेहनत और लगन से काम करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को कॉपी पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय को शिक्षण कार्य हेतु निःशुल्क डेस्क बेंच प्रदान करने वाले क्षेत्र के शमशाद खान, मुख्तार खान व राम औतार वर्मा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अनिरूद्ध यादव व संचालन हरिवंश शुक्ल शौर्य ने किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ0 अरूण कुमार रत्नाकर ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मीना गुप्ता, रवीन्द्र शर्मा, माधुरी देवी, नगीना गौतम, शुभम कुमार, सोना देवी, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न

सिद्धार्थनगर। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के दिए गए आदेश के अक्षर से अनुपालन में दायित्व के प्रति क्रियाशील बांसी थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने मैं फोर्स मुस्तैदी दिखाते हुए बांसी तिलक इंटर कॉलेज में आयोजित उप निरीक्षक दरोगा भर्ती परीक्षा को सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया, गत शनिवार प्र नि शहर कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने मैं फोर्स दायित्वों के निर्वहन हेतु मुस्तैदी दिखाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उन नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा -2025 की प्रथम पाली की परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु मुस्तरी दिखाई गई तो वही बाद उसके दोनों पाली थाना, कस्बा परिक्षेत्र के पथरा सड़क मार्ग स्थित परीक्षा केंद्र तिलक इण्टर कालेज बांसी में मैं फोर्स पुलिस सक्रियता दिखाते हुए क्रियाशील कोतवाल बांसी मृत्युंजय पाठक ने सुरक्षा के दृष्टिगत मुस्तैदी दिखाते हुए उक्त उप निरीक्षक दरोगा भर्ती परीक्षा को पुलिस सक्रियता दिखाते हुए शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराया गया उक्त कार्य योगदान में अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक आरएन दूबे योगेश गौड़, सहित अन्य कई उप निरीक्षक पुलिसकर्मियों का सुरक्षा की दृष्टिगत उत्कृष्ट योगदान रहा।

डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी डा0 अभिषेक महाजन द्वारा उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की प्रथम पाली की परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु परीक्षा सेंटर सिंहेश्वरी इण्टर कालेज नौगढ़, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की प्रथम पाली की परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु परीक्षा सेंटर सिंहेश्वरी इण्टर कालेज में ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को सुचिता पूर्ण एवं निष्पक्ष तथा उक्त से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, डीएम के साथ उपस्थित एसएसपी ने ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी किए।

राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान की प्रेरणा है महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का समारोहपूर्वक किया लोकार्पण

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के भुसूर मुरैनी में शनिवार को महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का सांसद प्रमोद तिवारी ने फीता काटकर जैसे ही शुभारंभ किया कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप का जयघोष गूंज उठा दिखा। मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराणा प्रताप कि अदम्य साहस और देश के प्रति त्याग तथा बलिदान से हमें राष्ट्रीय समर्पण की सशक्त प्रेरणा मिला करती है। उन्होने कहा कि राष्ट्रनिष्ठा के लिए महाराणा प्रताप का वीरतापूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व अप्रतिम गर्व प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर देशभक्तों ने हमें आजादी का सशक्त मार्ग दिखलाया। उन्होने कहा कि राष्ट्र के आन बान व शान के लिए भारतीयों की एकजुटता दुनिया में हमें मजबूत देश का गौरवशाली दर्जा प्रदान किये हुए है। कार्यक्रम में उन्होने देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने त्याग और बलिदान की भी चर्चा करते हुए लोगों से राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण का जोशीला आहवान भी किया। उन्होने कहा कि देश का सिर ऊंचा बनाए रखने के लिए जब जब आवश्यकता पड़ी है देश के लोगों ने अपना सर्वस्व समर्पण किया है। उन्होने राष्ट्रीयता की भावना को भारत की सामूहिक सफलता की शक्ति भी करार दिया। कार्यक्रम के संयोजक विजयभान सिंह ने प्रारम्भ में महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव सिंह व संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अर्जुन सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन विजय बहादुर सिंह ने किया। समारोह में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, वीरेन्द्र सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, जय सिंह राजपूत, राजेश शुक्ला, तेजभान, प्रकाश सिंह, गौरव सिंह, दृगपाल यादव भी मौजूद रहे।

सच्ची मित्रता का प्रतीक है कृष्ण-सुदामा का मिलन : स्वामी योगेश्वराचार्य

प्रतापगढ़। नगर के पूरे स्वामी लालगंज में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं व श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता से जुड़ी कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास स्वामी योगेश्वराचार्य महराज ने कहा कि द्वारिका में कृष्ण सुदामा का मिलन सच्ची मित्रता का सर्वोच्च प्रतीक है। उन्होने कहा कि पत्नी के कहने पर पोटली में चावल लेकर बाल सखा से मिलने द्वारिका आये सुदामा के आने की जानकारी पर भगवान श्रीकृष्ण भावविहवल होकर नंगे पांव दौड़ पड़े। कथाव्यास ने बताया कि द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण ने निर्धन सखा को गले लगाकर आंसुओं से चरण धोकर प्रेम व समानता का संदेश दिया। कथाव्यास स्वामी योगेश्वराचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन मित्र के प्रति समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होने कहा कि दरिद्रता होने के बावजूद सुदामा ने परम सखा प्रभु श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा, फिर भी भगवान कृष्ण ने उन्हें सब कुछ दे दिया। मुख्य आयोजक पं0 रमाकांत मिश्र व द्रोपदी मिश्रा ने विधिविधान से व्यासपीठ का पूजन करते हुए कथाव्यास का सम्मान किया। संयोजक राजकुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत एवं मनीष कुमार मिश्र ने आभार जताया। अधिवक्ता राजेश तिवारी, महेश द्विवेदी, पंकज मिश्र, पप्पू तिवारी, ऋषि द्विवेदी, शिवम सिंहा, शिवाकांत द्विवेदी, सभासद पन्नेलाल पाल, अनुराग पाण्डेय, शशिप्रकाश मिश्र, आरडी यादव, संजय द्विवेदी, छोटेलाल सरोज, आशीष कुमार मिश्र, निखिल मिश्र, शिवशंकर मिश्र, अरूण मिश्र, उमाशंकर मिश्र, राजेश, सुशील, अमित, सुमित, विपिन, नीरज, दीपक, रामनायक, शनि, शिवांग, गंगेश्वर, विनायक मिश्र आदि मौजूद रहे।

चल रहा फर्जी अस्पताल और जांच केंद्र

- बिना लाइसेंस एक्स-रे और सीआर मशीन संचालित, स्वास्थ्य विभाग ने नहीं की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। मोहाना चौराहे पर संचालित एक अस्पताल और दो जांच केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई है। जिसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभागीय जांच में भी अनियमितताओं की पुष्टि हो चुकी है। मोगिस हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लिनिक का स्वास्थ्य विभाग में केवल 10 बेड का पंजीकरण है। इसके बावजूद अस्पताल दो अलग-अलग इमारतों में संचालित हो रहा था और पंजीकरण से कहीं अधिक बेड पर मरीजों का इलाज किया जा रहा था। पड़ताल में यह भी पाया गया कि अस्पताल परिसर में एक्स-रे और सीआर मशीनों से मरीजों की जांच की जा रही थी, जबकि इन मशीनों के संचालन से जुड़े लाइसेंस और अनुमति से संबंधित दस्तावेज मौके पर स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं थे।

इसके अगले दिन 27 फरवरी को प्रकाशित रिपोर्ट में सामने आया कि मोहाना चौराहे पर ही संचालित आदर्श पैथोलॉजी और आर्यन अल्ट्रासाउंड सेंटर का स्वास्थ्य विभाग में कोई वैध पंजीकरण नहीं है। इसके बावजूद यहां मरीजों की जांच और

अल्ट्रासाउंड खुलेआम किए जा रहे थे। इन खुलासों के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया। सदर नायब तहसीलदार अमित सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोगिस हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के दो इमारतों में संचालित होने और 10 से अधिक बेड लगाए जाने की पुष्टि हुई। साथ ही परिसर में एक्स-रे और सीआर मशीनें भी संचालित अवस्था में मिलीं। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। नोटिस में पूछा गया था कि जब अस्पताल का पंजीकरण केवल 10 बेड का है तो दो इमारतों में संचालन क्यों किया जा रहा है और एक्स-रे व सीआर मशीन के संचालन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं। हालांकि अब 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो अतिरिक्त भवन को सील किया गया है और न ही बिना स्पष्ट लाइसेंस के संचालित मशीनों पर कोई कार्रवाई हुई है। इसी तरह बिना पंजीकरण संचालित आदर्श पैथोलॉजी और आर्यन अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ भी किसी सख्त कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल और जांच केंद्र पहले की तरह ही खुलेआम संचालित हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब जांच में अनियमितताओं की पुष्टि हो चुकी है, तो कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर जांच की थी। अस्पताल में पंजीकरण से अधिक बेड तथा एक्स-रे और सीआर मशीन मिलने की पुष्टि हुई थी। अस्पताल संचालक से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

गैस सिलेंडर के लिए रात भर कतार

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज कस्बे में रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। 13 और 14 मार्च की रात सैकड़ों लोग एचपी गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे रहे और पूरी रात एजेंसी के बाहर ही बिताने को मजबूर हुए। खाली सिलेंडरों की लंबी कतारें देर रात तक लगी रहीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की धीमी गति इस स्थिति का मुख्य कारण है। कई उपभोक्ता शाम से ही खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच गए थे, ताकि सुबह तक उनकी बारी आ सके। सैकड़ों सिलेंडर कतार में लगे रहे और उपभोक्ता पूरी रात एजेंसी परिसर तथा आसपास बैठे रहे। उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन बुकिंग में भी कई समस्याओं की जानकारी दी। उनका कहना है गैस बुकिंग के लिए भेजा जाने वाला ओटीपी मोबाइल पर प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे बुकिंग पूरी नहीं हो पा रही है।

लोक अदालत का उददेश्य त्वरित न्याय को मजबूत बनाना है : अपर जिला जज

प्रतापगढ़। स्थानीय सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में शनिवार को लोक अदालत में एक सौ आठ वाद निस्तारित हुए। इनमे एक सौ छः आपराधिक वाद तथा दो सिविल वाद हैं। लोक अदालत का शुभारंभ अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने किया। वहीं लोक अदालत के आयोजन को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने दीवानी परिसर में पौधरोपण भी किया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करने तथा छोटे मोटे विवादों को समाप्त कराने में लोक अदालत की अहम भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी ने कहा कि न्याय का समान अवसर प्रदान करना ही लोक अदालत का उद्देश्य है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, विभूति शुक्ला, करूणाशंकर मिश्र, जान्हवी प्रताप सिंह, शहजाद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, कमलेश त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी कल आयेंगे श्रावस्ती

श्रावस्ती। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव तथा नीति आयोग के आकांक्षी जनपद रूपांतरण कार्यक्रम के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी धीरज साहू 15 मार्च को एक दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचेंगे। वह सायं 6 बजे जनपद पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 16 मार्च को प्रातः 9 बजे वह पीएम श्री विद्यालय स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सम्पूर्णता अभियान 2.0, आकांक्षात्मक जनपद एवं आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम तथा नीति आयोग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। दोपहर 2 बजे से समग्र शिक्षा, पीएम श्री तथा पीएम पोषण योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने दी है।

मिशन शक्ति फेज-05 से लगातार किया जा रहा जागरूक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। शक्ति मोबाइल टीम ने गांवों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक से सावधान रहने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों और महिला कल्याण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

सीएमओ ने सीएचसी इकौना का किया औचक निरीक्षण

श्रावस्ती। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने तथा मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रातः लगभग 11:35 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ओपीडी कक्ष, जनरल वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लेबर रूम तथा सीएमएसडी स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली और अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, उपकरणों तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

औचक निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अपने पटल पर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनसे तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं संक्रमणमुक्त वातावरण मिल सके। उन्होंने स्टोर और वार्डों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार सुबह 11:35 बजे तक ओपीडी में कुल 185 मरीजों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया, जबकि 20 मरीजों की एक्स-रे जांच भी की जा चुकी थी। इस दौरान सीएमओ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डॉ अवनीश तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

युवक का फंदे से लटका मिला शव

श्रावस्ती। जनपद के नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिश्रौलिया, पोस्ट भटपुरा कला में शुक्रवार की सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुमित चौरसिया पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है, जो गांव मिश्रौलिया का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की सूचना सुबह लगभग सात बजे मृतक के मामा मुरली चौरसिया निवासी पयागपुर को मिली। सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि सुमित का शव फंदे से उतारकर चारपाई पर रखा हुआ था। मामा मुरली चौरसिया ने बताया कि उन्होंने परिजनों को पहले ही समझाया था कि शव को फंदे से न उतारा जाए, ताकि पुलिस मौके पर पहुंचकर सही ढंग से जांच कर सके और घटना के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके। लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही परिजनों द्वारा शव को फंदे से उतार लिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

संक्षेप

ट्रेन से गिरकर दो युवकों की मौत

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर शनिवार को चलती मुरी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर दो रेलयात्री युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा भरथना स्टेशन के पास गणेश राइस मिल के सामने उस समय हुआ, जब दोनों युवक ट्रेन के जनरल कोच के दरवाजे पर खड़े थे और अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गए। डाउन लाइन पर चल रही मुरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे दो युवक दरवाजे पर खड़े थे। अचानक झटका लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया और दोनों रेलवे ट्रैक पर गिर पड़े। ट्रेन से कटने के कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। मृतकों में एक की पहचान सोहेल पुत्र रशीद खान (22 वर्ष) निवासी अमोली ठाकुरान, थाना रूरा, कानपुर देहात के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी। मृतक के भाई साहिल ने बताया सोहेल गुजरात के राजकोट में अमूल फैक्ट्री में काम करता था और ईद का त्यौहार मनाने के लिए घर लौट रहा था। वह टूण्डला से झींझक रेलवे स्टेशन जाने के लिए मुरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुआ था। भीड़ अधिक होने के कारण वह दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान ट्रेन में झटका लगने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के ममेरे भाई इमरान पुत्र पप्पू खान उर्फ हामिद खान निवासी ग्राम मंगूपुर, भरथना ने शव की शिनाख्त की।

महिला ने फांसी लगायी

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपियागंज में बीती शुक्रवार की रात्रि करीब सात बजे इंद्रेश कुमार के परिजनों में उस समय कोहराम मच गया, जब पति इंद्रेश की गैरमौजूदगी में उसकी 25 वर्षीय पत्नी एकता अपने दुधमुंहे 7 माह के अबोध बेटे निष्कर्ष को बिलखता छोड़ घर का कमरा अन्दर से बन्दकर फांसी के फंदे पर झूल गई। घटना की जानकारी तब हो सकी, जब आसपास के बच्चों ने 7 माह के अबोध बेटे निष्कर्ष को रोता बिलखता देख कमरे में झांक कर देखा, जिनकी सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया, घटना के दौरान मृतका एकता का पति इंद्रेश भरथना बाजार में घरेलू सामान खरीदने निकला हुआ था।

चार साल बाद भी 'हर घर नल जल' योजना बेपटरी

टंकी बनी शोपीस, प्यासे ग्रामीण

दीपक तिवारी/गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गडही और रकहट सहित गगहा ब्लाक के कई गांवों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई ह्यहर घर नलह्ण योजना चार वर्ष बाद भी पूरी तरह पटरी पर नहीं आ सकी है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी की टंकियां और बिछाई गई पाइपलाइन आज भी बेकार पड़ी हैं, जबकि ग्रामीण आज भी हैंडपंप और अन्य स्रोतों के सहारे अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं।

ग्राम पंचायत गडही और रकहट में जल जीवन अमृत योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया और घर-घर नल कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन बिछाकर टोंटियां भी लगाई गईं। उस समय दावा किया गया था कि अब ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी।

स्थिति यह है कि गांव में खड़ी पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन और टोंटियां टूटने और उखड़ने लगी हैं। रकहट और गडही में चार वर्ष पहले लगाए गए नल अब जर्जर होने लगे हैं, लेकिन उनमें आज तक पानी की एक बूंद भी नहीं आई। सिर्फ यही नहीं, गगहा ब्लाक के डिहुलपार, अतायर, गडही, रकहट, नवाचक, परासी, गरयाकोल, मिश्रौली, सहुआकोल, हटवा, असवनपार और नर्रे सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में भी जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है। वहीं कुसमौरा के सेनुआपार टोला और टिकरी में कई घरों तक अब तक टोंटी तक नहीं लगाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब योजना शुरू हुई थी तो लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब उन्हें शुद्ध पेयजल आसानी से मिल सकेगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकार की यह अति महत्वाकांक्षी योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो सरकारी धन की बबार्दी के साथ ही ग्रामीणों की उम्मीदें भी दम तोड़ देंगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराते हुए जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू कराई जाए, ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके और योजना का वास्तविक लाभ उन्हें प्राप्त हो सके ।इस सम्बन्ध में अवर अभियंता संजय यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र में गरयाकोल की सप्लाई शुरू नहीं हो पायी है लेकिन बहुत जल्द शुरू हो जाएगा।

ट्रक ने स्कूटी सवार शिक्षिका को कुचला, मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के निबिहा ओवरब्रिज के पास एक ट्रक ने स्कूटी सवार शिक्षिका को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी चला रही उसकी बड़ी बहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल को ईलाज के लिए गोरखपुर भेज दिया। घटना के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी के टोला रामनगर निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा की पुत्री श्रेया उर्फ निक्कू (20) वर्ष व रश्मि उर्फ खुशी (22) वर्ष शनिवार की सुबह स्कूटी से विद्यालय जा रही थी। सुबह लगभग सवा आठ बजे अभी वह निबिहा रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मारते हुए स्कूटी सवार 20 वर्षीय श्रेया उर्फ निक्कू विश्वकर्मा को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। तथा स्कूटी पर सवार बड़ी बहन 22 वर्षीय रश्मि उर्फ खुशी विश्वकर्मा भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा गंभीर रूप से घायल रश्मि को ईलाज के लिए गोरखपुर भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक श्रेया व बड़ी रश्मि स्नातक में अध्ययन करने के साथ ही एक स्थानीय विद्यालय में अध्यापन करती थी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कुछ देर तक सड़क जाम कर हंगामा भी किया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

दबंगों ने रोकी छत की ढलाई, प्रशासन मौन

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के वर ईपार निवासी लक्ष्मी पासवान की पूरी दिवाल तैयार है छत की शटरिंग हो चुकी है शनिवार को छत की ढलाई हो रही थी आधे छत की ढलाई हो चुकी थी तभी गांव के दुसरे समुदाय के लोग जबरन छत पर चढ़ गये और छत का काम बन्द कराने का दबाव बनाने लगे तभी कुछ महिलाएं भी आ गयी और उसी में एक युवक मिक्सर मशीन को बन्द कर दिया पीड़ित ने इसकी सुचना 112 नं व गगहा पुलिस को दी मौके पर पहुंची 112 नं पुलिस भी जबरन काम रोकने वालों को समझा नहीं सकी जिससे छत ढलाई का काम ठप हो गया पीड़ित ने बताया न्याय के लिए थाने और तहसील का चक्कर लगाया लेकिन न्याय नहीं मिला अब जिले के उच्चाधिकारियों व ुख्यमंत्री जी से मिलकर न्याय की गुहार लगाउंगा।

सिलेंडर की किल्लत से सपा समर्थकों ने प्रदर्शन किया

इटावा। सैफई में गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य एव प्रदेश सचिव छात्रसभा विजय यादव एव समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक ने सपा नेताओं एवं नेत्रियों के साथ सैफई मे प्रदर्शन किया और चूल्हा जलाकर बनाई रोटी ! सैफई में जिला अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा रवी यादव विधायक ने कहा कि बढ़ती महंगाई और घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम जनता बहुत परेशान है इस भाजपा शासन में, जब से भाजपा सत्ता में आई है जनता को परेशान कर रही है कभी नोटबंदी के समय जनता को लाइन में लगा देती है, तो कभी कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए जनता को लाइन में लगा देती है, कभी एसआईआर के कागजों को ढूंढने के लिए लाइन में लगा देती है और अब तो हद ही हो गई जनता को घरेलू गैस सिलेंडर भरवाने के लिए भी लाइनों में लगवा दिया है यह भाजपा सरकार सिर्फ जनता को लाइन में ही लगता हुआ देखना चाहती है, इस भाजपा सरकार से अब कोई उम्मीद नहीं इस भाजपा सरकार की जल्द से जल्द विदाई करनी होगी और देश को सुरक्षित करना होगा, जब तक भाजपा रहेगी देश असुरक्षित रहेगा भाजपा की विदाई ही एकमात्र रास्ता है देश की भलाई और देश को सुरक्षित करने के लिए। अनीता यादव सपा नेत्री, पुनीत पाल, पंकज यादव, उपेंद्र कुमार अन्नू, अजय यादव, पुष्पेन्द्र यादव, के.के यादव, लालू यादव, पंकज कुमार, उम्मेद कुमार, सीताराम, एव सैकड़ो की संख्या में साथी मौजूद रहे।

सड़क के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सूनसान सड़क किनारे 38 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। रात्रि गश्त कर रही पुलिस की नजर सड़क पर पड़े व्यक्ति पर पड़ी, तो तत्काल एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे ऊमरसेंडा नहर से 500 मीटर आगे ऊसराहार रोड पर सड़क किनारे संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति पड़ा मिला। गश्त कर रही पुलिस को जब सड़क पर व्यक्ति दिखाई दिया, तो तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर उसे सीएचसी भरथना भेजा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंचे दरोगा इद्दू हसन ने बताया कि मृतक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से देशी शराब का एक क्वार्टर बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो सकती है, क्योंकि शव के पास सड़क पर टायरों के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है और मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

डीएम ने अधिकारी, कर्मचारियों संग बैठक की

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और अनावश्यक रूप से लंबित फाइलों को तत्काल प्रस्तुत किया जाए साथ ही उन्होंने राजस्व परिषद, कानपुर मंडल कानपुर तथा अन्य न्यायालयों से प्राप्त मांग पत्रों के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। राजस्व अभिलेखागार में लंबित राजस्व वादों, निर्गत, दाखिल की गई प्रपत्रावलियों तथा पेट्रोल पंपों की एनओसी से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में ठेकेदारों के चरित्र प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के लंबित प्रकरण, चरित्र सत्यापन एवं सेवायोजन से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई।

किसान ने आलू को खेत में जोत डाला

ऊसराहार, इटावा। आलू के भाव की बेरूखी से नाराज किसान ने खेत मे खडी साढे पांच बीघा आलू की फसल को खेत मे ही जोत डाला। भाव और मौसम की मार के चलते लागत न निकलने के कारण किसान ने आलू को खेत मे ही जोत डाला। ताखा तहसील के भरतपुर खुर्द गांव मे रहने वाले किसान बाजी लाल कमल के पुत्र राजेश कमल ने शनिवार को अपने साढे पांच बीघा खेत मे खडी आलू की फसल को ट्रेक्टर चलवाकर जोत डाला। किसान राजेश ने बताया उसके साढे पांच बीघा खेत मे मौसम की मार के चलते उपज काफी कम हो रही थी। 3797 आलू बोया था कम से कम तीन सौ पैकेट आलू निकलना चाहिए था लेकिन मौसम की मार से उपज कम हो गई। ऊपर से आलू का भाव भी बहुत कम चल रहा है। सफेद आलू खेत मे दो सौ रूपए से ढाई सौ रूपए पैकेट के बीच मे विक रहा है आलू को खोदने मे मजदूरी की लागत काफी आ रही है। ऊपर से एक कुंतल आलू रखने के लिए पचास रूपए का बारदाना लगाना पड रहा है ऐसे मे दो सौ रूपए पैकेट मे आलू बेचने मे कोई फायदा नही था इसलिए आलू को खेत मे ही ट्रेक्टर के हायरो से जुतवा दिया है। राजेश ने खेत मे पानी भी लगवा दिया है जिसके बाद खेत मे पडे आलू तैरते नजर आ रहे थे। राजेश के मुताबिक उसके खेत मे आलू की कम उपज खराब मौसम के कारण हो गई थी जंहा एक बीघा खेत मे पचास पैकेट तक आलू निकल जाते हैं वही उनके इस खेत उतनी उपज निकलने की उम्मीद कम थी। भाव सस्ता होने के कारण मजदूरो से आलू खुदवाने मे लागत भी नही निकल रही थी इसीलिए खेत मे ही आलू छोड दिया है कम से कम कूडे का काम तो खेत मे करेगा। खेत मे पानी भी लगवा दिया है क्योकि दूसरी फसल मक्का की उसमे करेगा जिससे परिवार का पालन पोषण कर सके।

देवर्षि नारद के चार श्लोकों से हुई थी श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना

गगहा/मंझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र में आयोजित सहस्त्र शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत शनिवार को भागवत कथा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अनुपम माहौल देखने को मिला। कथा के प्रारंभ में विधि-विधान से मंगलाचरण किया गया, जिसके बाद कथा वाचक राम मोहन तिवारी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की उत्पत्ति, महत्व और उसके आध्यात्मिक संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला ।कथा वाचक ने बताया कि महर्षि वेदव्यास जी ने वेदों, पुराणों और महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना करने के बावजूद अपने मन में एक प्रकार की असंतुष्टि महसूस की। उसी समय देवर्षि नारद उनके समक्ष प्रकट हुए और उन्हें चार मूल श्लोकों के माध्यम से भागवत का दिव्य ज्ञान प्रदान किया। उन्हीं चार श्लोकों के आधार पर महर्षि वेदव्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की, जो आज भी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अमूल्य स्त्रोत है।

कथा के दौरान राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप का प्रसंग भी विस्तार से सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके साथ ही माता कुंती के आदर्श चरित्र, उनकी अटूट भक्ति और भगवान के प्रति समर्पण का मार्मिक वर्णन किया गया है भागवत कथा सनातन धर्म की अमूल्य धरोहर है। इसे श्रद्धा और भक्ति भाव से बांचा जाता है, इसे कभी बेचा नहीं जाता। उनके इस कथन पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों के साथ समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर योग शिक्षक शैलेश दुबे, भारतेश द्विवेदी, सुनील शास्त्री, ऋषिकेश द्विवेदी, अनिल मिश्रा, विनोद वर्मा, राकेंद्र द्विवेदी, शैलेंद्र दुबे, संजय मिश्रा, विवेक दुबे, गोपाल दुबे, दिनेश दुबे, आत्माराम द्विवेदी, रामदयाल गुप्ता, अश्वनी मिश्रा, तत्कर्ष सिंह ,रमेश यादव, प्रमोद पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मूसेपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 14.03.2026

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 19.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	रामपाल के घर से कम्पोजिट विद्यालय चकमूसेपुर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।	21.63 घन मी.	8285 नग	43.27 घन मी.	20348 नग	132 बैग	5.69 घन मी.

नियम शर्ते

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में 15.03.2026 से 19.03.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 15.03.2026 से दिनांक 19.03.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मूसेपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 19.03.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

मुन्ना लाल, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत मूसेपुर, विकास खण्ड धौरहरा

उदय प्रताप सिंह, ग्रा.वि.अधिकारी, ग्राम पंचायत मूसेपुर, विकास खण्ड धौरहरा

कार्यालय ग्राम पंचायत जुगनूपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 14.03.2026

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 19.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	गिरधारीपुरवा डामर रोड से किशोरी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	24.22 घन मी.	21330 नग	48.45 घन मी.	11440 नग	86 बैग	17.88 घन मी.

नियम शर्ते

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में 15.03.2026 से 19.03.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 15.03.2026 से दिनांक 19.03.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत जुगनूपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 19.03.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

शहाबुद्दीन, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जुगनूपुर, विकास खण्ड धौरहरा

निधी देवी, ग्रा.वि.अधिकारी, ग्राम पंचायत जुगनूपुर, विकास खण्ड धौरहरा

इफ्तार पार्टी में पहुंचे शिवपाल यादव योगी सरकार पर साधा निशाना

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के मोहल्ला लुधपुरा में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में सपा के वरिष्ठ नेता एवं स्थानीय विधायक शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की किल्लत, किसानों की समस्या और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही भारी बिजली कटौती को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की ।इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद अमजद, अजमल और अकरम द्वारा किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। हुए इस दौरान पत्रकारो से बात करते हुए विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार यह दावा कर रही है कि एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है, जबकि हकीकत यह है कि गैस एजेंसियों पर महिलाएं और पुरुष खाली सिलेंडर लेकर लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। लोग धूप में भूखे-प्यासे घंटों लाइन में लगने को मजबूर हैं, फिर भी समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है ।उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे से अधिक की बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की फसल और आम लोगों का दैनिक जीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। किसानों की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसान को उसकी मेहनत के अनुरूप आलू का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। करीब 100 रुपये पेकिट के हिसाब से आलू बिक रहा है, जिससे किसान पूरी तरह तबाह हो रहा है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि सरकार जनता से झूठ बोल रही है और महंगाई लगातार चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी झूठी सरकार को जनता को उखाड़ फेंकना चाहिए। उनका कहना था कि सरकार का पूरा तंत्र झूठ और दिखावे के सहारे चल रहा है, जबकि आम जनता रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशान है। इफ्तार कार्यक्रम के दौरान विधायक ने रोजेदारों के साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना प्रेम, शांति और सद्भाव का प्रतीक है और समाज में भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डॉ. बृजेश चंद्र यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, अनुज मोंटी यादव, सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, अनिल प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि हाजी मो. शमी, राशिद सिद्दीकी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

चौरीचौरा, गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र स्थित अखिलभाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार में सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली रानापार और विशुनपुरा गांव से होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं ‘पहले मतदान, फिर जलपान’ का नारा लगा रहे थे ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने एक वोट के महत्व को समझने और समय पर मतदान स्थल पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी योगेंद्र कुमार, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. माधव प्रसाद पांडेय, विवेक कुमार गुप्ता, डॉ. अंजू मिश्रा, डॉ. रूपा सिंह, डॉ. रीता रानी, अपूर्वा साहनी, नीतू सिंह सहित अन्य शिक्षक सहित तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पशुधन उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण का समापन

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौधोगिक विवि मेरठ के पशुचिकित्सा महाविधालय के अंतर्गत संचालित उधमिता विकास हेतु पशुधन उत्पादन विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय के 31 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्पूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त द्वारा की गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय नें सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको अपना व्यवसाय शुरू करने करने के लिए प्रोत्साहित किया। रजिस्ट्रार डॉ. रामजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सराहना की एवं उनको अच्छी नस्ल के पशुओं को पालने पर जोर दिया। कोर्स निदेशक डॉ. देवाशीष रॉय एवं कोर्स समन्वयक डॉ. अरविंद सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को पशुधन उत्पादन से संबंधित सभी विषयों पर एक पुस्तक व मैन्युअल तैयार कर प्रशिक्षणार्थियों को वितरित कीए जिससे उनको भविष्य में अपना व्यवसाय करने में उपयोगी सावित हो सके। निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान पढाये गए विषयों को अमल में लाने व व्यवसाय से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए चर्चा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. कमल खिलाडीए डॉ. डीके सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमारए डॉ. विवेक धामाए डॉ. विजय सिंहए डॉ. वीपी सिंह, डॉ. देवाशीष रॉयए डॉ. अरविंद सिंह ने प्रतिभाग किया।

पंचायती राज ग्रामीण कर्मचारी संघ के चुनाव को हुआ नामांकन

- अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष तथा महामंत्री पद के लिए दो-दो उम्मीदवार है मैदान में।
- ब्लॉक संगठन मंत्री पद हेतु बाबूलाल हुए निर्विरोध, -ब्लाक संप्रेक्षक पद हेतु किसी ने नही की दावेदारी

मझगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण कर्मचारी संघ के द्विवर्षीय चुनाव हेतु शनिवार के दिन गगहा ब्लॉक पर सफाई कर्मचारियों ने नामांकन किया। नामांकन प्रक्रिया में ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रकाश मैदान में है ।जबकि कोषाध्यक्ष पद पर इशहाग अंसारी एवं विनय कुमार के बीच टक्कर है ।इसी तरह महामंत्री पद हेतु भी दो उम्मीदवार पूर्व महामंत्री अजय कुमार एवं पवन कुमार जायसवाल के बीच कांटे की लड़ाई है ।ब्लॉक संगठन मंत्री पद पर बाबूलाल को निर्विरोध घोषित कर दिया गया ।वहीं ब्लॉक संप्रेक्षक पद पर किसी ने नामांकन नही किया ।अब आगामी 18 मार्च को होने वाले चुनाव में देखना होगा कि किसके सर पर अध्यक्ष पद तथा महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद का ताज सजता है ।वैसे जो भी जीते लेकिन जीत कर्मचारी संघ की होगी ।जिनका ध्येय सिर्फ और सिर्फ कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना होगा ।जिससे लोगो की भलाई हो सके ।संघ के नामांकन के दौरान वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रकाश,विनय कुमार,इशहाग अंसारी,पवन जायसवाल, अजय कुमार,बाबूलाल, राजेश, जयप्रकाश, श्यामसुंदर, रविन्द्र प्रसाद, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, सुनील यादव,दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पप्पू,संतोष कुमार,हरेंद्र कुमार,सुरेंद्र कुमार,राजू कुमार, राममोहन,रंजीत कुमार रीता,ममता,पुष्पा सिंह, विजय लक्ष्मी, निर्मला, सरिता व सीमा आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	00252026 दिनांक 13.03.2026
2	निविदा संख्या	23-Sr.DEN-II-LKO/2025-26
3	कार्य का नाम	Sr. ADEN/RBL के अंतर्गत JNH-ZBD खंड में KJTW, SPPR, WRGN, VNN, KTWR, JUA Halt स्टेशन पर सेवा भवनों, पीएफ सतह, शौचालय, जल आपूर्ति और एलसी गुमटी, सड़क सतह, बाड़ की मरम्मत एवं गौरीगंज स्टेशन खंड में T.S.S GNG नई नाली का प्रावधान।
4	अनुमानित लागत	रु. 1,01,99,100.53
5	धरोहर राशि	रु. 2,01,000.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	23.03.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	06.04.2026 को 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

869/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

कमर्शियल सिलेंडर न मिलने पर घरेलू सिलेंडर का बिगड़ा रूटीन

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में इस्लामिक देश और अमेरिका के बीच लड़ाई में खराब हुए रिश्ते के चलते पेट्रोलियम उत्पादों में एलपीजी गैस उपलब्धता के साथ कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप्प होने पर घरेलू रसोई में लकड़ी का सहारा लिया जाने लगा है। इंडियन गैस एजेंसी के प्रबंधक आलोक कुमार और एचपी के प्रबंधक सौरव गुप्ता ने बताया लड़ाई से आपूर्ति में अंतर आया है जिसके चलते कुछ हद तक व्यवस्था लड़खड़ा गई है। कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था बंद हो गई है जिसके चलते घरेलू सिलेंडर मिलने को लेकर अफरा तफरी मची है। नियम अनुसार पहले 80% बुकिंग के जरिए सिलेंडर दिए जाते थे अब उन्हें 95% का रोस्टर जारी किया गया है वही सीधे उपभोक्ता को पहले 20% की जगह 5% लोगों को पासबुक देने के साथ सिलेंडर व्यवस्था लागू की गई है। ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर न लगे होने के चलते बुकिंग करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

होली मिलन समारोह आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कैंप कार्यालय गौशाला, मिल रोड पर सायं चार बजे से शुरू होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नगरवासियों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। समारोह में भाजपा के नवागत जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी भाग लेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नगर के सभी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता करने की अपील की है।

परीक्षा देने गयी छात्रा प्रेमी के साथ फरार, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हाईस्कूल की परीक्षा देने गई एक छात्रा के प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 10 मार्च को छात्रा शहर के एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गई थी। आरोप है कि वहीं से विशाल पुत्र सोनू निवासी ग्राम महमदपुर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों का आरोप है कि इस पूरे मामले में युवक की मां की भी भूमिका है। जब उन्होंने आरोपी पक्ष से इस संबंध में जानकारी करनी चाही तो उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और धमकी भी दी गई। घटना के बाद से छात्रा के परिजन परेशान हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और छात्रा की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा
- प्रथम सत्र में 3002, द्वितीय सत्र में 3152 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा शनिवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 9600 में से 6154 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3446 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीजीआईसी, आर्यकन्या महाविद्यालय, आर्यकन्या इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4800 के सापेक्ष पहली पाली में 3002 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1798 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3152 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1648 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 15 मार्च को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

इंस्पायर अवार्ड के लिए दो छात्राओं का चयन, बढ़ाया विद्यालय का मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज की दो छात्राओं का चयन इंस्पायर अवार्ड 2025-26 के लिए हुआ है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ-साथ नगर में भी खुशी का माहौल है।

विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा परिधि गुप्ता और कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा नवजोत कौर ने इस योजना में चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इंस्पायर अवार्ड भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनमें नवाचार की भावना विकसित करना है। इस योजना के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को उनके बैंक खाते में 10 हजार रुपये की एकमुश्त धनराशि प्रदान की जाती है। यह धनराशि छात्र-छात्राओं को विज्ञान आधारित मॉडल तैयार करने और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की सफलताएं अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक रिसॉर्ट में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के तत्वाधान में चार दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष

अरविंद गुप्ता मौजूद रहे संचालन मनोज वर्मा ने किया है। आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और आयोजक ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया है निर्वाचित जिला अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया शनिवार और रविवार के कार्यक्रम मे विधानसभा क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र के संयोजक, मंडल अध्यक्ष बहादुर नगर, नगर क्षेत्र के मनोज गुप्ता राजापुर बैनी के कमलेश वर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सिंह राणा समेत प्रमुख कार्यकताओं की मौजूदगी में मुख्य अतिथि ने भाजपा की पृष्ठभूमि से उसके सफर का खाखा खींचते हुए संघर्षों के दिनों की याद दिलाई है। विधायक ने कार्यकताओं के समक्ष अपने कार्यों की याद दिलाते हुए जनता का सेवक बताया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में पांच मार्च की सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम धौरहरा मजरा खम्भार खेड़ा निवासी रामपाल यादव की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उनका भाई महेन्द्र पाल यादव पांच मार्च की सुबह करीब साढ़े छह बजे मोटरसाइकिल से अपनी पुत्री के लिए लड़का देखने गोला जा रहा था। जब वह रजागंज के आगे शहाबुद्दीनपुर लिंक मार्ग के पास पहुंचा और शहाबुद्दीनपुर की ओर मुड़ने के लिए रुका, तभी पीछे से आ रही कार संख्या एचआर 26 जीए 6549 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महेन्द्र पाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सीएचसी फरधान ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया।

कायस्थ सभा का होली मिलन आज

लखीमपुर खीरी। कायस्थ सभा का होली मिलन समारोह 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह का मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता को बनाया गया है। गाया है। समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 मार्च की शाम 4:00 बजे स्थानीय चित्रगुप्त धर्मशाला गढ़ी रोड लखीमपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अनूप सिंह ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में होली मिलन में पहुंचने की अपील की है।

यूथ नेशनल में छत्तीसगढ़ से चमक बिखेरेंगे जिले के वॉलीबॉल खिलाड़ी शाहिद

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी शाहिद का चयन उड़ीसा के भुवनेश्वर के कीट यूनिवर्सिटी में 15 से 20 मार्च के मध्य आयोजित होने वाली यूथ नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ। इनका चयन पूर्व में साई हॉस्टल छत्तीसगढ़ में 2022 में हुआ, पूर्व में इन्होंने चार नेशनल खेलों में अपना दम दिखाया। इस बार इनका चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ, जोकि उड़ीसा में आयोजित यूथ नेशनल में प्रतिभाग करेंगे। जिले के भुलकी ग्राम निवासी शाहिद के पिता अनवर अली वॉलीबॉल खिलाड़ी रहे है और पेशे से किसान हैं, उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। शाहिद के चयन पर वॉलीबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, संघ के जिला सचिव एसएन सिंह, उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, रविन्द्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रमेंद्र सिंह राणा, दिनेश तिवारी, नाना मुनेंद्र मिश्र, अजय सिंह, फौजी सर्वेश सिंह, साधू रणधीर सिंह, कोच प्रदीप यादव, सैयद नूर अली, जेपी तिवारी, रामजीत सहित अन्य पदाधिकारी प्रशिक्षक व खिलाड़ियों ने बधाई दी।

जिला जज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

लखीमपुर खीरी। न्याय को त्वरित और सुलभ बनाने की दिशा में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत

- मोटर दुर्घटना मामलों में पीड़ितों को मिला करीब 7 करोड़ मुआवजा, बैंकों में 10.45 करोड़ के समझौते

में जनपद ने निस्तारण का नया रिकॉर्ड बना दिया।

जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में लगी इस लोक अदालत में एक ही दिन में 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण कर न्याय की राह आसान कर दी गई। जिले के विभिन्न न्यायालयों में चले विशेष सत्र के दौरान 8146 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) में 126 मामलों में पीड़ितों को 6 करोड़ 92 लाख 638 रुपये का मुआवजा दिलाया गया, जिससे कई परिवारों को बड़ी राहत मिली। परिवार न्यायालय में भी समझौते की सकारात्मक तस्वीर देखने को मिली। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने 126 पारिवारिक वादों का निस्तारण कर टूटते रिश्तों को सुलह की डोर से जोड़ने का प्रयास किया। लोक अदालत में बैंकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। 1339 बैंक मामलों में 10 करोड़ 45 लाख रुपये की समझौता राशि जमा कराकर वादों का निपटारा कराया गया। सबसे अधिक निस्तारण राजस्व न्यायालयों में हुआ, जहां 71,847 वादों का समाधान कर रिकॉर्ड संख्या में मामलों को समाप्त किया गया।

दुधवा में छोटी जंगली बिल्लियों के संरक्षण पर चर्चा

पलिया कलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व में लघु वन्य बिल्लियों के संरक्षण विषय पर तृतीय ट्रांसबाउंडरी बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत, नेपाल और भूटान के वन अधिकारी, वैज्ञानिक, संरक्षण विशेषज्ञ और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य सीमापार परिदृश्यों में पाई जाने वाली छोटी जंगली बिल्लियों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सहयोग, अनुभव साझा करना और संयुक्त रणनीति विकसित करना था।

दो दिवसीय इस बैठक में छोटे मांसाहारी जीवों, विशेष रूप से लघु वन्य बिल्लियों की प्रजातीय विविधता, आवास संरक्षण, निगरानी प्रणाली तथा संरक्षण चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह प्रजातियाँ पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं क्योंकि ये छोटे स्तनधारियों और कृन्तकों की आबादी को नियंत्रित कर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होती हैं। बैठक के दौरान डब्लू बल्लू एफ इंडिया तथा परियोजना सहयोगियों द्वारा तैयार दुधवा परिदृश्य की लघु वन्य बिल्लियों की पहचान पुस्तिका आइडेंटिफिकेशन मैन्युअल का भी विमोचन एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। यह पुस्तिका वन कर्मियों, शोधकताओं और संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण फील्ड गाइड के रूप में कार्य करेगी, जिससे इन प्रजातियों की पहचान, दस्तावेजीकरण और निगरानी को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। इस बैठक में उत्तर प्रदेश वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभिन्न संरक्षण संगठनों के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अनुराधा वेमुरी प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी ?ग्लोबल टाइगर फोरमक के महासचिव राजेश गपाल तथा उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट कॉरपोरेशन के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक संजय पाठक सहित अनेक विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों और दुधवा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं वनकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

महाकुंभ सेवा मेडल से 15 होमगार्ड जवान सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 की सुरक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट अपनी ड्यूटी निभाते हुए व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। सम्मानित होने वाले जवानों

योगदान देने वाले होमगार्ड कम्पनी कुंभी के 15 जवानों को महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। शनिवार को हैदराबाद थाना परिसर में आयोजित समारोह में नायब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह और थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने जवानों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

अधिकारियों ने कहा कि महाकुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी होती है। होमगार्ड जवानों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ में पीसी वीरेंद्र पाल सिंह, होमगार्ड देवतादीन, रामकृष्ण पाठक, विजय कुमार, जमुना प्रसाद, सोनू लाल, कपिल कुमार, प्रेमचंद, कमलेश कुमार, हर्षित शुक्ला, ज्ञानेश चंद, सुनील कुमार, राजकुमार, सतीश कुमार और मायाराम शामिल हैं। सम्मान मिलने पर जवानों ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित करेगा। समारोह के दौरान पुलिसकर्मी और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

खंडित मूर्तियों का विधि-विधान से पूजन के बाद विसर्जन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी कॉरिडोर स्थित मंदिर परिसर में शनिवार को पार्वती मंदिर, काल भैरव मंदिर और विष्णु मंदिर की खंडित मूर्तियों को विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद हटाया गया। इसके बाद मूर्तियों को विसर्जन के लिए फरुर्खाबाद स्थित गंगा नदी के लिए रवाना किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थापित कुछ मूर्तियां खंडित हो गई थीं। धार्मिक परंपराओं के अनुसार खंडित मूर्तियों को सम्मानपूर्वक विधि-विधान से पूजन कर विसर्जित किया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को पूजा-अर्चना के बाद मूर्तियों को गंगा में विसर्जन के लिए भेजा गया। पूजन कार्यक्रम पंडित रामदेव शास्त्री के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान पुजारी दिनेश चंद्र मिश्रा और उनके पुत्र रचित मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। इस मौके पर मंदिर समिति के जनार्दन गिरि, नर्सिंह भारती, रविंद्र गिरि, कृपाल गिरि, महेंद्र गिरि, राकेश गिरि सहित सेवादार पवन सक्सेना और अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्थायी संबद्धता नहीं लेने पर रोका जायेगा प्रवेश

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने स्ववित्तपोषित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत, यदि संबद्ध महाविद्यालय निर्धारित समय में स्थायी संबद्धता प्राप्त नहीं करते हैं, तो शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इन पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने संबंधित महाविद्यालयों को एक वर्ष की अस्थायी संबद्धता प्रदान की है। यह संबद्धता 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक के लिए मान्य होगी। इस अवधि में महाविद्यालयों को सभी आवश्यक मानकों और शर्तों को पूरा करना होगा। महाविद्यालयों को स्थायी संबद्धता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कुलसचिव केश लाल द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में आवेदन न करने पर 2026-27 सत्र से प्रथम वर्ष के छात्रों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा है कि ऐसे किसी भी निर्णय की पूरी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्रशासन की होगी। यह आदेश हिंदी, भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान और शिक्षाशास्त्र जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर लागू होगा।

यूपी एजुकेशन मिनिस्टीरियल आफिसर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

रायबरेली यूपी एजुकेशन मिनिस्टीरियल आफिसर्स एसोसिएशन शाखा रायबरेली की बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। जनपदीय कोर कमेटी की बैठक में अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार ने कहा कि कमेटी चुनाव के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं नवीन कार्यकारिणी का गठन होना है जिसको लेकर कमेटी निर्णय के अनुसार चुनाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं मंत्री सुशील कुमार सिंह ने सहमति जताते हुए उपस्थित कार्मिकों को होली की बधाई दी और कहा कि अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में ही नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाना समीचीन होगा जिस पर समर्थन करते हुए जितेंद्र कुमार सिंह राकेश तिवारी आदि वरिष्ठ जनों ने सहमति जताई। राजेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी का गठन कर्मचारियों के हित में है, समिति का गठन किया जाना चाहिए। चुनाव की जिम्मेदारी कमेटी द्वारा प्रधान सहायक राकेश कुमार तिवारी धर्मेंद्र सिंह जयेन्दु मिश्र को सौंपी गई है। बैठक में यादवेन्द्र प्रताप सिंह, असद खान, अनिल कुमार मिश्र, सुशील सिंह, रेनू भारती, नोडल संस्कृत हरीशानंद मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता श्याम सुंदर सिंह राठौर तथा संचालन जितेंद्र कुमार सिंह ने किया।

रामकथा सुनने से मन में पवित्रता और सकारात्मकता की होती है अनुभूति

सलोन रायबरेली। कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के प्रथम दिन चित्रकूट से पधारी मानस मंदाकिनी निहारिका जी ने कहा कि राम के आदर्श और उनका आचरण केवल किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि राम के चरित्र का अनुसरण कर विश्व में एक आदर्श समाज की स्थापना की जा सकती है। कार्यक्रम में उन्होंने रामचरितमानस की कथा का रसपान कराते हुए भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामकथा सुनने से मन में पवित्रता और सकारात्मकता की अनुभूति होती है। कथा वाचक सिद्ध सदन रिछारिया ने रामचरितमानस की महिमा का वर्णन करते हुए इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्रंथ मानव जीवन में सदाचार का दर्पण है। मानस वक्ता देवेंद्र जी रामायणी ने बताया कि शिव, राम के सबसे बड़े भक्त हैं और स्वयं राम भी शिव को अत्यंत पूज्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में त्याग, समर्पण और आपसी विश्वास की भावना कौशल्या, सुमित्रा, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, उर्मिला तथा दशरथ के पूरे परिवार में देखने को मिलती है। वहीं हनुमान भक्ति के आदर्श स्वरूप हैं।

एनएसएस शिविर में पौधरोपण, महिलाओं को गृहवाटिका के लिए किया प्रेरित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-6 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और ग्रामीण महिलाओं को गृहवाटिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई से की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने पीपल, आम, लीची, अमरूद, नींबू, बरगद और आंवला के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और ये हमें शुद्ध वायु, छाया तथा पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव की महिलाओं को गृहवाटिका यानी किचन गार्डन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर पर ही पालक, धनिया, मिर्च, बैंगन जैसी ताजी सब्जियां उगाकर परिवार को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे बाजार से सब्जियां खरीदने का खर्च भी कम होता है।

स्वयंसेवकों ने महिलाओं को गृहवाटिका तैयार करने की विधि, पौधों की देखभाल, जैविक खाद के उपयोग और सिंचाई के तरीकों की भी जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को कद्दू, खीरा, लौकी, तोरई, ककड़ी और भिंडी के बीज भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीना गिरी, पूनम सिंह, नीलम देवी, एनएसएस अधिकारी एवं अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

संगोष्ठी में शिक्षकों का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बिजुआ क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों और प्रधानाध्यापकों के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमन गिरि ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक ने अध्यापक-अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें और आगे बढ़कर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चैधरी ने भी शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस मौके पर ब्लॉक बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश दीक्षित, गुरु के.के. शुक्ला, अनिल दीक्षित, प्रधान कलेक्टर राज, प्रधान आशीष तिवारी, पूर्व प्रधान सुशील पांडे, प्रधान नेपाली राज सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

टैंकर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में मोहम्मदी पसगवां मार्ग झिंगुरी पुरवा पूर्व चौराहे के पास बाइक चालक को शीरा टैंकर के चालक ने टक्कर मार कर कुचल दिया जिसे पसगवां सी एच सी पर भर्ती कराया गया डॉक्टर अश्वनी वर्मा ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया पुलिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी अनुसार शनिवार 2 बजे करीब सुनसुना माने पारा निवासी सुरेंद्र कुमार 45 वर्षीय अपनी बाइक से घर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे शीरा टैंकर चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिस एंबुलेंस से लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया है। टैंकर चालक मौका पाकर वाहन छोड़कर भाग निकला मृतक अपने पीछे पत्नी मीना देवी, पुत्र संजीत कुमार, रंजीत, राम लखन और पुत्री रीना और टीना को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को हिरासत में लेकर आरोपी की तलाश कर रही है।

संक्षेप

वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत

जौनपुर। प्रयागराज वाया शाहगंज राजमार्ग पर दौलतपुर गांव में वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार अधेड़ महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहे उसके रिश्तेदार को हल्की चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। मृतका के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दिया है। बताते है कि खुटहन क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी 55 वर्षीय ललिता देवी पत्नी रामजियावन गौतम अपनी बहन के पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी गोपालापुर की बाइक पर बैठकर शाहगंज उपचार हेतु जा रही थीं। पीछे से आ रहे किसी चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दिया। ललिता देवी सड़क की तरफ गिर गई। सिर में गंभीर चोटें आने से वे बेहोश हो गई। उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे रवींद्र को हल्की चोटें आई।

युवती को कमरे में खींचने का आरोप, केस दर्ज

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बगल गांव निवासी युवक उसके घर में अश्लील सामग्री, फोटो आदि अक्सर फेंकता रहता था। एक दिन घर में अकेली देख वह घुसकर गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी युवती स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा है। आरोप है कि महमदपुर गांव निवासी सचिन राव उसे गलत नीयत से देखता रहता है। गत पहली मार्च की रात सचिन उसके घर के बरामदे में अश्लील पत्र और फोटो फेंक गया। पत्र में उसे धमकी भी दी गई थी। जिससे परिवार के लोग डरे हुए थे। गत छह मार्च को परिवार के लोग खेतों में काम करने चले गए। आरोप है कि मौका पाकर सचिन उसके घर के भीतर घुस कर जबरन उसका हाथ पकड़ कमरे की तरफ खींचने लगा। शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपित भाग गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

नहर में गिरे मवेशी को सुरक्षित निकाला

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के हर्रा गांव के जंगल में स्थित बाणसागर नहर में गिरे एक लावारिस मवेशी को शनिवार को राहगीरों ने कड़ी मेहनत कर बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली। हलिया मतवार मार्ग पर बने पुल से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर नहर में गिरे गौवंश पर पड़ी, जो पानी में फंसकर तड़प रहा था। यह देखकर राहगीरों ने तुरंत गांव से रस्सी मंगवाई और काफी प्रयास के बाद गौवंश को नहर से बाहर निकाल लिया। इस सराहनीय कार्य को देखकर आसपास के लोग राहगीरों की प्रशंसा की ग्रामीणों का कहना है कि बाणसागर नहर के किनारे सुरक्षा जाली न होने के कारण अक्सर जंगली जानवर और लावारिस गौवंश पानी पीने के लिए नहर में उतर जाते हैं, लेकिन पक्की ढलान होने की वजह से बाहर नहीं निकल पाते। इससे कई बार उनकी जान भी चली जाती है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से मामले की जांच कराकर नहर के किनारे सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

पुलिस भर्ती परीक्षा में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

● उप उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, निर्विघ्न व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के साथ परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आजमगढ़ एवं डीएवी पीजी कालेज आजमगढ़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र में बनाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया गया। परीक्षार्थियों की बॉयोमेट्रिक करने वाले टीम से भी जानकारी ली गयी। डीएवी पीजी कालेज में निरीक्षण के दौरान 11 बॉयोमट्रिक मशीन में से 3 बॉयोमट्रिक मशीन खराब पायी गयी। इसके साथ ही सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। सभी कक्षाओं में लगाया गया सीसी टीवी कैमरा सक्रीय पाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा कक्ष का भी निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा सक्रीय होना चाहिए एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारी इसकी निगरानी भी करते रहें। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी में लगाये गये सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरे मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सेक्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर निगरानी करते रहें। जिलाधिकारी ने कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा की गम्भीरता के दृष्टिगत परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

डीआईजी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

जौनपुर। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा जिलाधिकारी जौनपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर की उपस्थिति में परीक्षा को सकुशल एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का भ्रमणध्निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश।

पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी, वैभव कृष्ण द्वारा जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में उ0प्र0 पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर- की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों की व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया तथा पुलिस बल की तैनाती का गहनता से जायजा लिया गया। साथ ही परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्शन

जौनपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और छोटे व्यापारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी प्रभावित हो रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष श्वेता चैधरी ने बताया कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका बोझ महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है।

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण , आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली की पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोपी को पकड़ा लिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके बहला-फसला कर अपने झांसे में लिया। शादी करने का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाने लगा और वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल कर रहा था और जबरदस्ती संबंध बना रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी प्रिन्स मौर्य निवासी भेड़िया थाना फूलपुर वर्ष को भेड़िया नदी पुल के पास से पकड़ा है।

अंतरराज्यीय ठग गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद पुलिस ने ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और नकदी बरामद की है। आरोपी से पूछताछ में महिलाओं को झांसा देकर गहने और पैसे ठगने की कई घटनाओं का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार 14 मार्च को उपनिरीक्षक सौरभ त्रिपाठी अपनी टीम के साथ उनि भर्ती परीक्षा-2026 के मद्देनजर रोडवेज परिसर और होटलों में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक वांछित अभियुक्त प्राइवेट बस स्टैंड से बंधा रोड की ओर जाने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लईक पुत्र तौफिक, निवासी ग्राम ठंडा नाला गुलरभोज थाना गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा बोर, एक जिंदा कारतूस और 5500 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने तीन साथियों सैफ अली खान, इमरान और हुसैनू उर्फ हुसैन के साथ मिलकर अलग-अलग राज्यों में घूमकर अधेड़ उम्र की महिलाओं को धर्म-कर्म की बातों में फंसाकर उनसे गहने और नकदी ठग लेते थे। ठगी के बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौटकर पैसे और गहनों का बंटवारा कर लेते थे। उसने यह भी बताया कि बीते 6 फरवरी को बेलइसा सब्जी मंडी के पास एक महिला से मंगलसूत्र, कान के टप्स और 6000 रुपये ठग लिए थे। वहीं 7 फरवरी को लाइफ लाइन हॉस्पिटल के पास एक अन्य महिला से चैन, अंगूठी और 2000 रुपये लेकर फरार हो गए थे। ठगी से मिले पैसों में से उसके हिस्से में करीब 40 हजार रुपये आए थे, जिनमें से खर्च होने के बाद 5500 रुपये बचे थे। पुलिस ने बरामद तमंचा और कारतूस को कब्जे में लेते हुए आरोपी को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर लिया है। मामले की सूचना थाना रानी की सराय को भी दे दी गई है, जहां इस संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य फरार साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

गैस की किल्लत से ग्रामीण परेशान

हलिया मीरजापुर। स्थानीय विकास खंड के हलिया कस्बा स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी पर शनिवार सुबह से ही गैस सिलेंडर लेने वालों की भारी भीड़ देखने को मिली।

गैस की किल्लत के कारण दूर दराज से आए ग्रामीण घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई लोगों की गैस बुकिंग होने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जबकि कुछ लोगों की बिना जानकारी के ही बुकिंग और डिलीवरी दर्ज हो जाने की बात सामने आई है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। नवगवां गांव से आए धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने गैस की बुकिंग कराई थी और पिछले दो दिनों से एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं लालगंज थाना क्षेत्र से आए मुकुल सिंह ने बताया कि लालगंज में गैस नहीं मिलने पर वह हलिया एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए थे, लेकिन यहां बताया गया कि उनकी बुकिंग हो चुकी है और गैस की डिलीवरी भी दर्ज हो गई है। उन्होंने बताया कि उनकी पासबुक 23 दिसम्बर 2026 के बाद से अपडेट ही नहीं हुई है, जिससे उन्हें पूरी जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। मड़वा गांव से आए मुन्ना सिंह ने बताया कि उन्होंने मोबाइल से गैस की बुकिंग की थी और सुबह से ही एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए खड़े हैं, लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया। गैस लेने के लिए ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग सुबह से ही बाइक पर सिलेंडर बांधकर एजेंसी के सामने अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। बिना खाए पिए घंटों लाइन में खड़े रहने से लोगों में नाराजगी भी साफ दिखाई दी।

सवर्ण उत्पीड़न के विरोध में संगोष्ठी

जन सामान्य मंच का महासम्मेलन 17 मार्च को

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर । सवर्ण उत्पीड़न के विरोध में महासम्मेलन का आयोजन करणी सेना के तत्वावधान में जन सामान्य मंच के बैनर तले 17 मार्च 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11:30 पापुलर हॉस्पिटल के सामने, खाली मैदान में नटवा चौकी के सामने आयोजित किया गया है। जिसमें सवर्ण समाज के ऊपर लगातार किए जा रहे उत्पीड़न और सवर्ण विरोधी कानून के विरोध में महासम्मेलन का आयोजन किया गया है।

इस महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल मिश्रा एडवोकेट उच्च न्यायालय ग्वालियर म.प्र., जुगुल किशोर तिवारी पूर्व उप महानिरिक्षक उप्र पुलिस एवं अवनीश सिंह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश सिंह रघुवंशी प्रदेश अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता सूरज चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी होंगे। विशिष्ट वक्ता विजय शुक्ला प्रदेश सचिव सर्वण आर्मी होंगे। महासम्मेलन में जन सामान्य मंच के द्वारा जिन मैंगो के समर्थन में सभी श्रवण समाज के लोग एकजुट हो रहे हैं उनमें प्रमुख रूप से यूजीसी एक्ट परिचर्चा, एससी, एसटी एक्ट के दुरूपयोग पर चिंतन, सवर्ण आयोग की मांग, सवर्ण एकता पर चिंतन प्रिय साथियों, वर्तमान राजनितिक सामाजिक परिवेश में हम सब उपेक्षित हो रहे है। सरकारे धार्मिक व राजनैतिक तुष्टीकरण में व्यस्त है, ऐसे में हम सब भी आगामी पीढ़ियों के भविष्य की चिंता हेतु उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुये में अधिक से अधिक संख्या में पहुच कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

कार्यक्रम संयोजक अरविन्द तिवारी होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों अखिल भारतीय ब्राहम्ण एकता परिषद, अखिल भारतीय ब्राहम्ण एकाकृत परिषद, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, कायस्थ महासभा, अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा, सवर्ण आर्मी, ब्रह्म शक्ति, राष्ट्रीय परशुराम सेना एवं समस्त सवर्ण समाज, मीरजापुर शामिल होंगे । कार्यक्रम की जानकारी करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने दी है।

वेटिकन-रोम और येरुशलम से बेहतर बन रहा विंध्याचल धाम : एके शर्मा

मीरजापुर। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने विंध्याचल स्थित अष्टभुजा गेस्ट हाउस परिसर में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं में पटेल चौराहा का सौंदर्यीकरण, विंध्याचल बरतर में जोनल ऑफिस का निर्माण, ओझला पुल का सुंदरीकरण तथा अहिल्याबाई होल्कर पार्क के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर की आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ह्लविरासत के साथ विकासह्व और ह्लआस्था के साथ व्यवस्थाह्व की सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और स्वच्छता, संस्कृति और समृद्धि को साथ लेकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। इसी दृष्टि से धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा वेटिकन सिटी और रोम जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक शहरों को भी देखा है। अपने अनुभव के आधार पर वे कह सकते हैं कि विंध्याचल धाम का विकास जिस प्रकार से हो रहा है, वह इन स्थानों से भी बेहतर और भव्य रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वाराणसी अयोध्या और विंध्याचल में कॉरिडोर और आधारभूत ढांचे का जो विकास हुआ है, वह अद्भुत है और अपना विंध्याचल धाम किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि चौबे घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है और घंटाघर क्षेत्र में पक्के घाटों का निर्माण भी कराया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मड़िहान तहसील में 765 केवीए का विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत हो गया है, जो उत्तर प्रदेश का चौथा 765 केवीए उपकेंद्र होगा। इसके अलावा विंध्याचल विद्युत उपकेंद्र में एक अतिरिक्त 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाकर क्षमता वृद्धि की गई है तथा 30 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण और गोपियों की कथा सुन श्रोता गदगद

जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के कमालपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक संतोष जी महराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण और गोपियों के बीच आलौकिक निस्वार्थ प्रेम था। वासना रहित पूर्ण समर्पण के प्रेम का प्रतीक है गोपियां और कृष्ण का प्रेम। उन्होंने भगवान कृष्ण को गोकुल से विदा होकर मथुरा जाने का बृतांत बड़े ही भावपूर्ण प्रस्तुत किया। जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। कहा कि अक्रूर जब कृष्ण और बलराम को रथ पर बैठाने लगे तो गोकुल के नर नारी, पशु पक्षी सब उदास हो गये। मानो प्रकृति की सारी हरियाली रेगिस्तान बन गई हो। नंद बाबा और माता यशोदा से विदा लेकर रथ आगे बढ़ा तो गोपिकाएं मार्ग पर लेटकर रास्ता बंद कर दिया। कहा कि हम कृष्ण के बिना जीवित नहीं रह पायेंगे। जिंदा लाश बनकर जीने से अच्छा है कि हम सभी रथ के पहिए के नीचे आकर अपने प्राण ही दे दें। भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों से फिर वापस आने का वादा किया तब उन्होंने रास्ता छोड़ा। गोपियों पेड़ों अट्टालिकाओं पहाड़ों पर चढ़ कृष्ण के जाते हुए रथ को निहारती रह गई। सागर दूबे, प्रमोद चतुवेर्दी, मुकुंदधर तिवारी, रमेश तिवारी, मायाशंकर तिवारी, विष्णु तिवारी, विरेन्द्र यादव, अजय यादव, श्रीपाल पाण्डेय, राम आनंद पांडेय आदि मौजूद रहे। आयोजक प्रधानाचार्य प्रमोद व संतोष तिवारी ने आभार प्रकट किया।

सड़क हादसे में बाइक सवार महिला और बेटी की घटनास्थल पर मौत

लालगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के वाराणसी-रीवा हाईवे पर स्थित बस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज पर शनिवार को दोपहर बाद हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गाजीपुर निवासी बाइक सवार महिला और उसकी बेटी की घटनास्थल पर मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर। ट्रेलर चालक भी घायल हुआ है। बाइक में टक्कर के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के दूसरे हिस्से की ओर झुककर लटक गया। गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के हरीबल्लवपुर तिवारीपुर निवासी 38 वर्षीय मनोज चौधरी अपनी पत्नी 35 वषीर्या रीता और 12 वषीर्या बेटी सौम्या के साथ बाइक से मध्य प्रदेश जा रहे थे। मनोज चौधरी मध्यप्रदेश के मउगंज के गांव में परवल की खेती करने के लिए जा रहा था। मीरजापुर की ओर से मध्य-प्रदेश की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर जब लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा गांव के पास फ्लाईओवर ब्रिज पर पहुंचा तो उसी दौरान उसने आगे जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर में बाइक फंस कर करीब 50 मीटर तक घसीटता घसीटता चला गया। हादसे में मां बेटी रीता और सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। उनका क्षत विक्षत शव सड़क पर बिखर गया था। बाइक चला रहे मनोज चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक 35 वर्षीय रोहित तिवारी निवासी लटियार थाना हनुमना, जिला मऊगंज (मध्यप्रदेश) भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा। वहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए मीरजापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल रहा और जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला न्यायाधीश ने किया शुभारम्भ

जिला संवाददाता

आजमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ द्वारा जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर आजमगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारीगण, बैक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके तथा वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। लोक अदालत के शुभारम्भ अवसर पर अहसानुल्लाह खान प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, मुकेश कुमार सिंह-प्रथम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अजय कुमार शाही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमला पति-प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अजय श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विजय कुमार वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संतोष कुमार यादव नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, जैनुद्दीन अंसारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट, अमर सिंह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रथम तथा अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार के अध्यक्ष तथा महामंत्री व बैंक के पदाधिकारीगण ने वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है, जिसके माध्यम से विवाद का निपटारा निःशुल्क व त्वरित किया जाता है। लोक अदालत में दिया गया फैसला अन्तिम होता है, उसके खिलाफ किसी उपरी न्यायालय में अपील नहीं होती हैं। लोक अदालत में दिये गये फैसले सुलह-समझौते के आधार पर होते हैं इसलिए पक्षकारों के बीच मतभेद भी समाप्त हो जाते है। इसमें न कोई जीतता है और न ही कोई हारता है।

लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 133911 वाद चिन्हित किये गये थे, जिसमें कुल 113713 वाद निस्तारित हुए तथा रू0 299688202/- धनराशि का समझौता हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर 96392 तथा कोर्ट से 17321 दीवानी व फौजदारी वाद, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए। मुकेश कुमार सिंह-प्रथम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा कुल 141 वादों का, अजय कुमार शाही, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय द्वारा कुल 02 वादों का, कमला पति-प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-01 द्वारा 02 वादों का, अजय श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0- 03 द्वारा 16 वादों का, विजय कुमार वर्मा, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट द्वारा कुल 02 वादों का, संतोष कुमार यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट द्वारा 15 वादों का निस्तारण किया गया। जैनुद्दीन अंसारी, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 708 वादों का निस्तारण किया गया। सत्यवीर सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 3807 वादों का निस्तारण किया गया वहीं पारिवारिक न्यायालय से अहसानुल्लाह खान, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा 81 वादों का, प्रेम शंकर, अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या-01 द्वारा 53 वादों का, श्रीमती संदीपा यादव, अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या-02 द्वारा 60 वादों का निस्तारण किया गया।

जिम जिहाद मामले में 25 हजार का नौवां आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। लगभग 2 महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे जिम जिहाद मामले के नौवां आरोपी को आरोपी अशफाक उर्फ लकी खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था, लुक आउट नोटिस भी जारी किया था। बताते चलें कि आरोपी अशफाक की गिरफ्तारी को लेकर लगभग 2 माह से कई थानों की फोर्स दबिश दे रही थी ।

देहात कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशफाक उर्फ लकी खान जिम जिहाद मामले में बंद मुख्य आरोपी ईमरान खान का भाई है। इस मामले में पुलिस ने 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है, जिम जिहाद मामले में अबतक कुल दस आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों पर जिम की आड़ में हिंदू युवतियों को फंसाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने, कलमा पढ़ाने, शादी का दबाव बनाने, बुर्का पहनाकर फोटो खींचाने के साथ ही ब्लैकमेल कर वसूली करने का आरोप है।

गणित दिवस पर मनाया गया पाई - डे

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस (पाई डे) मनाया गया। इस अवसर पर गणित के महत्व, उसके वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपयोग तथा दैनिक जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं है, बल्कि यह तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने वाला महत्वपूर्ण विषय है।

उन्होंने जोर दिया कि आधुनिक युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र और डेटा विश्लेषण जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की नींव गणित पर आधारित है। प्रो. यादव ने । (पाई) को एक महत्वपूर्ण गणितीय स्थिरांक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका उपयोग वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल की गणना सहित अनेक वैज्ञानिक एवं इंजीनियरिंग समस्याओं के समाधान में किया जाता है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मिथिलेश सिंह ने अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य विद्यार्थियों और समाज में गणित के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि गणित केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समय की गणना, दूरी का आकलन, वित्तीय लेन-देन और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के संचालन जैसे दैनिक जीवन के हर कार्य में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान गणित विभाग के डॉ. दीपक कुमार मौर्य, डॉ. आशीष वर्मा और सौरभ सिंह ने भी गणित के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को गणितीय अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। संस्थान के प्रो. देवराज सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. आलोक वर्मा और डॉ. संदीप वर्मा सहित कई शिक्षकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

संक्षेप

श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

गोसाईगंज-अयोध्या। विकासखंड पूराबाजार के राजेपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, भव्य शोभायात्रा और देवआराधन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिला। कथा के द्वितीय सत्र में प्रवचन करते हुए आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि पुराण भारतीय जीवन साहित्य के अमूल्य रत्न हैं और अतीत को वर्तमान से जोड़ने वाली स्वर्णमयी श्रृंखला के समान है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा मनुष्य के हृदय में ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का संचार करती है।

आचार्य द्विवेदी ने कहा कि भगवान की कथा स्वयं भगवान से भी अधिक उदार मानी गई है, क्योंकि इसके श्रवण मात्र से पापी से पापी व्यक्ति भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि धुंधुकारी जैसा अधिकारी बन गया।

घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल आपूर्ति व्यवस्था का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपदवासियों को घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ पडरौना स्थित गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेण्डरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित जनसामान्य की समस्याओं को भी सुना गया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा प्रशासन द्वारा इनकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आमजन प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम में फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इस दौरान वितरकों एवं एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुसार गैस सिलेण्डर तथा पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी कालाबाजारी, ओवररेटिंग या उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की घटना संज्ञान में आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनसामान्य से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद करें।

आठवें दिन भी नहीं थमी रसोई गैस की किल्लत

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत लगातार आठवें दिन भी बनी रही। गैस की आपूर्ति सामान्य न होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को भी सुबह होते ही गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग भोर से ही एजेंसी के बाहर पहुंच गए, लेकिन पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। भीड़ अधिक होने से लोगों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनती रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में गैस की आपूर्ति बाधित चल रही है, जिससे घरों में खाना बनाने में दिक्कत हो रही है। कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और अन्य ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द से जल्द पर्याप्त गैस उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

सम्मेलन में जमा किये रुपये लौटाने को लेकर विवाद

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा टपरियन निवासी एक युवक ने सम्मेलन में विवाह कराने के नाम पर जमा कराए गए रुपये वापस न मिलने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मानसिंह कुशवाहा पुत्र गोरेलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 30 नवम्बर 2025 को सम्मेलन के माध्यम से एक मैरिज गार्डन ललितपुर में होना तय हुआ था।

इस सम्मेलन का आयोजन एक कथित संस्था नई राह फाउंडेशन के अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने के लिए उसने 30 हजार रुपये की रसीद कटवाई थी, जबकि उसके रिश्तेदार निवेदिका पुत्री पूरन निवासी ग्राम कथनौवा ने भी 30 हजार रुपये जमा किए थे। बाद में किसी कारणवश सम्मेलन स्थगित हो गया, जिसके बाद उसने अपने निवास से ही विवाह कर लिया। मानसिंह का आरोप है कि विवाह के बाद उसने फाउंडेशन के अध्यक्ष से अपने रुपये वापस करने को कहा।

इस पर उसे 40 हजार रुपये वापस कर दिए गए, जबकि 20 हजार रुपये बाद में देने की बात कही गई। पीड़ित का कहना है कि जब वह 2 दिसंबर 2025 को फाउंडेशन के कार्यालय इलाइट चैराहा, राजघाट रोड पर शेष रुपये लेने गया तो वहां मौजूद अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य लोगों ने रुपये देने से इनकार कर दिया और अभद्रता करते हुए धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक मौके पर मौजूद दिनेश कुमार और रामप्रसाद सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर शेष रकम दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

महावीर की संस्कृति को जीवंत रखना भक्त की जिम्मेवारीः मुनि सुधासागर

ललितपुर। भगवान महावीर की संस्कृति की जीवंत रखना प्रत्येक भक्त की जिम्मेवारी है आज धर्म की नहीं वरन भगवान महावीर की संस्कृति की प्रभावना कर ललित पुर वासियों ने बता दिया कि बुन्देलखण्ड में आज भी संस्कार जीवन्त है। उन्होने कहा धर्म व्यक्ति का निजी होता है जिसको कोई भी नहीं छीन सकता यह अंत समय तक उसके साथ रहता है और व्यक्ति के भविष्य को सुधारता है। उक्त उद्गार राष्टसंत तीर्थ चक्रवर्ती मुनि श्री सुधासागर महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ में आयोजित धर्मतना में व्यक्त किए। धर्मसभा के पूर्व जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन एवं पंचायत समिति ने मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। जबकि गुरूदेव के पादाक्षालन का पुण्यार्जन गुरुभक्त राजेन्द्र जैन अंकित जैन थनवारा एवं संजीव जैन राजीव चैधरी परिवार को मिला जवकि मुनि श्री की पूजन महिला भण्डल द्वारा भक्ति पूर्वक की गई। प्रतिष्ठाचार्य वालब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश ने ललितपुरवासियों को गौरव के पल बताए जय गुरुदेव आज भक्तों के बीच विराजित हैं। धर्मसमा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। इसके पूर्व में आज प्रातःकाल निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज की भव्य अनुवाई ललितपुर नगर के लिए

● शहर के प्रमुख मार्गों पर राष्ट्र संत की अगुवाई में सजाई रंगोली, भक्ति के साथ उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

ज्यौ ही शुरू हुई भक्त उत्साह से सराबोर अगुवाई के लिए पहुंचे और दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा गोविन्दसागर बाध हाईवे से प्रारम्भ हुई जो नेहरूमहाविद्यालय से गाजे बाजे के साथ झूमते हुए आगे कही। लगभग 5 किमी लम्बे चल समारोह में ध्वज पताकाए लिए 51 अश्व, दो हाथी उट पर सवार श्रेष्ठजन ध्वज पताकाए लिए हुए थे वहीं वाइकों पर जयजयकार करते हुए नवयुवक आकर्मण का केन्द्र रहे।

पंजाव एवं उदयपुर के दिव्यपोरों द्वारा प्रस्तुति, पाठशाला की बालिकाओं द्वारा जैन आर्मी की परेड

सलामी के साथ गुरुदेव की अगुवानी अपने आप में अनूठी रही। बुन्देली संस्कृति राईसेरा के साथ 20 डीजों के साथ थिरकते भाजनों पर झूमते युवकों का अत्साह, शस्त्र प्रदर्शन करती जैन वीरांगनाओं द्वारा गुरूदेव की परिक्रमा के साथ मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ससंघ की अनुवाई हुई।

यह भव्य शोभात्रा नेहरूमहाविद्यालय से मवेशी बाजार आजाद चैक घंटाघर तुवन चैराहा होते हुए अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंची। घंटाघर चैक पर विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व अजय जैन साइकिल समेत सैकडों भक्तों ने गुरुदेव का पादप्रवालन कर आरती उतारी। नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन समेत पालिका पार्षदों द्वारा गुरुदेव की घंटाघर चैक पर अनुवाई हुई। पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, डा राजकुमार जैन, ज्योति कझ्पनीत लोकेशरी, भूपेन्द्र जैन सिद्धि समूह, अनिल जैन अंचल, भूपेन्द्र जैन सिद्धिसमूह सहित अनेको भक्तों ने मुनि श्री की अगुवाई की। मुनि सुधासागर महाराज अभिनंनोदय तीर्थ में विराजमान है जहां मुनि श्री के प्रातः 8 बजे से प्रवचन एवं सायंकाल 6 बजे जिज्ञासा समाधान का कार्यक्रम आयोजित होगा।

गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों व किल्लत के विरोध में आप का प्रदर्शन

ललितपुर। देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की तरह ललितपुर में भी पार्टी कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, जबकि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते लोग फिर से लाइनों में लगने को मजबूर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60

रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता की कमर टूट चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी किए जाने से देश को आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है। हरदयाल सिंह लोधी ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ती जा रही है। आप कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए तथा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., प्रमोद नामदेव एड., रमेश कुमार, देवकी, वृन्दावन, हजारीलाल राजपूत, बुद्धसिंह बुन्देला, आरती के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

सतत पर्यटन से प्राकृतिक संसाधनों की होती है रक्षाः डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव

जिला संवाददाता

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा 14 मार्च 2026 को ह्लअयोध्या में सतत पर्यटन प्रथाएँह्न विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की पर्यटन शिक्षाविद् डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव रहीं।

डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर में सतत पर्यटन को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पर्यटन के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सतत पर्यटन से प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा होती है तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि अयोध्या की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए यहाँ पर्यटन के विकास में सततता और जिम्मेदार पर्यटन प्रबंधन को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में शोध, नवाचार और कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समन्वयक पर्यटन प्रबंधन डॉ. महेंद्र पाल सिंह, ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन के विकास के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक संतुलन को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत पर्यटन के सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशुमान पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आशुतोष पांडेय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

बरहज,देवरिया। रुद्रपुर-बरहज मार्ग पर थाना क्षेत्र के कपरवार चौराहे के पास शनिवार दोपहर कार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो हादसे का कारण बन गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार वाहन सहित फरार हो गए। कपरवार में जिस स्थान पर हादसा हुआ है वहां पूर्व में भी तीन बार दुर्घटना हो चुकी हैं। तीन लोगों को जान जा चुकी हैं। लोग कई बार ब्रेकर बनवाने की मांग कर चुके हैं।जानकारी के अनुसार भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ापाकड़ निवासी बादल मिश्र 22 पुत्र छोटेलाल मिश्र अपने साथी सौरभ यादव 24 पुत्र रमेश यादव के साथ सलामुद्दीन इंटर कॉलेज मऊ से एमए की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे कपरवार के फौजीनगर के पास उनकी बाइक सामने से आ रही सफारी और ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक बाइक सवार ट्रॉली से भिड़ गया।टक्कर इतनी तेज थी कि सौरभ यादव उछलकर ट्रॉली में जा गिरा, जिससे उसके सिर, सीने, चेहरे और पेट में गंभीर चोटें आईं। बादल मिश्र को भी पैर और पेट में चोट लगी। ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार ओमहरी 13 पुत्र सीताराम निवासी कपरवार भी घायल हो गया।घटना के बाद पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने सौरभ यादव को मृत घोषित कर दिया। बादल मिश्र की हालत गंभीर होने पर उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद सफारी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है और दो लोग घायल हुए हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आगमन आज

देवरिया ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी आज देवरिया के चीनी मिल ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे ।कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह का माहौल है ।राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने यह जानकारी देते हुए बताया है की जनसभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा की जनसभा में जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे ।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि श्री चौधरी के अतिरिक्त के प्रदेश महामंत्री संगठन त्रिलोक त्यागी, सांसद शशांक मणि, मंत्री अनिल कुमार नरेंद्र खजूरी सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भी सभा को संबोधित करेंगे ।श्री राय ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी की नीतियों और किसानों नौजवानों तथा आम आदमी से जुड़े मसलों पर अपने विचार रखेंगे जिला अध्यक्ष रमाशंकर चौहान ने लोगों से सभा में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री और दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को सुनने की अपील की है।

बच्चों का खून बेचने के मामले की जांच कर रही पुलिस

देवरिया। देवरिया में बच्चों का खून निकालकर बेचने के मामले के प्रकाश में आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है ।सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाईन क्षेत्र की पीड़ित बच्चे की मां ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कहा है कि उमा नगर निवासी कुछ आपराधिक तत्व उसके 15 वर्षीय पुत्र को शहर के एक ब्लड बैंक पर ले गये जहां उसका दो यूनिट ब्लड निकलवाया। पीड़ित की मां कहना है कि इसके पहले भी वे वे लोग मेरे बेटे का ब्लड निकलवा चुके हैं। ब्लड निकलवाने के बाद उन मनबढ़ों ने बेटे को धमकी दी कि अगर इसकी जानकारी किसी को बताई तो पूरे परिवार को गोली मार देंगे।

जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : 2,87,571 वादों का निस्तारण

देवरिया । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को सुबह 10.बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पांडेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0) श्रीमती शैलजा मिश्रा एवं सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर मु0-500/-रू0 जुमार्ना के रूप में दिलाया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा 06 तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री ब्रजेश मणि त्रिपाठी के द्वारा 23 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री इफ्तेखार अहमद द्वारा कुल 132 मामलों का निस्तारण कर मु0-9,37,83,566/-रुपए की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा 1287 वाद व अन्य सभी सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा 1407 निस्तारित वादों को मिलाकर कुल 2856 मामलों तथा राजस्व विभाग, बैंक व अन्य विभागों के द्वारा 2,84,715 वादों को निस्तारण किया गया। इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल मिलाकर 2,87,571- मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुमार्ना एवं अन्य मामलों में कुल मु0- 20,82,33,684/-रुपए की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया। इस लोक अदालत मे मुख्य रूप से नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) श्री मनोज कुमार तिवारी व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, बैक कर्मी, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पी0एल0वी, वादकारीगण, तथा सामान्य जनता उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ सिविल जज (एस0डी0) श्रीमती शैलजा मिश्रा के अथक प्रयास से इस लोक अदालत का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ तथा इसके लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

रेशम कीट का बायोप्रोडक्ट में महत्वपूर्ण स्थानः प्रो. जसवंत



अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में ह्लरेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माणह्न विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुक्रवार की देश शाम को समापन हो गया। यह कार्यक्रम कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। समापन अवसर के मौके पर कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह मौजूद रहे। उन्होंने ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति के सचिव प्रो. जसवंत सिंह ने कहा कि रेशम का महत्व केवल कपड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी होता है। रेशम का उपयोग शल्य चिकित्सा में, धागे बनाने में और कॉस्मेटिक्स के उत्पादों में भी होता है। डा. जसवंत ने कहा कि रेशम उत्पादन के लिए शहतूत के पौधों की खेती, रेशम के कीटों का पालन और कोकून को एकत्रित करना होता है। उन्होंने कहा कि एक एकड़ शहतूत के पौधों से लगभग 50 से 60 किलो कोकून प्राप्त होते हैं, जिनकी कीमत लगभग 10 से 12 हजार रुपये होती है। रेशम कीट के पिल्ले का उपयोग बायोरेमेडिएशन में किया जाता है, जो प्रदूषित मिट्टी और पानी को साफ करने में मदद करता है। निदेशक शोध डा. शंभू प्रसाद ने कहा कि रेशम एक प्राकृतिक फाइबर हैं जो साड़ी को एक अनोखा सौंदर्य और चमक प्रदान करता है। रेशम की साड़ियां अपनी नाजुकता, चमक, और मुलायमपन के लिए जानी जाती हैं। कहा कि रेशम साड़ियां गर्मियों में ठंडी और सर्दियों में गर्म होती हैं। रेशम की साड़ियाँ बहुत मजबूत होती हैं और लंबे समय तक चलती हैं। छात्र ट्रेनिंग करने के बाद रेशम का कुटीर उद्योग स्थापित कर दूसरों को रोजगार भी दे सकते हैं। डा. शंभू ने बताया कि प्रसंस्कृत रेशम के तंतुओं से साड़ी, स्कार्फ जैसे विभिन्न बायोप्रोडक्ट बनाए जाते हैं। यह कार्यक्रम कृषि विवि एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के प्रभारी अधिकारी डा. आर.एल राम एवं डा. जितेंद्र सिंह के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश चंद्रा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. रुद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डा. रुद्र प्रताप सिंह, विवि के ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राएं एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे ।

मेधावी बच्चों सहित अभिभावक सम्मानित

कुशीनगर। जिले के कसया नगर अंतर्गत बीआरसी परिसर स्थित कंपोजिट विद्यालय, कसया में वार्षिकोत्सव, मेधावियों को पुरस्कार वितरण एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों को ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रममें मुख्यअतिथि राजेश मद्धेशिया, प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह, शिक्षकों ने अभिभावकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्कूल और अभिभावकों में बेहतर तालमेल बनाने की पहल की तथा मेधावी बच्चों को भी स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। पुस्तक पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। मुख्यअतिथि राजेश मद्धेशिया ने कहा कि विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहां राष्ट्र के भविष्य की पौध तैयार होती है। शिक्षक और अभिभावक बच्चों को संस्कारिक शिक्षण प्रदान करें। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाध्यापक भगवंत सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित यह विद्यालय छात्र और छात्राओं को संस्कार, अनुशासन के साथ उनकी मेधा को निखारने को लेकर सततप्रयास रत है। जिससे यहां के बच्चे शिक्षा, खेल के क्षेत्र ने जनपद का नाम रौशन कर रहे हैं।

सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पयोद कांत मिश्र ने किया। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती कल्पना सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार यादव, अजय कुमार गुप्ता, श्रीमती रश्मि सिंह तोमर और निशु विश्वकर्मा सहित अभिभावक, संगीता यादव, नंदिनी मौर्य और अमरनाथ प्रसाद सहित बच्चे उपस्थित रहे।

कंपोजिट विद्यालय डुमरी में वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह संपन्न

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर कंपोजिट विद्यालय डुमरी में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया ।शनिवार को आयोजित समारोह का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने किया। मुख्य अतिथि वार्ड सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने कहा कि विदाई एक सतत प्रक्रिया है। बिछुड़ने का दुःख तो होता है लेकिन लक्ष्य पाने के लिए आगे बढ़ना ही होता है। विशिष्ट अतिथि महामंत्री जनपद ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन, कुशीनगर एडवोकेट उदय प्रताप सिंह ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नैतिक और संस्कारिक शिक्षा से ही राष्ट्र, परिवार और समाज का विकास होगा। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, सामूहिक गीत, नृत्य, विदाई गीत, हास्य नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौबे, अशोक कुमार पांडेय, किरन लता सहित शिक्षक शिक्षिकाओं में स्थानांतरित शिक्षक अमरेंद्र नारायण सिंह और राजेश प्रजापति को अंग वस्त्र, लेखनी भेंट कर स्वागत किया तथा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सफल संचालन शिक्षिका विभा गुप्ता ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधान कपिलदेव प्रसाद, बाबूलाल यादव, प्रबंध समिति अध्यक्ष नितल देवी, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, रूना देवी, तारा देवी, सुदामा देवी, शिक्षका शिल्पी सिंह, रत्ना सिंह, शिक्षा मित्र पुष्पा वर्मा, रामाश्रय सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सबिता, वीर बाला, इसरावती देवी सहित बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

संक्षेप

वीडियो प्रकरण में बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण

उन्नाव। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। वीडियो में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एक सहायक पर एक शिक्षक से पैसे मांगने का आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय ने संबंधित सहायक से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। बीएसए द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वायरल वीडियो के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, बिछिया, सरोसी के रुप में जांच समिति गठित कर दी गई है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित प्रकरण में सभी कर्मियों का पक्ष लेकर साक्ष्यों के साथ जांच आख्या शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। बीएसए ने स्पष्ट किया है कि सहायक के स्पष्टीकरण और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

किसान की हत्या के प्रकरण में एक गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव भिखारीपुर में एक किसान की हत्या के मामले में थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की गई है। खेत की रखवाली करने गए भिखारीपुर गाँव निवासी किसान कन्हैयालाल का लहूलुहान शव बुधवार सुबह खेत में पड़ा मिला था जिसपर धारदार हथियार से हमले के निशान पाए गए थे। पुलिस ने जांच व खुलासे की कार्यवाही शुरू की थी जिसमें गांव निवासी गुलाब सिंह का नाम प्रकाश में आया था जिसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवस्थी खेड़ा से भिखारीपुर जाने वाली रोड से शनिवार भोर पहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद करने का दावा किया है और गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू की है।

सड़क हादसे में चाचा भतीजे की मौत, मामा घायल

सीतापुर। बिसवां थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने आनन-फानन में तीनों को अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के थाना बड्डूपुर अंतर्गत गौराभारी निवासी ललित गिरि अपनी बहन के घर सकरन थाना क्षेत्र के दुदगड़ गाँव आए थे। शनिवार दोपहर ललित अपने भांजे आदेश गिरि 15 और बहनोई गुड्डू गिरि 30 के साथ बाइक पर सवार होकर जलालपुर भंडिया में आयोजित एक भंडारे में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में ब्रजबाशिन पुरवा सरैया गाँव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने आदेश और गुड्डू (चाचा-भतीजे) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल ललित गिरि को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और विधिक कार्रवाई जारी है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के गाँव दुदगड़ में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

करंट लगने से महिला की मौत

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बगैर पोस्टमार्टम के ही पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर खरिका निवासी उमा देवी (53) पत्नी उमेश चंद्र पांडे शुक्रवार शामको अपने घर में लगे नल पर कपड़े धो रही थीं। बताया जा रहा है कि उस नल से जेट पंप भी जुड़ा हुआ था। इसी दौरान जब उन्होंने नल का हत्था चलाया तो अचानक करंट की चपेट में आ गईं। करंट लगने से वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने जब उमा देवी को जमीन पर गिरा देखा तो आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शिवाकांत पटेल ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई एसआई भर्ती परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। उत्तर प्रदेश पुलिस की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा शनिवार से जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। 14 और 15 मार्च को आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां करीब 11,520 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा के लिए शनिवार सुबह बड़ी संख्या में अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए। खास बात यह रही कि इस बार परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है और कुल अभ्यर्थियों में लगभग 56 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को सुबह आठ बजे से ही प्रवेश दिया गया लेकिन इससे पहले उनकी सघन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। कई परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों से जूते और बेल्ट तक उतरवाकर जांच की गई ताकि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष के अंदर न ले जाई जा सके। इसके अलावा कानों में पहने गए ब्लूटूथ डिवाइस और ज्वैलरी भी उतरवा दी गई। नकल पर पूरी तरह रोक लगाने और परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए परीक्षा कक्षों और पूरे परिसर की लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। ये सभी अधिकारी परीक्षा प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो सके। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

तीन केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

फतेहपुर। प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण का आयोजन फतेहपुर जिले में तीन प्रमुख केंद्रों पर हो रहा है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकल-रहित और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र सिंह तथा पुलिस महानिरीक्षक आईजी रेंज प्रयागराज अजय कुमार मिश्रा ने आज निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय तथा ए.एस. इंटर कॉलेज फतेहपुर पहुंचकर प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा का जायजा लिया। दोनों पालियों की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की सघन जांच की।जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या अच्छी रही और किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायत नहीं मिली। आईजी अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि योग्य अभ्यर्थी ही चयनित हो सकें।इस निरीक्षण अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की धांधली पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा का अगला चरण भी इसी तरह सकुशल संपन्न करने की तैयारी चल रही है।

आदेश बेअसर, डॉक्टर मरीजों को लिख रहे बाहर की दवाएं



उन्नाव।एक रूपए में ओपीडी पर्चा बनवाकर जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को डॉक्टर बाहर की महंगी दवाएं लिख रहे हैं।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से लेकर अधिकारियों के आदेश तक उन पर असर नहीं है। मामूली बीमारी होने पर भी बिल एक हजार रुपए तक पहुंच रहा है।

जिला अस्पताल में ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए एक रुपए का पर्चा बनवाना पड़ता है। इस पर्चे पर डॉक्टर की सलाह,दवाएं और जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ओपीडी के बनने वाले पर्चे पर ही डॉक्टर मरीजों को वह दवाएं लिखते हैं जो अस्पताल में उपलब्ध होती हैं। लेकिन कमरा नंबर 14 में फिजिशियन महिला डॉ कृतिशा चन्द्रा मरीजों को साथ में एक छोटी पर्ची और दे रहीं हैं। जिस पर बाहर की दवाएं लिखी होती हैं। यह दवाएं अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर पर मिलती हैं। जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर जो दवाएं लिख रहे हैं उन पर उन्हें 50 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है।

मरीज ने बतायी व्यथा

उन्नाव के संतकुमार ने बताया की तीन दिन से बुखार आ रहा शनिवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने दवाओं की दो पर्ची दी एक पर्ची पर दवाएं दवा वितरण कक्ष से मिली वहीं दूसरी पर्ची से मेडिकल स्टोर से लेनी पड़ी।

बोले जिम्मेदार

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया डाक्टरों को निर्देश है कि वह केवल दवा वितरण कक्ष और जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाएं ही मरीजों को लिखें। अगर कोई डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।

एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद, सीतापुर।सीता इण्टर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान टोलियां बनाकर शिविरार्थियों ने रमुआपुर में लोगो को स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण जैसे मुद्दे पर जागरूक किया। शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए विस्तार से चर्चा की।

सीता इण्टर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी कार्यक्रम अधिकारी शिव सेवक मिश्र के नेतृत्व में रमुआपुर पहुॅचे। शिविरार्थियों ने टोलियां में बनाकर गांव का भ्रमण किया और लोगो को जल संरक्षण की महत्ता बताई। विद्यार्थियों ने बताया कि पानी बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। गर्मियों में जल स्तर नीचे जाएगा जिससे कई इलाकां में पेयजल की समस्या हो सकती है।इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक जल बचाना होगा। शिविरार्थियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि मौसम बदल रहा है अपने घरों के आसपास गंदा पानी व कूड़ा-करकट इकट्ठा न होने दें।गंदगी और ठहराव वाले गंदे जल में मच्छर पनपते हैं जिससे संक्रामक बीमारियों का खतारा बढ़ता है।लोगों को पाल्य-पाल्यों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

सियार ने हमला कर चार लोगों को किया घायल

सीतापुर।नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के कमईपुर गांव में शुक्रवार देर रात एक सियार ने आबादी में घुसकर चार लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सियार ने अचानक लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया और एक के बाद एक चार ग्रामीणों को बुरी तरह नोच डाला।

ग्रामीणों की चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सियार खेतों की ओर भाग गया। हमले में बब्बू (40 वर्ष), अल्ताफ (50 वर्ष), मुन्ना (60 वर्ष) और नायला (17 वर्ष) घायल हो गए। परिवार के सदस्यों ने रात में ही एक निजी चिकित्सक से उनका प्राथमिक उपचार करवाया। घायल बब्बू ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 8रू30 बजे वह और उनके पड़ोसी घर के बाहर बातचीत कर रहे थे, तभी सियार ने अचानक उनके पैर में काट लिया। बचाव के दौरान सियार ने उनके दोनों हाथों को भी घायल कर दिया। उन्हें बचाने आए अल्ताफ और मुन्ना को भी सियार ने पैरों में काटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोस के घर से निकली नायला पर भी सियार ने हमला कर उसके पैरों में काट लिया। शनिवार सुबह चारों घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख जाकर इंजेक्शन लगवाए और दवा ली। इस घटना के बाद से कमईपुर गांव के ग्रामीणों में सियार को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

यूपीएससी परीक्षा में अमन वर्मा ने सफलता हासिल कर गांव का नाम रोशन किया

पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कस्बा पाटन निवासी होनहार युवक द्वारा यू पी एस सी परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव पहुंचने पर जश्न मनाकर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

स्थानीय कस्बा पाटन निवासी अमन वर्मा ने यू पी एस सी सिविल सेवा सर्विस परीक्षा मे 505 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया। शनिवार को अमन वर्मा पने राम सुन्दर व माता कमलेश के गांव पाटन के योगी मुहल्ला पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाएं और गोला ,पटाका और आतिशबाजी कर सम्मानित किया। अमन ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा यही गांव से हुई है। गांव से मेरा सदैव लगाव रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी

सफलता में मेरे माता पिता के साथ साथ आप सब का आशिर्वाद रहा है। जिससे बिना किसी कोचिंग के यह सफलता हासिल किया है। यह सफलता आप भी के आशीर्वाद से मिली है। मेरा लक्ष्य आई ए एस बनना है। प्रधान कुलदीप चैधरी ने राम दरबार भेट कर सम्मानित किया। गांव पहुंचने पर अमन को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस मौके पर मनोज त्रिवेदी, जय शंकर अवस्थी, सतीश, धुन्नू बिन्दा आयुष, गोपाल, राकेश, छेदी, कल्लू, राम सुमेर, राज बहादुर, रमेश, राजू राकेश अंकित, देवी शंकर लल्ला नवीन प्रवीन आदि बड़ी संख्या में मौजूद लोगो ने बधाई देकर एव आशीर्वाद दिया।

गैस सिलेंडर के लिए भारी भीड़, उपभोक्ता परेशान

जिला संवाददाता

हिलौली, उन्नाव।जिले के मौरावां थाना क्षेत्र में इंडियन गैस सिलेंडर की कमी की अफवाहों के कारण गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

मौरावां में घरेलू गैस को लेकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। शहर की कई गैस एजेंसियों पर बुकिंग ठप पड़ी है। उपभोक्ता घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। एजेंसियों के मोबाइल नंबर लगातार स्विच ऑफ बताए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इंडियन ऑयल की गैस बुकिंग व्यवस्था भी प्रभावित बताई जा रही है। हाल ही में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने किसी भी समस्या से इनकार किया था। हालांकि, जमीनी हकीकत पर ये आश्वासन पूरी तरह से झूठे साबित हो रहे हैं। कई एजेंसियों पर कालाबाजारी चरम पर होने के आरोप लग रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब प्रशासन गैस की किल्लत नहीं होने का दावा कर रहा है, तो फिर बुकिंग क्यों बंद है और एजेंसी संचालक फोन स्विच ऑफ क्यों कर बैठे हैं? जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने भी इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। मौरावां में कालाबाजारी करने वालों ने कथित तौर पर 1500 रुपये से कम में गैस न बेचने की मानो कसम ही खा रखी हो, जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ गई है।

हलोर गांव में होली मिलन समारोह हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

महराजगंज रायबरेली। हलोर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान संत कुमार चैधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली जैसे त्योहार समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देते हैं। हलोर गांव का यह आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है और ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं।कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। ग्रामीणों ने देर तक कार्यक्रम का आनंद उठाया और एक-दूसरे को होली की बधाई देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी चौधरी बछरावां, प्रधान पुरासी गंगासागर पांडे, रविराज सिंह, प्रधान केशव चौधरी, राम लखन यादव, श्रवण कुमार चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान सत्रोहन सोनी, अयाज खान, अरविंद मिश्रा, तेज बहादुर लंबरदार, रामप्रताप चैधरी, जमुना प्रसाद मिश्रा, रामफेर तिवारी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक झुलसा

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथखेड़ा मजरे बिहार में सरसों का भूसा लेने जा रहे ट्रैक्टर का डाला मे लगी सरिया 11 हजार बिजली लाइन के झूलते तारों में ट्रैक्टर ट्राली का एंगल छू जाने से करंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप झुलस गया। ग्रामीणों की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ट्रैक्टर सहित ट्राली में आग लग जाने से धू धू कर जलने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदत से जलती आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बदनखेड़ा मजरे मनिकापुर निवासी शिव प्रकाश साहू की टैक्टर ट्राली शनिवार को ग्राम रघुनाथखेड़ा मजरे बिहार मे सरसों का भूसा लेने जा रहा था। ट्रैक्टर ट्राली के गले हुए लोहे के एंगल 11 हजार बिजली लाइन के झूलते हुए तारों में छू जाने से अचानक ट्रैक्टर ट्राला मे करेंट आ गया। ट्रैक्टर मे चालक सहित तीन लोग सवार थे। करेन्ट की चपेट मे आ जाने से दो मजदूर ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। वही चालक गोविन्द उर्फ मुनई 40 वर्ष पुत्र गंगाराम लोध निवासी मधुकरपुर खेड़ा पूरी तरह करेन्ट की चपेट मे आने से झुलस कर घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदत से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र उपचार हेतु ले जाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा व थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह गौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। वही फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

19 मार्च को शुभ संवत 2083 का शुभारंभ होगा: ऋषि कान्त शास्त्री

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने बताया श्री शुभ संवत 2083 का शुभारम्भ 19 मार्च दिन गुरुवार को हो रहा है क्योंकि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा क्षयवती विगत अमावस्या को सुबह 6 बजकर 40मिनट में समाप्त हो जाती हैं और क्षयवती प्रतिपदा तिथि संवत्सर का प्रारंभ हो रहा है इस लिए सर्व शास्त्र सम्मत माना जाएगा। संवत्सर के राजा गुरु और मंत्री मंगल है ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को किया था और इसी दिन से सतयुग का आरंभ हुआ था यह सर्व विदित है सूर्योदय के साथ रौद्र नामक संवत का स्वागत पूजन पंचांग श्रवण तथा अपने अपने घरों देवालयों को तोरण ध्वजा पताका से सुसज्जित कर बासंतिक नवरात्र कलश स्थापित कर माता भगवती के नौ रूपों की स्थापना कर विधि विधान से पूजा आराधना एवं श्री दुर्गा सप्तशती पाठ करना चाहिए अथवा सुयोग्य आचार्य के द्वारा कराना चाहिए जिससे वर्ष पर्यन्त सब प्रकार से शुभ फलों की प्राप्ति होती रहेगी। भगवती के नौ रूपों में 26 मार्च गुरुवार को महागौरी महाष्टमी व्रत किया जायेगा सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों के यहां नवमी पूजा भी 26 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजकर 2 मिनट के बाद करें तथा पूर्ण नवरात्र व्रत की पारणा भी कर ली जाएगी। रामावतार की राम नवमी पूजा देश भर में 27 मार्च शुक्रवार को विशेष रूप से रामलला की जन्मस्थली अयोध्या में बहुत ही धूमधाम से शास्त्रीय एवं पारम्परिक रूप के अनुसार मनाई जाएगी। आज ही के दिन परम पूज्य गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा श्री राम चरित मानस की रचना प्रारंभ की थी। तथा इसी के उपलक्ष्य में राम चरित मानस की जयंती मनाई जाती है। इस प्रकार धर्म शास्त्र मयार्दा के नियमानुसार क्षयवती प्रतिपदा में ही नवसंवत्सराम्भ हो जायेगा कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 6 बजकर 40मिनट के बाद दिन भर किसी भी समय किया जा सकता है जो कि समस्त जनमानस के लिए सुभिक्ष कारक रहेगा। अतः सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों से निवेदन है कि मनमुखी विचारों से बचें और शास्त्र सम्मत धर्म का पालन करें तभी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का संरक्षण होगा अतः धर्म का आचरण करें और अधर्म से बचें रहें।

ट्रक की टक्कर में ऑटो चालक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तकिया चैराहे पर ट्रक की टक्कर से एक आटो चालक की मौत हो गई है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पतौली सराय निवासी लगभग चालीस वर्षीय मुजीब तकिया चैराहे से बांगरमऊ के बीच ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को भी रोज की तरह तकिया चैराहे पर आटो में सवारियां बैठा रहा था तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे ट्रक ने मुजीब को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक टक्कर मारते हुए भाग निकला। टक्कर लगने से ऑटो चालक की मौत होने से वहां भीड़ जमा हो गई जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। आटो चालक मुजीब की मौत की सूचना जैसे ही गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रास्ता साफ कराकर वाहनों को निकलवाकर आवागमन चालू कराया। मृतक के तीन बच्चे हैं जो रो रो कर बेहाल होते रहे।

महिला ने अपनी मासूम बच्ची को नहर में फेंका, मौत

सीतापुर। जिले के सिधौली इलाके में मानसिक रूप से बीमार महिला ने अपनी छह महीने की मासूम बच्ची को शारदा सहायक नहर में फेंक दिया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद बच्ची को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज गांव में शनिवार दोपहर वंदना का अपने पति विपिन से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद वंदना ने गुस्से में अपनी छह महीने की बेटी काव्या को लेकर गांव के किनारे शारदा सहायक नहर के पास पहुंच गई। उस समय नहर में पानी तेज बहाव के साथ बह रहा था। महिला ने बच्ची को नहर में फेंक दिया। यह देखकर पीछे-पीछे आ रहे परिजन और आसपास मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बच्ची को बचाने के लिए कई ग्रामीण तुरंत नहर में कूद पड़े और उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने नहर में खोजबीन की। इसी दौरान घटना की सूचना सिधौली कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और बचाव दल की टीम मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्ची की तलाश में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद बच्ची को नहर से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार रुपये हुआ विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने परिषदीय अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17 रुपए प्रति माह कर दिया है। इसके साथ ही, उन्हें 5 लाख रुपए तक की कैशलेस इलाज की सुविधा भी मिलेगी। इस निर्णय से अनुदेशकों में खुशी का माहौल है। अनुदेशक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बांसी विधायक जय प्रताप सिंह का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस फैसले को सराहा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे हजारों अनुदेशकों को इससे बड़ी राहत मिली है। कैशलेस इलाज की सुविधा से अनुदेशकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सकेगी। परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों की समस्याओं को गंभीरता से समझा है। इस कदम से प्रदेश के लगभग 25 हजार अनुदेशकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। पांडेय ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अनुदेशकों के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में रामानंद उपाध्याय, लवकुश चौधरी, सत्य मृत्युंजयधर, सत्यपाल सिंह, कैलाशनाथ, देवेंद्र चौधरी, शरद और दिलीप सहित कई अन्य अनुदेशक उपस्थित थे। सभी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

संक्षेप

अतर्रा में 10 घंटे आज ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

बांदा। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए उपकेंद्र अतर्रा में 15 मार्च (रविवार) को महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। उपकेंद्र में स्थापित सभी पुरानी मशीनों को हटाकर नई मशीनें लगाई जाएंगी, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था और अधिक सुचारू हो सके। इस कार्य के चलते प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। हालांकि कार्य की स्थिति के अनुसार समय में परिवर्तन भी संभव है। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने आवश्यक कार्य सुबह 8 बजे से पहले ही पूर्ण कर लें तथा धैर्य बनाए रखें। अवर अभियंता अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि उपकेंद्र में नई मशीनें लगने से भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और बेहतर होगी। विभाग ने अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना जाखलौन पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना जाखलौन पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 140/2025 धारा 137(2), 64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ग्राम जमुनिया निवासी अजय पुत्र उधम को 14 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना जाखलौन के थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गयी है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। जिले के ग्राम सिलगन निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने का मामला सामने आया है।

परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलगन निवासी कल्लू रायकवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 मार्च 2026 को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उनका पुत्र हीरो रायकवार अपने घर पर था।

इसी दौरान गांव का ही दीपक कुशवाहा पुत्र बाबू कुशवाहा उनके घर आया और हीरो को अपने साथ चलने के लिए कहा। इसके बाद हीरो रायकवार अपने दोपहिया वाहन संख्या यू.पी.94 ए.जे.1069 से दीपक कुशवाहा के साथ चला गया। बताया गया कि रात करीब 8 बजे ग्राम जमालपुर मजार के पास ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि हीरो रायकवार का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस डायल 112 ने दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने हीरो रायकवार को मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद के 8 सेंटरों पर आयोजित हो रही उ.प्र. उप निरीक्षक परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य

- पुलिस भर्ती परीक्षा, चप्पे-चप्पे पर रहा पुलिस का चौकस पहरा

व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नेहरू महाविद्यालय भाग 1 व भाग 2, रघुवीर सिंह महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, पीएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, वर्णी जैन इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी, जिसमें परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पाये गए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक/सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों को निर्देश दिए कि सभी कैमरों का संचालन सुचारु रखा जाए और पूरे समय सचेत रहकर कैमरों का संचालन देखते रहें। परीक्षा को पूर्णतरू नकलविहीन सम्पन्न कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र के भीतर मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट ग्लासेज, नेक बैंड आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसपर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों सहित डयूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारियों का बायोमैट्रिक और फेस वैरिफिकेशन व सघन तलाशी ली जाए।

उन्होंने सभी सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल हमे देंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई अराजक तत्व परीक्षा में व्यवधान न डाल पाए, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा। आज की परीक्षा की प्रथम पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1520 उपस्थित तथा 880 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1548 उपस्थिति तथा 852 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं सतत निगरानी में परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

न्यूनतम मजदूरी दिलाने की मांग

ललितपुर। जल संस्थान झांसी डिवीजन की शाखा जल संस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पंप ऑपरेटर व लाइनमैन मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी दिलाने तथा आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि वे वर्ष 2001 से जल संस्थान के अंतर्गत ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ठेकेदार के माध्यम से बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पंप ऑपरेटर को लगभग 4000 रुपये प्रतिमाह तथा लाइनमैन मजदूर को करीब 5500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाता है, जो शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। मजदूरों का कहना है कि इतने कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना भी कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी तय की गई है, जिसका लाभ उन्हें भी मिलना चाहिए। मजदूरों ने मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी उनके बैंक खातों में दिलाई जाए और उन्हें आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किया जाए।

साथ ही उनकी आर्थिक समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किए जाने की मांग भी की गई है। इस संबंध में मजदूरों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या का शीघ्र निराकरण कराने की अपील की है।

उच्चाधिकारियों ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद महोबा में आयोजित उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अमले के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, तैनाती एवं उनके द्वारा निभाए जा रहे दायित्वों की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए।

ट्रकों की टक्कर से छात्र की मौत, दो घायल

बांदा। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से छात्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका भाई मामूली रूप से घायल हो गया। कोतवाली देहात क्षेत्र के महोखर गांव निवासी हिमांशू 16 कक्षा 8 का छात्र है। व अपने भाई पुष्पेन्द्र के साथ सरस्वती प्रकाश मंदिर से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान बांदा से महोखर को जा रहे गिट्टी से भरे ओवर लोड ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि ट्रक लगभग 30 फिट तक छात्र हिमांशू को घसीटता चला गया। घटना के बाद मौके पर पहुचे आस-पास के लोगों और परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, सडक जाम कर दी और ट्रक के शीशे तोड दिए। काफी देर तक सडक में ट्रकों की कतार लगी रही जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कोतवाली देहात चन्द्र प्रकाश तिवारी तत्काल घटना स्थल पर पहुचे। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक छात्र के शव को आटो से अस्पताल पहुचाया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। दूसरी घटना में खुरहंड स्टेशन छिबांव रोड के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग में सुबह करीब 9 बजे अतर्रा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार लकड़ी भरे ट्रक ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें खुरहंड स्टेशन निवासी अमन गुप्ता 25 हादसे में बुरी तरह घायल हो गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने कई बार एम्बुलेंस एवं स्थानीय पुलिस को फोन किया लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा तब मौके पर पहुंचे परिजनो ने आनन फानन निजी गाड़ी से उपचार के लिए बांदा से कानपुर ले गए वहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

आरएसएस पदाधिकारी और पड़ोसी के घर में घुसकर हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। जिले के पुराने धामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता तथा उनके पड़ोसी पर कथित रूप से घर में घुसकर हमला करने को लेकर अन्य समुदाय के युवक को गिरफ्तार किया गया है। धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि पुराने धामपुर में शनिवार सुबह करीब चार बजे उसी इलाके के शोएब ने अपने परिजनों के साथ अमित शर्मा और उनके पड़ोसी आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन चौहान के घरों में घुसकर हमला किया। हमले के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर दोनों घरों में तोड़फोड़ भी की। शर्मा ने आरोप लगाया कि हमलावर घर से 4.75 लाख रुपये नकद और गहने लूटकर ले गये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि कानून की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मुख्य आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

रमजान में इंसानियत यूनिट ने जुर्माना अदा कर दो कैदियों को जेल से कराया आजाद

बिजनौर। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना स्योहारा की तरफ से ईद के मौके पर मुरादाबाद जेल में बंद दो कैदियों पिंटो शर्मा धामपुर व शादाब अहमद मेरठ को उनका जुमार्ना जमा कर जेल से रिहा कराया गया। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की ने बताया यह उन कैदियों को छुड़ाया जाता है जो अपनी सजा पूरी होने के बावजूद मजबूरी में जुमार्ना जमा न करने के कारण जेल में कैद रहते है। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में जेल प्रशासन से मिलकर ऐसे लोगों की लिस्ट लेकर उनका जुमार्ना बिना धर्म भेदभाव के ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म अपनी तरफ से जमा करती है और उनको एक शरीफ और अच्छा नागरिक बनने का मौका देती है।

इस मौके पर मुफ्ती फूजैल ने बताया कि ऐसा काम करने के बाद ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट की टीम को बहुत सुकून मिलता है जो अपनी मजबूरी की वजह से जेल में बंद होते हैं, उन्हें उनके परिवार से मिलवा कर सुकून मिलता है।

इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत चुके पूरे भारत में सर्दियों में गर्म चाय, गरम कपड़े और लिहाफ कंबल वगैरा निः शुल्क बांटने का काम करती है और गर्मियों में लोगों को बस स्टैंड चैराहे पर ठंडा पानी और ठंडा शरबत निः शुल्क बाटती है और आपस में प्यार मोहब्बत का पैगाम देती है। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यह सब कार्य बिना किसी भेदभाव के जारी रखे हुए हैं। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना स्योहारा ने सर्दियों में मुरादाबाद अलीगढ़ बिजनौर आदि जेल के अंदर प्रशासन की मदद से गरम शॉल वितरित की थी और रमजान में जो रोजेदार लोग होते हैं और उनका कोई सहारा नहीं होता उनका रोजा सुकून से गुजरे उन्हें एक रमजान किट भी फ्री बाटी गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की खिदमत का काम आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजैल, हाजी तंजील आलम मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में भाईचारे का प्रतीक फूलों की होली

बांदा। भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को होली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। फूलों की होली ने लोगों में भारतीय संस्कृति, भाईचारा, उत्साह, उमंग और बुंदेली योग संस्कृति को संजोने का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में एक तरफ कलाकारों ने शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण का नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा, वहीं दूसरी तरफ लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। हास्य कलाकारों ने भी गीत व संगीत के जरिए सबका मन मोह लिया। संगीत पार्टी के सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों से लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया। जबकि महिलाएं भी कलाकारों के बीच थिरकने से अपने को रोक न सकीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है। होली का त्योहार सामाजिक समरसता व सौहार्द का पवित्र संदेश देता है।

इस त्योहार का पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं और ठण्डाई व पकवान का आनंद लिया। इस दौरान जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विवेकानंद गुप्ता, उत्तम सक्सेना, वंदना गुप्ता, जागृति वर्मा, पंकज रैकवार, अशोक गुप्ता व अजय पटेल मौजूद रहे।

जनगणना 2027 के फील्ड कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होः एडीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल देर समापन हुआ। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में भेजकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, ताकि प्रेक्टिकल कार्य पूर्ण दक्षता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंकाओं का समाधान भी उपस्थित उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना और दक्षता प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रभारी जे0पी0 यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण अंतर्गत प्रथम बैच की ट्रेनिंग आज पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को तथा तीसरे व अंतिम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डॉ आकाश अग्रवाल, डॉ अमित कुमार एवं डॉ राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद रहे।

खाते में शून्य बैलेंस होने पर अपने आप कट जायेगी बिजली

ललितपुर। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 लखनऊ ने पूरे प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। प्रदेश में 13 मार्च से स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। पावर कारपोरेशन ने इसे 13 मार्च से पूरी तरह लागू करने का आदेश दिया है। इस तिथि के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतः ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसे भी भेजे जा रहे हैं। इसमें अपने बैलेन्स को चैक करके एवं उसके सकारात्मक बैलेन्स बनाये रखने की अपील की जा रही है। साथ ही बताया जा रहा है कि रिचार्ज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की वेबसाइट, मोबाइल एप, भीम, फोन-पे, गूगल-पे आदि डिजिटल माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है।

इसके अलावा विभागीय काउण्टर पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद ललितपुर में विद्युत विभाग के 1.67 लाख विद्युत उपभोक्ताओं में से 32 हजार उपभोक्ताओं के यहॉ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जिनमें से 31 हजार 600 मीटर प्री-पेड किऐ जा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं की जो सिक्योरिटी विभाग में जमा है, उसे शुरूआती रिचार्ज के रूप में समायोजित किया जा रहा है।

अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर का बैलेन्स निगेटिव में चल रहा है। वह तुरन्त ऐप डाउनलोड कर अपने मीटर का रिचार्ज कर लें अथवा विद्युत विभाग के कैश काउण्टर, विद्युत उपकेन्द्र, उपखण्ड कार्यालय, खण्ड कार्यालय में पहुॅचकर सम्पर्क करते हुए अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं और विद्युत विच्छेदन जैसी असुविधा से बचें। उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्या के समाधान हेतु केन्द्रीयकृत टोल फ्री नम्बर 1912 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण

ललितपुर। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ीकरण करने तथा आमजन को सुलभ सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मंडल आयुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने कलेक्ट्रेट के सभी पटलों एवं न्यायालय का निरीक्षण कर उनके कार्यों की समीक्षा की और मैन्युअल कार्यों को डिजिटाइज करके अध्ययन करने के निर्देश दिए। डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो. मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी पटल प्रभारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं को सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए हमे अपने पटल को अप टू डेट रखना होगा तभी हम फरियादी की समस्या का त्वरित समाधान कर पाएंगे। मंडलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग का निरीक्षण कर पटल प्रभारी को निर्देश दिए की शस्त्र नवीनीकरण की तिथि से तीन महत्वपूर्ण शस्त्र स्वामियों को नोटिस भेज कर सूचित किया जाए कि वे निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्रों का नवीनीकरण करा लें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट न्यायालय का निरीक्षण कर कंप्यूटर पर स्वयं बैठकर दर्ज वादों की समीक्षा की, इसमें कई वाद अनलिस्टेड मिले, उन्होंने निर्देश दिए की ऐसी वादों की तिथि निर्धारित कर उन्हें लिस्टेड किया जाए और निर्धारित तिथि तक उन्हें निस्तारित कराया जाए। मंडलायुक्त ने राजस्व संग्रह अनुभाग का निरीक्षण कर सीआरए को निर्देश दिए कि सेवानिवृत होने वाले अमीनो की लंबित आरसी को नए अमीनो के कार्यों में शामिल करते हुए जल्द से जल्द उनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डिस्पैच पटलों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सभी कक्षों के डिस्पैच रजिस्टरों को कंप्यूटराइज किया जाए और जिन कार्मिकों के पास कम्प्यूटर नहीं है, उन्हें कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के पूर्व मंडलायुक्त ने निर्वाचन नामावलियों के गहन पुनरीक्षण कर के अंतर्गत जनपद के पोलिंग बूथ पर कार्यरत ब्लू सुपरवाइजर और संबंधित तहसीलदारों से वर्चुअल मीटिंग कर फार्म 6, 7 और 8 के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और मौके पर बूथों पर उपस्थित मतदाताओं से भी वर्चुअल संवाद किया।

- समस्या निस्तारण के लिए अपने पटल को अप टू डेट रखें: मंडलायुक्त
- बीएलओ, सुपरवाइजर और तहसीलदारों को दिए निर्देश, मतदाताओं से भी किया संवाद

राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,19,814 वाद निस्तारित, 9,33,612 वसूले

जिला संवाददाता

बांदा। जिला मुख्यालय व अतर्रा, बबेरू, नरैनी एवं तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का शनिवार को आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अल्पना ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पिता सिंह प्रथम ने बताया कि लोक अदालत में 1,19,814 वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए गये और 9,33,612 रुपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। जनपद न्यायाधीश अल्पना ने सिविल व क्रिमिनल के 14 वाद निस्तारित कर 1000 रुपये अर्थदण्ड लगाया। प्रथम पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार ने 52 वाद निस्तारित कर 1,54,00,000 रुपये बीमा कंपनियों से पीड़ित पक्षो को दिलाए। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रदीप सिंह ने पारिवारिक वादों से संबंधित 59 वाद निस्तारित किए साथ ही प्री-लिटिगेशन के दो वाद निस्तारित किए। डॉ विकास श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला जज दो वाद निस्तारित कर 1,24,110 रुपये अर्थदण्ड लगाया। गगन कुमार भारती अपर जिला जज एससी, एसटी ने 5 वाद, छोटेलाल यादव अपर जिला जज 5, श्रीपाल सिंह विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने विद्युत अधिनियम संबंधी 32 वाद निस्तारित कर 6,89,957 रुपये अर्थदण्ड लगाया साथ ही विद्युत के 5 हजार वाद प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किए। अर्पिता सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन ने उत्तराधिकार के 9, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार चैधरी ने एमवी एक्ट के सबसे अधिक 3 हजार वाद निस्तारित कर 2 लाख रुपये अर्थदण्ड लगाया। अपर सीजेएम रेलवे 531, सिविल जज जूनियर डिवीजन अर्पिता साहू ने उत्तराधिकार के 39, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ने तीन वाद सुलह के जरिए निस्तारित किए। अतिरिक्त सिविल जज एफटीसी-1 ने 7 वाद, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी 12, सिविल जज जूनियर डिवीजन अतर्रा 7, आलोक कुमार वर्मा न्यायाधिकारी नरैनी 3, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा 14 लघु वाद व एनआई एक्ट संबंधी 6 वाद निस्तारित किए। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यवीर सिंह ने 6 लघु वाद व 6 एनआई एक्ट वाद निस्तारित किए। बैंक ने 1743 वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कर 27,52,00,000 रुपये कर्जदारों से वसूल किए तथा बीएसएनएल ने 24 वाद निस्तारित कर 12,297 वसूले। लोक अदालत उद्घाटन समारोह में सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, सचिव राजेश कुमार त्रिपाठी, रविशंकर जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक, न्यायालय प्रबंधक भारत भूषण वर्मा व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

गंगा बैराज में कूदकर सिपाही ने की आत्महत्या

बिजनौर। बिजनौर अभियोजन कार्यालय के एक सिपाही ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। सिपाही का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने शनिवार को बताया कि बिजनौर अभियोजन कार्यालय में तैनात सिपाही नितिन वत्स (36) ने शुक्रवार को गंगा बैराज में कूदकर आत्महत्या कर ली।

घटनास्थल पर नितिन की मोटरसाइकिल मिली है। शनिवार को गोताखोरों ने नितिन का शव बरामद किया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

छह केंद्रों पर हो रही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

सोनभद्र। जिले में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों के लिए सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा शनिवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई है। सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई।केंद्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की आई स्कैनिंग और बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया, जिसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।जिले में इस परीक्षा के लिए कुल छह केंद्र बनाए गए हैं,जहां शनिवार और रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है।परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन ने पूरे जिले को दो जोन और छह सेक्टरों में विभाजित किया है।प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है।पुलिस कार्यालय परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है,जहां से सभी केंद्रों की गतिविधियों की लगातार निगरानी हो रही है।सुरक्षा व्यवस्था में 240 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है,साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और प्रमुख चैराहों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।बताते चलें कि दो दिनों में कुल छह परीक्षा केन्द्रों पर कुल 9600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं कल एक पाली में 2400 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे,इसमें आदर्श इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज में 240, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज में 240,राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 240 परीक्षार्थी शामिल होंगे।वहीं राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज में 480, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 720 तथा चंद्र गुप्त मौर्य इंटर कॉलेज मधुपुर में 480 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें आई-स्कैनिंग और बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।यह परीक्षा ओएमआर शीट पर ऑफलाइन आयोजित की जा रही है।किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना को रोकने के लिए केंद्रों के आसपास 100 मीटर के दायरे में साइबर कैफे और फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रखी गई हैं।

सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का आयोजन

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर में यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण विषय पर आधारित सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर कर्मचारियों, श्रमिकों, विद्यालय शिक्षकों तथा संविदा श्रमिकों ने दैनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व, सतर्कता, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षित जीवनशैली के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका सेफ्टी हेड अरविंद सिंह,निखिल जैन एवं ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति और जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सुरक्षित

कार्य वातावरण को बढ़ावा मिलता है।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम का सफल संचालन सेफ्टी विभाग के अधिकारी शैलेश श्रीवास्तव ने किया।

संक्षेप

विवाहिता फांसी पर झूली

बभनी (सोनभद्र) स्थानीय थाना बभनी अंतर्गत पोखरा गांव में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पोखरा निवासी राम प्रसाद ने थाने में लिखित सूचना दी कि उनकी पत्नी फुलेसरी देवी (उम्र करीब 30 वर्ष) ने शुक्रवार (13 मार्च 2026) की रात घर के पास स्थित एक महुआ के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया की घटना के संबंध में सूचना दर्ज कर ली गई है शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

ट्रेन हादसे में युवक की मौत

बीना/सोनभद्र। स्थानीय चौकी अंतर्गत शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे कृष्णशिला जीएम ऑफिस के सामने बनी पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति रेलवे ट्रेन की चपेट में आ गया।बताया जा रहा है कि हादसे में अरुण विवार पुत्र मुन्नालाल, उम्र 19 वर्ष निवासी घरसंड़ी पहाड़ी, चैकी बीना, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका दाहिना हाथ कट गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को उपचार के लिए अटल हॉस्पिटल, बीना पहुंचाया गया।अत्यधिक रक्त स्राव की वजह से स्थिति काफी गंभीर हो गई थी।अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

बलात्कार के आरोप में युवक गिरफ्तार

बलिया। जिले की रसड़ा पुलिस ने एक किशोरी को कथित रूप से शादी का झांसा देकर सात साल तक बलात्कार करने के आरोप में 26 वर्षीय युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को थाना क्षेत्र के मेरू राय का पुरा गांव का राजू प्रजापति नामक विजातीय युवक शादी का झांसा देकर करीब सात वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा और उसके साथ पति के रूप में रहता रहा। किशोरी ने जब राजू से शादी करने की बात कही तो राजू प्रजापति ने शादी करने से इनकार कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस मामले में किशोरी की शिकायत पर राजू के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को रेलवे स्टेशन रसड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वर्तमान समय में किशोरी की उम्र 23 साल है।

रेणुकूट में व्यापार मंडल चुनाव की सरगर्मी तेज

अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रेणुकूट/सोनभद्र। स्थानीय नगर में व्यापार मंडल चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को चुनाव प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने आगामी चुनाव की सूचना क्षेत्रीय उपजिलाधिकारी निखिल यादव को दे दी। इस दौरान प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया गया। उपजिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

बताया जा रहा है कि शनिवार तक व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के लिए पांच व्यापारियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। अध्यक्ष पद की दौड़ में सत्येंद्र कुमार यादव, रामकुमार जायसवाल, अलाउद्दीन, बृज किशोर गुप्ता और सैयद अली अंसारी शामिल हैं। इन नामों के सामने आने के बाद चुनाव को लेकर बाजार क्षेत्र में चचाएं तेज हो गई हैं और व्यापारी वर्ग में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।इसी बीच चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया भी जारी है। चुनाव प्रबंधन समिति के अनुसार अब तक लगभग 400 व्यापारियों ने सदस्यता लेकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है, और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 11 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

समिति में शिवकुमार सिंह, बिंदु गिरी, अमरेंद्र सिंह, रियासत अली, उमानाथ, रामचंद्र, विजय प्रताप सिंह, यतीश पटेल, राज वर्मा, नागेंद्र जायसवाल और आनंद अग्रहरि को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य चुनाव की पूरी प्रक्रिया नामांकन, जांच, मतदान और मतगणना को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे। व्यापार मंडल चुनाव को लेकर नगर के व्यापारियों में उत्साह का माहौल है। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और बैठकों के साथ चुनावी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। व्यापारियों का मानना है कि नए नेतृत्व के चयन से व्यापारिक हितों को मजबूती मिलेगी और बाजार से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

ईद से पहले मेरठ में सख्तीः 100 लोगों को रेड कार्ड नोटिस की तैयारी

मेरठ। ईद के मद्देनजर मेरठ पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे करीब 100 लोगों को चिन्हित किया है, जिन्हें जल्द ही रेड कार्ड नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों पर पहले भी उपद्रव या त्योहारों के दौरान तनाव की स्थिति पैदा करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने शनिवार को बताया कि ईद पर शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी इस्लामी धर्मगुरुओं और मस्जिद प्रबंधन समितियों से समन्वय स्थापित किया है। जिले की 544 मस्जिदों और 146 ईदगाहों के प्रबंधन से अधिकारियों ने बातचीत की है और सभी ने आश्वासन दिया है कि किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसएसपी ने कुछ मीडिया संस्थानों में प्रसारित उन खबरों का भी खंडन किया, जिनमें उनके हवाले से सड़कों पर नमाज पढ़ने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के पासपोर्ट निरस्त करने की बात कही गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की ओर से ऐसा कोई नया निर्देश जारी नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई जरूर की जाएगी। वहीं नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड की समीक्षा करके ऐसे लोगों की पहचान की है, जो त्योहारों के दौरान विवाद या तनाव की स्थिति उत्पन्न करने में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 100 लोगों को रेड कार्ड नोटिस जारी किए जाएंगे। रेड कार्ड नोटिस के तहत किसी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर गिरफ्तार किया जा सकता है। इसमें किसी भी धर्म के लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस में चेतावनी दी जाएगी कि यदि ईद के आसपास किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी कदम उठाए जा सकते हैं।

तारकोल के मिश्रण से उठ रही दुर्गंध

जौनपुर। मुफ्तीगंज विकास खंड के रामपुर गांव में केराकत जौनपुर मार्ग के किनारे पर ठेकेदार द्वारा अस्थाई प्लांट बैठाकर गिट्टी व तारकोल का मिश्रण करते समय उठ रहे दुर्गंध से रोड पर चलना लोगों का दूभर हो गया है जब कि जहां पर मिश्रण किया जा रहा है वहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज सटा हुआ है ।उसमें दवा लेने आये मरीज व उनके तीमारदारों ने बताया कि अलकतरा का इतना दुर्गंध आ रहा है कि घुटन जैसा महसूस हो रहा है क्षेत्र की जनता का कहना है कि मिश्रण का कार्य ठेकेदारो को मैदानी इलाकों में करना चाहिए जिससे कोई को कठिनाई न हो लेकिन ठेकेदारो को जनता से कुछ लेना देना नहीं है।

हिण्डालको रेनुसागर ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैः आर.पी. सिंह

अनपरा/सोनभद्र। हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा टीटीएमडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित स्वावलम्बन कार्यक्रम के तहत 104 ग्रामीणों को विभिन्न उपकरण एवं प्रमाण पत्र वितरित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओं को सिलाई मशीन, कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु 11 समूहों को स्प्रे मशीन, 7 खेल टीमों को वॉलीबॉल नेट, 12 विद्यालयों को दरी, तथा गायन एवं वादन समिति को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रदान किए गए। इसके साथ ही कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त 15 विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह, मानव संसाधन विभाग के हेड आशीष पांडेय, डॉक्टर मुकूल बिंदा तथा विभिन्न विद्यालयों की प्रधानाचायाओं एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वावलम्बन से ही मजबूत होगा ग्रामीण समाज। हमारा संस्थान सदैव अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और स्वावलम्बन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्वावलम्बन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने कौशल का उपयोग कर रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकें।कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रगान के पश्चात हेड एच आर आशीष पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि हमारा संस्थान न केवल एक औद्योगिक इकाई हैं, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के भागीदार भी हैं।

वीवा क्लब ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का किया आयोजन

सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च को रुशी लिड्स भारत थीम पर आधारित एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।एनटीपीसी की महिला कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण, नेतृत्व क्षमता और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए. जे. राजकुमार, एम. सुरेश, अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कामना शर्मा के साथ-साथ सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 3.00 बजे टीम बिल्डिंग गेम्स और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ हुई।प्रतिभागियों के लिए टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया, जिसमें गायन, कविता पाठ और भाषण जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। टॉक शो और प्रेरक भाषणों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व, आत्मविश्वास और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। इनमें बंगाली ग्रुप डांस, ḫओ रे चिड़ियाḫ, ḫह्यूमन पावर्डḫ, ऑपरेशन सिंदूर, सेल्फ डिपेंडेंट, डुएट ग्रुप प्रस्तुति, फाइनेंशियल अवेयरनेस, जेल एक्ट, ओ शक्ति तथा होली डांस जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को दर्शार्या गया। कार्यक्रम का समापन एक भव्य ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को उत्साह और गर्व से भर दिया। इसी क्रम में शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य दौर प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्य चिकित्सालय) द्वारा स्किल वर्कशॉप तथा हेल्थ एंड वेलनेस सत्र भी आयोजित किया गया, जिससे महिलाओं को स्वास्थ्य, आत्मविकास और कौशल संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही सभी को आत्मरक्षा के टिप्स भी प्रदान किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को वुमन अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी के अंतर्गत सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया और इस अवसर को एक उत्सव के रूप में मनाया।कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना कुमारी, वरिष्ठ प्रबंधक (एफईएस) एवं राज भारती, सहायक अभियंता (एयूडी) तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल वर्मा, सचिव वीवा एवं अपर महाप्रबंधक (एयूडी) द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे महासचिव वीवा हिमांशु कैथवास एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर । कुशीनगर में बाजार जा रहे एक युवक की कुछ लोगों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी और पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। घटना की वजह बीते दिनों मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। घटना शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे बोदरवार बाजार में हुई।

पुलिस के अनुसार कप्तानगंज थाना के बोदरवार बाजार के 30 वर्षीय गोविंद साहनी घटना के समय घर से कुछ दूरी पर लगने वाले बाजार में सब्जी लेने जा रहे थे। परिजनों के अनुसार बाजार के ही दलित बस्ती निवासी सुभाष व उसके घर के लोग गोविंद को रास्ते में रोककर लाठी से पीटने लगे।

शोर सुनकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी परिजन को दी। मां सुभद्रा भाग कर मौके पर पहुंची तो गोविंद खून से लथपथ व अचेत पड़े थे। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया।

इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि वह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन व लोगों से घटना की जानकारी ली। आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी शुरू की गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

परिजनों के अनुसार 15 दिन पूर्व ही सुभाष व गोविंद के बीच मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। तब सुभाष ने गोविंद को अपशब्द कहते हुए जान की धमकी दी थी।

पेड़ से लटकी मिली अधेड़ की लाश

एटा। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नयी बस्ती में शनिवार सुबह 50 वर्षीय अधेड़ का शव एक बाग में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान सरवन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर अलीगंज कोतवाली के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

परीक्षा केन्द्रों पर डीएम ने ली व्यवस्थाओं की जानकारी

जौनपुर ।जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा टी. डी. कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं आवश्यक व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी ली। परीक्षा हेतु जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 14 मार्च एवं 15 मार्च 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जनपद में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक एवं लगभग 700 कक्ष निरीक्षक की तैनाती गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए विगत कई दिनों से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जा रहा है।

कट रहे चालान, नहीं सुधर रहे वाहन चालक

जौनपुर। जनपद में यातायात के नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस रोज-रोज हजारों की संख्या में चालान काट रही है लेकिन लोगों के व्यवहार में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आ रहा है। अगर पिछले एक सप्ताह के चालान के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 11 मार्च को 837 चालान कटे हैं जो हजार से थोड़ा कम हैं। 6 मार्च को 1802, सात मार्च को 1446, आठ मार्च को 1272, नौ मार्च को 1291, दस मार्च को 1044, बारह मार्च को 1498 तथा तेरह मार्च को 1324 चालान काटे गए।इससे यह स्पष्ट है कि यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस सख्त हो गई है लेकिन लोग हैं कि न उन्हें चालान की चिंता है और न अपने जान की चिंता है। वास्तव में यह समस्या केवल पुलिसिया समस्या नहीं है। मामला लोगों के समझ और संवेदनशीलता से जुड़ा हुआ है जिसके लिए कानूनी हथकंडों से अधिक व्यवहार परिवर्तन पर जोर देने की आवश्यकता है। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है समाज का प्रबुद्ध वर्ग स्वयं इन बातों पर अमल करके नैतिक प्रभाव उत्पन्न करे। सड़क पर सबसे विचित्र स्थिति तब दिखाई देती है जब पुलिस वाले बिना हेलमेट के चलते दिखते हैं और कुछ लोग केवल चालान से बचने के लिए हेलमेट को बाइक में बांधकर चलते हैं कि अगर कहीं सघन चेकिंग चल रही हो तो हेलमेट पहन लेंगे। जनपद में नये-नये हाइवे बन रहे हैं ।सड़कें विश्वस्तरीय मानक पर तेज रफ्तार वाली बन रहीं हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर हम बीसवीं सदी में ही जी रहे हैं। शिक्षा और नैतिक प्रभाव पर बिना जोर दिये जमीनी हकीकत को बदलना बहुत कठिन है।

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में मीना मेला का हुआ आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मीरजापुर। लालगंज। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय तुलसी में शनिवार को एकदिवसीय मीना मेला और करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान तुलसी राम कुमार , वरिष्ठ अध्यापक सच्चिदानंद मौर्य, साकेत प्रियरंजन दुबे, अंजना सिंह, श्याम जी मौर्य, सरोज कमलेश ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीपक प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मीना मंच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। मीना मेला और काउंसिल में विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनियां लगाई गई। इनमें फुटका पापड़, टिक्की, प्रकाश संश्लेषण क्रिया का मॉडल पौधों के भाग इकोसिस्टम चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण के मॉडल प्रमुख थे। बच्चों ने इन मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामकुमार ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि मीना मंच के माध्यम से बच्चों को जीवन में आने वाली समस्याओं से परिचित कराया जाना चाहिए और उनके समाधान का रास्ता बताया जाना चाहिए ताकि बच्चे अपने मन की बात अभिभावकों की तरह शिक्षकों से साझा कर सकें। इस मौके पर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय तुलसी के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि बालक और बालिका को समान रूप से पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है और सभी के लिए समान शिक्षा सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार केसरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर साकेत प्रियरंजन दुबे, आनंद सिंह, राकेश यादव, श्याम जी मौर्य, अंजना सिंह, सरोज कमलेश, दिलीप कुमार यादव, नरेश कुमार केसरी, मनोज तिवारी, बेबी निदा, ताहेरून निशा, गणेश प्रसाद, अभिषेक सिंह, उमेश चतुर्वेदी, आशुतोष पांडे, प्रिया कश्यप, रीना मिश्रा, अमरनाथ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मां शाकुम्बरी देवी मेले में श्रद्धालुओं को न हो असुविधाः योगी

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिंदू श्रद्धालुओं की सबसे प्रमुख देवी मां शाकुम्बरी देवी के 19 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों और वहां चल रहे निर्माण कार्यों की आज दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और मंदिर जाकर मां शाकुम्बरी देवी की पूजा-अर्चना की, प्रसाद चढ़ाया एवं आशीर्वाद मांगा।मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद कमिश्नर डा. रूपेश कुमार और डीआईजी अभिषेक सिंह एवं अन्य विभागीय अफसरों को निर्देश दिए कि मेला स्थल की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाए, साफ सफाई की पूरी व्यवस्थाएं की जाएं, वाहनों के पार्किंग की अच्छी व्यवस्था की जाए और मां शाकुम्बरी देवी स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखी जाए

नहर में मिला शव

सुल्तानपुर। जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव नहर में मिला। ग्रामीणों ने नहर में एक व्यक्ति का शव दिखने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकलवाया। व्यक्ति के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शिवगढ़ के थाना प्रभारी शिवगढ़ चंद्रभान वर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान समर बहादुर (55) के रूप में हुई है जो भरखरे का निवासी है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

गैस की किल्लत से आगरा का पेठा कारोबार संकट में

आगरा। व्यावसायिक एलपीजी गैस की किल्लत होने से आगरा में पेठा कारोबार पर भारी संकट मंडराने लगा है और गैस आधारित पेठा इकाइयां करीब-करीब बंदी के कगार पहुंच गई हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों ने शनिवार को यह दावा किया।जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और जो कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहीद भगत सिंह पेठा कुटीर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि गैस की बाधा से पेठा कारोबार पर जबरदस्त असर पड़ा। उन्होंने बताया कि पेठा इकाइयां बंद होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयां तो पूरी तरह से बंद हो गई हैं जबकि कुछ इकाइयों के पास गैस बची है और उसी से उत्पादन किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि यदि गैस की आपूर्ति सुचारु नहीं होगी तो बाकी इकाइयां भी जल्दी बंद हो जाएंगी। कारोबारियों ने कहा कि गैस की किल्लत से व्यापार पर भारी असर भी पड़ रहा है, इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों को भी काम मिलना बंद होने लगा है तथा उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि व्यावसायिक गैस की आपूर्ति में तेजी लाए जाए जिससे पेठा उद्योग के बचाया जा सके। हालांकि जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने शुक्रवार को कहा था कि गैस की कोई किल्लत नहीं है, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

लोक अदालत की मूल भावना में जन कल्याण समाहितः आर. के. वर्मा

जिला संवाददाता

अयोध्या। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा किया गया। वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा

● राष्ट्रीय लोक अदालत में 81803 मामलों का हुआ निपटारा

द्वारा किया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश ने बताया गया कि लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान, सभी का सम्मान, सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह-समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं। इसी को देखते हुए सुलह-समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़तें थे। सुलह समझौते में दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेश, मतभेद एवं दुर्भावना समाप्त हो जाती थी।

लोक कल्याण के भावना से ओत-प्रोत उसी स्वरूप को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल, एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह-समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने के निर्देश दिये जाते हैं, जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित है। उन्होंने आगे कहा कि लोग मिल-जुल कर प्रेम भावना से रहे, जो समाज एवं राष्ट्र के हित में है। यदि आपसी मतभेद पनपते भी हैं, तो उसे शांत एवं सद्भाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए। यदि प्रथम प्रयास में दोनों पक्ष सफल नहीं होते है तभी उन्हें न्यायालय के शरण जाना चाहिए। जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि जनपद न्यायालय परिसर के अतिरिक्त कलेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों में आपसी सुलह-समझौता के आधार पर वादों का निस्तारण कराया जाएगा।इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला द्वारा कथन किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालय व कार्यालय की प्रक्रियात्मक जटिलता से इतर सस्ता, सुलभ व त्वरित न्याय सभी को उपलब्ध कराना है। इस क्रम में नियमित अंतराल पर होने वाली लोक अदालत का आयोजन इसी दिशा में बढ़ाया गया एक सराहनीय कदम है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणने कहा गया कि सुलह समझौते के माध्यम से वादकारी के धन व समय की बचत होती है। उन्होंने बताया की धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल, (अशमनीय वादों को छोड़कर) अन्य आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एंव अन्य व्यवहार वाद, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय में लम्बित हों, अन्य सिविल वाद आदि निस्तारित किये गये।

दीपक यादव, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं रंजिनी शुक्ला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय के अनुसार शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 81803 वादों को निस्तारित किया गया एवं कुल समझौता राशि मु0 182350335 रू. है। जिसमें पीठासीन अधिकारी (वर्चुअल कोर्ट) निवेदिता सिंह ने अथक प्रयास करते हुए 32436 वादों का निस्तारण किया। उनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया है। रवि कांत न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा एतएसीटी में कुल 138 केस निस्तारण हेतु नियत थे, जिसमें से कुल 115 वाद निस्तारित किये गये, जिस पर कुल 10,14,69,769/- रू0 की धनराशि क्षतिपूर्ति निर्धारित की गयी। बैंक रिकवरी से संबन्धित 1084 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक संबन्धित ऋण मु0-6,88,91,512/- रू0 का सेटेलमेंट किया गया, जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक है।

यह एल0डी0एम0 गणेश सिंह यादव द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम है। पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित 69 मुकदमों को निस्तारित किया गया है, जिसमें कई पुराने वाद निस्तारित किये गये। वाणिज्यिक न्यायालय से सम्बन्धित 11 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें 53,92,833/- रू0 सेटेलमेंट किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 4256 वाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 2082 वादों का निस्तारण किया गया जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक वाद निस्तारित किया गया है। राजस्व मामलों से संबन्धित 29608 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये। इस अवसर पर रवि कान्त पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0, वेद प्रकाश वर्मा, पीठासीन अधिकारी, कामर्शियल न्यायालय, शिवानी जायसवाल, पीठासीन अधिकारी, सुरेन्द्र मोहन सहाय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम, राकेश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, निरूपमा विक्रम, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-प्रथम, रजत वर्मा, विशेष न्यायाधीश, विशेष कोर्ट सं0-01, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपक यादव अपर जनपद न्यायाधीश, अपर जनपद न्यायाधीश मोहिन्दर कुमार, प्रतिभा नारायण, प्रेम प्रकाश, इन्द्रजीत सिंह, अनिल कुमार वर्मा, अर्चना तिवारी, प्रदीप कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट सुधांशु शेखर उपाध्याय व अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभात फेरी, योगाभ्यास, झंडारोहण कर स्वयसेवकों ने किया जागरुकता संगोष्ठी का शुभारंभ

जैदपुर, बाराबंकी। खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठवें दिन का शुभारम्भ स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, योगाभ्यास, परेड, झंडारोहण कर किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता कुमारी के नेतृत्व में चयनित ग्राम रहीमाबाद व सतावां में नशा मुक्ति रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगनों जो करेगा नशा, उसकी होगी दुर्दशा, जब नशे का नाश होगा, देश का विकास होगा, जन जन ने ठाना है नशे को मिटाना है के नारे के साथ जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र मे मुख्य अतिथि पूर्व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ वी0के0 गौतम ने कहा कि कि अपनी ऊर्जा, रचनात्मकता और तकनीकी के माध्यम से आर्थिक विकास, सामाजिक सुधार और राजनैतिक स्थिरता ला सकते हैं। क्यूंकि हमारे देश में सबसे ज्यादा युवा आबादी लगभग 65 प्रतिशत है। जब युवा नवाचार की ओर अग्रसर होगा तो देश अपने आप प्रगति करता रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी सत्येन्द्र कुमार, रामरूप वर्मा, जितेंद्र कुमार, इंदराज वर्मा पुस्तकालय प्रभारी, उदयराज सिंह, जगजीवन प्रसाद मौजूद रहें।

परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों का मिठाई खिलाकर आभार जताया

सआदतगंज, बाराबंकी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराये जाने को लेकर गांधी पंचायत इंटर कालेज प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा मे लगे केन्द्र व्यवस्थापक को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुये आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक संतोष अवस्थी, परीक्षा प्रभारी अनिल निगम, दुर्गेश तिवारी, अनिल नाग, आर0पी सिंह, देवेन्द्र शुक्ला शामिल रहे।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर में आज होगा चुनाव

जिला संवाददाता

बाराबंकी। लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज रविवार को तीन पदो पर चुनाव मतदान प्रक्रिया की शुरूआत सुबह 10 बजे से शुरू होगी। और शाम 4 बजे तक चलेगी।

तत्पश्चात 4 बजकर 30 मिनट से मतगणना की शुरूआत होगी।

● प्रधान, सचिव सहित कोषाध्यक्ष पद के लिये आज पड़ेंगे वोट

गुरुद्वारा परिसर लंगर हाल मे चुनाव अधिकारी श्रीमती महेन्द्र कौर व उनके सुपुत्र सरदार जसबीर सिंह की देख-रेख में चुनाव सम्पन्न होगा। पिछले 6 वर्षो से चुनाव के बिना चल रही कार्यकारिणी के खिलाफ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को शिकायत के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप पर आज 15 मार्च को चुनाव सम्पन्न होगा। प्रधान पद पर सरदार स्वर्ण सिंह व भूपेन्द्र सिंह आमने-सामने है।

सचिव पद पर डा0 जसविन्दर सिंह व हरपाल सिंह एंव कोषाध्यक्ष पद पर अमरजीत सिंह व हरप्रीत सिंह के मध्य मुकाबला है। चुनाव अधिकारी द्वारा तय किये गये मानक के अनुसार बाराबंकी के सिक्ख समाज के मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लगभग 560 मतदाता 3 उम्मीदवारो के भाग्य का फैसला करेंगे।

चुनाव में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो जिसके लिये पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

वीड़ियोग्राफी में पूरा चुनाव व मतगणना प्रक्रिया सम्पन्न होगी। तत्पश्चात विजयी उम्मीदवारो को प्रमाण पत्र सौंपा जायेगा।

चौरासी कोसी पथ निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

जिला संवाददाता



गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में बालापैकोली रोड स्थित चैरासी कोसी पथ पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर इलाके में विवाद खड़ा हो गया है।इलाकाई लोगों और प्रभावित किसानों ने आरोप लगाया है

● दूसरे की खतौनी पर चल रहा काम, किसानों की जमीन पर संकट, बढ़ी नाराजगी

कि निर्माण कार्य में अधिग्रहण भूमि के बजाय दूसरे की खतौनी पर काम कराया जा रहा है, जिससे कई लोगों की जमीन प्रभावित हो रही है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। पीड़ितों में जयप्रकाश साहू, विजय कुमार गुप्ता, डॉ. बाबर अली, सरस्वती देवी सहित कई स्थानीय लोग शामिल हैं। इन लोगों का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत डीएम, एसडीएम, अधिशासी अभियंता और तहसील दिवस में भी की है। पीड़ितों की मांग है कि निर्माण कार्य से पहले भूमि की सही पैमाइश कराई जाए और भारत सरकार द्वारा जारी एलएमपी मानकों के अनुसार ही काम कराया जाए, ताकि किसी की जमीन का गलत तरीके से नुकसान न हो।

शिकायत के बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की, जिसमें बताया जा रहा है कि जमीन की स्थिति में करीब 12.30 मीटर का अंतर पाया गया। इस अंतर को लेकर ही इलाकाई लोगों में सबसे ज्यादा नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह निर्माण कार्य होता रहा तो कई लोगों की जमीन गलत तरीके से प्रभावित हो सकती है।

वहीं इस पूरे मामले पर कार्यदायी संस्था का कहना है कि उन्हें जो कोऑर्डिनेट दिए गए हैं, उसी के आधार पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संस्था के अनुसार उन्हें जो निर्देश मिले हैं, वे उसी के अनुसार काम कर रहे हैं।

इलाकाई किसानों और काश्तकारों का कहना है कि जब तक भूमि की दोबारा सही पैमाइश और सीमांकन नहीं हो जाता, तब तक निर्माण कार्य रोक दिया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि यदि समय रहते इस मामले का समाधान नहीं किया गया तो कई परिवारों की जमीन पर संकट खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य जरूर होना चाहिए, लेकिन किसी की जमीन पर अन्याय करके नहीं।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सही सीमांकन कराकर ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाए। अगर उनकी शिकायतों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं।

परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाया

बहराइच। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया त्रैमासिक निरीक्षण

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, प्रभारी इवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा व अन्य अधिकारियों, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण शुक्ल, सपा के उपाध्यक्ष अनिल यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हमजा शफीक व बसपा के जिला संयोजक सुखराम प्रजापति के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर प? जल निगम के अवर अभि. संदीप जायसवाल, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र गंगवार मौजूद रहे।

होलसेल औषधि दुकानों का निरीक्षण करने पहुंची डीआई राजिया बानो

बाराबंकी। जनपद में संचालित थोक औषधि दुकानो एवं गोदामों का जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला औषधि निरीक्षक ने गांधी नगर हेडपोस्ट ऑफिस स्थित मान्या इण्टरप्राइजेंज, नई सड़क स्थित मौर्या फामेर्सी, अन्वारी बेहटा स्थित टी स्पून

● कोडिनयुक्त कफ सिरप और नारकोटिक्स औषधियों की सघन जांच
● 12 औषधि का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण के लिए भेजा प्रयोगशाला

फार्मासियुटिकल्स इण्डिया प्रा0 लि0, धरम नगर बडेल स्थिल श्री गोपाल जी इण्टरप्राइजेज, सुधियामऊ स्थित एस0आर0 ड्रग हाउस, मुशीगंज लखन मार्केट में विशाल इण्टरप्राइजेज, मन इण्टरप्राइजेज, वैश फार्मा, ए0एफ0 फार्मासियुटिकल्स, अभिषेक सर्जिकल एण्ड मेडिकल्स, खुशी फार्मा, पी0एस0 ट्रेडर्स, जय भारत इण्टरप्राइजेज एण्ड मेडिकल सप्लायर्स एवं फतेहपुर स्थित श्याम सुन्दर मेडिकल्स का निरीक्षण करते हुये औषधि लाइसेन्स, लाइसेन्स के प्रकार, प्रतिष्ठान का किरायानामा, भवन स्वामी का वैध अभिलेख, प्रतिष्ठान में जाने का मार्ग भण्डारण हेतु प्रयाप्त व्यवस्था, फार्मासिस्ट, कॉम्पीटेन्ट पर्सन की उपस्थिति सहित कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं नारकोटिक्स औषधियों की सघन जांच की गई। जाँच के दौरान प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या को प्रेषित किया गया। तथा साथ ही मेडिकल स्टोर में रखी विक्रयार्थ प्रदर्शित औषधियों में से 12 औषधि का नमूना संग्रहित कर जांच एवं विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जिसके बाद लाइसेंस की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर लाइसेन्स निलम्बन/निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

2.43 करोड़ से बनी टंकी से ग्रामीणों को मिला पेयजल

अयोध्या। जिले के तारून विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी से अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया है। इस अवसर पर गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण के टिप्स भी दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में दो करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। इस योजना के तहत अब तक 484 ग्रामीणों को घर-घर पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राजेश्वरी वर्मा के प्रतिनिधि ने फीता काटकर जल अर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ग्राम प्रधान राजेश्वरी वर्मा ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि जल ही जीवन है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कई बार लोग नल खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी बेकार बहता रहता है, ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जल निगम विभाग की ओर से ग्राम प्रधान राजेश्वरी वर्मा, अवर अभियंता सौरभ पांडे, इंजीनियर रन विजय यादव एवं पंप ऑपरेटर शिवमंगल पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र सिंह, सहायक अभियंता अजीज अहमद, अवर अभियंता सौरभ पांडेय एवं साइट इंजीनियर ऋषभ पांडेय सहित दर्जनों ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

लोक अदालत में डीएम ने निस्तारित किये 16 वाद

बहराइच। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा 10 राजस्व वाद, 02 फौजदारी वाद, 01 अन्य वाद तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 03 कुल 17 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित 03 वादों का निस्तारण करते हुए डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा धनराशि रू. 11 लाख 02 हजार 960 जमा कराया गया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ मौजूद रहे।

टीआरसी लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जिला संवाददाता

सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी, लखनऊ विश्वविद्यालय विधि

● प्रतिभागियों छात्रो को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

विभागाध्यक्ष प्रो0 डा0 हरीश चन्द्र राम ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। संगोष्ठी कार्यक्रम मे प्रतिभागियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। विजयी प्रतिभागियो को स्मृति चिन्ह एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो0 राम ने कहा कि पुरातन समय में भारतीय न्यायिक प्रणाली का विकास व संस्थानीकरण हुआ। किन्तु मध्यकाल में पुरातन न्यायिक प्रणाली व संस्थाओं को समाप्त किया गया। डा0 प्रदीप कुमार ने कहा कि बिना किसी भेदभाव सभी व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना ही भारतीय परम्परा का मूल रहा है, जिससे सभी को समान अधिकार व अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डा0 अविनाश मिश्रा, डा0 वीर विक्रम सिंह, डा0 शिव शरन, डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, डा0 मंजय कुमार यादव, डा0 अमजद अंसारी, डा0 प्रमोद कुमारण पाण्डेय, डा0 धर्मेन्द्र कुमार, प्रवक्ता अंकित मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 190387 वाद

बहराइच। म्राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार इएवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 90 हजार 387 वादों का

● राजस्व के 180004 वादों का हुआ निस्तारण
● सेटेलमेन्ट की धनराशि रही रू. 17 करोड़ 47 लाख 670

निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार सिंह, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश सुश्री कविता निगम, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट) सुनील प्रसाद, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) अरबिंद कुमार गौतम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश विराट शिरोमणि, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी-प्रथम आनन्द शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच के कुल 190387 वादों का निस्तारण किया गया।

जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 9227 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दीप कान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 64 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 09 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1069 मामले तथा राजस्व के 180004 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 17 करोड़ 47 लाख 670 रही।विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइन्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्धान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

होली मिलन में जुटे कायस्थ जन

बहराइच। चित्रगुप्त समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन शहर के दयाल उत्सव में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार निगम ने किया कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के महामंत्री सुशील श्रीवास्तव ने किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नानपारा से आए राजीव श्रीवास्तव ने समाज को एकजुट रहने की अपील की ।उन्होंने कहा कायस्थ समाज के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद,स्वामी विवेकानंद,लाल बहादुर शास्त्री,जय प्रकाश,मुंशी प्रेमचंद्र, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के कृत्यों को याद करके गर्व महसूस करना चाहिए ।समाज के संरक्षक कुलदीप सिन्हा ने समाज को एकसूत्र में रहने पर जोर दिया ।उन्होंने कहा समाज के लोगो को एक दूसरे के सुख दुख में अवश्य भागेदारी करनी चाहिए ।अध्यक्षता करते समिति के अध्यक्ष श्रवण निगम ने कहा कि कायस्थ समाज का स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर पुराना इतिहास रहा है ।हम सभी को अपने समाज के प्रति सजग रहने की जरूरत है ।एबीकेम के जिलाध्यक्ष शशांक सिन्हा ने कहा कि कायस्थ समाज के युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागेदारी करनी चाहिए ।हमे अपने पूर्वजों को प्रेरणाश्रोत मानते हुए उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए ।मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेश निगम ने कहा कि चित्रगुप्त मन्दिर का भव्य निर्माण गतिमान है ।मन्दिर भव्य एवं दिव्य बनकर तैयार होगा ।उल्लेखनीय हो कि बशीरगंज में चित्रगुप्त मन्दिर के नव निर्माण के चलते कार्यक्रम दयाल उत्सव पैलेस में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में इंजी. राधे श्याम श्रीवास्तव,डॉ. राहुल मोहन,अमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अकलू श्रीवास्तव,शिवम राज श्रीवास्तव,संध्या श्रीवास्तव,मधु श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम का समापन भगवान श्री चित्रगुप्त जी आरती, प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

संक्षेप

बरनाटीकर गौरीगंज में होगी श्रीराम कथा

अमेठी। ईश्वर की असीम अनुकम्पा से मुख्य यजमान श्रीमती गायत्री मिश्रा एवं राम सजीवन मिश्र ने जानकारी साझा किया कि कथा व्यास श्रद्धेय स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज महामृत्युंजय पीठाधीश्वर उज्जैन मध्य प्रदेश के मुखार बिंदु से अमृत वर्षा होगी ' इस दौरान कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार है कि 15 मार्च से 23 मार्च तक प्रतिदिन समय दो बजे से सायं 6 बजे तक अमृत वर्षा होगी ' पूर्णाहुति 24 मार्च दिन बुधवार को शाम 4:00 से प्रभु - हरि इच्छा तक विशाल भंडारा चलता रहेगा ' मुख्य यजमान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती अवधेश कुमारी , राजकुमारी , गीता मिश्रा एवं कमलेश मिश्रा , सुनीता मिश्रा मुकेश मिश्रा , एडवोकेट विनोद मिश्र , उमेश मिश्रा एवं काशी प्रसाद मिश्र के सहयोग के साथ ही आमजन को भगवान श्री राम की जीवनी का रस पान करने के लिए मुख्य यजमान ने क्षेत्रीय प्रतिष्ठित एवं कथा प्रेमियों श्रद्धालुओं से पुरजोर अपील किया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर अपने को कृतार्थ कर जीवन सफल बनायें।

करंट से बुजुर्ग की मौत

तिलोई, अमेठी । सिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा अंगूरी के गांव अशरफपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां लगभग 65 वर्षीय सूर्यपाल पुत्र पुर्दई की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सूर्यपाल अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान खेत के पास लगे बिजली के खंभे से करंट उतर आया और वे उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में मातम छा गया। थाना प्रभारी इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मना नारायण हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव

नसीराबाद,रायबरेली। छतोह ब्लॉक के रामबाग गोपालपुर में संचालित, क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चित नारायण हायर सेकेंडरी स्कूल ने शनिवार को अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह मोनू ने मां शारदा की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने मां वाणी की स्तुति में वंदना गीत और आगंतुकों के प्रति स्वागत गीत प्रस्तुत किए। स्कूल के प्रबंधक सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष रुप से तैयार किए गए एकल और सामूहिक गीत, नृत्य और लघु नाटिका आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।दर्शक दीर्घा में बैठे जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों सहित अभिभावकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम और उन्हें प्रशिक्षित करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।विशिष्ट अतिथि सलोन चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत पिछड़े हुए इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए विद्या के इस मंदिर की स्थापना वंदनीय है। यह संस्था निकट भविष्य में विकसित होकर महाविद्यालय का स्वरूप ग्रहण करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

विधायक ने किया अखिलेश सिंह स्मृति शिक्षण कक्ष का उद्घाटन

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुचरिया स्थित श्री मारुति नन्दन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मिलित हुई। उन्होंने विधायक निधि से नव निर्मित ह्यजननायक अखिलेश सिंह स्मृति शिक्षण कक्षह्ल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि लोगों के दिलों में राज करने वाले जननायक अखिलेश सिंह आज भी अपने कार्यों की बदौलत लोगों के हृदय में अपनी जगह एक सच्चे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित की है । बच्चों द्वारा किए गए मनमोहक प्रस्तुति करण पर उन्होंने शिक्षा और संस्कार के प्रति देश के समृद्धशाली इतिहास राष्ट्र के प्रति समर्पित लोगों से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार साझा किए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया, जो उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का सुंदर उदाहरण है। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों से आत्मीय भेंट और सार्थक संवाद करते हुए सदर विधायक ने कहा कि शिक्षा के प्रति हमारी सोच सकारात्मक रही है । छात्र हित में हर तरह का सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगी ।

मीडिया की भूमिका एक मार्गदर्शक की तरह : विश्व मोहन सिंह

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में मीडिया सराहना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। परियोजना प्रमुख बिष्व मोहन सिंह ने रायबरेली जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो प्रमुखों तथा प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया एवं उनके द्वारा मिल रहे सहयोग और योगदान के लिए कृतज्ञ भाव से उनकी सराहना की। श्री सिंह ने एनटीपीसी ऊंचाहार की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की चर्चा करते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में एनटीपीसी ऊंचाहार की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में आसपास के क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा कराए जा रहे सामुदायिक विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए परियोजना प्रमुख बिष्व मोहन सिंह ने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा विद्युत उत्पादन के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी पूरा फोकस किया जाता है।

कई दिनों बाद गैस सिलेंडर की खेप पहुंची, उपभोक्ताओं की लगी कतार

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कई दिनों बाद शनिवार को रसोई गैस सिलेंडरों की नई खेप पहुंचने पर दिनेश एचपी गैस एजेंसी जयसिंहपुर पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एजेंसी परिसर के बाहर सिलेंडर लेकर कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गैस आपूर्ति को लेकर पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं में बेचैनी बनी हुई थी, ऐसे में नई खेप पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। एजेंसी संचालक मुस्कान तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह 504 घरेलू गैस सिलेंडरों से भरा वाहन एजेंसी पर पहुंचा। फिलहाल उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किया जा रहा है, जिन्होंने पहले से बुकिंग कराई है और जिनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ओटीपी सत्यापन के बाद ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है, ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे। उधर एसडीएम प्रभात सिंह ने भी पुष्टि करते हुए बताया कि 504 सिलेंडरों की एक खेप पहुंची है और उसका वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक और गाड़ी आने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार गैस आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ता नियमित रूप से बुकिंग कराकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस रिमांड खारिज करने के आदेश को जिला जज की कोर्ट में दी चुनौती

सुलतानपुर (वीओएल)। तमंचा व कारतूस बरामद होने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज द्वारा पुलिस रिमांड खारिज करने के आदेश को जिला जज की कोर्ट में चुनौती दी गई है। राज्य सरकार की ओर से डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने निगरानी अर्जी दाखिल कर मजिस्ट्रेट के आदेश को बताया है। प्रभारी जिला जज संध्या चैधरी ने निगरानी अर्जी सुनवाई के लिए स्वीकार कर विपक्षी को नोटिस जारी की है। निगरानी अर्जी पर अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। धनपतगंज थाने की पुलिस ने फत्तेपुर गांव के विमलेश कुमार को बीते 9 मार्च को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बीते 10 मार्च को आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज की कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने विवेचक की रिमांड अर्जी खारिज कर आरोपी को रिहा कर दिया था।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अमेठी । गया जगन्नाथ जी के दर्शनोपरांत बल्दीराय निवासी दादा हर प्रसाद के यहाँ आयोजित गया जगन्नाथ के भण्डारे मे बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। बल्दीराय बाजार मे दादा हरी प्रसाद के यहाँ बीते चार मार्च को श्रीमदभागवत कथा का आयोजन हुआ था । उसके पश्चात शनिवार 14 मार्च को श्री गया जगन्नाथ का भंडारा हुआ। भण्डारे मे आये सभी कार्यकर्ताओ को सहाबागंज निवासी रामजी अग्रहरि ने सिर पर पगड़ी,माला ,गले मे महाराजा अगसेन की पट्टी आदि पहनाकर सबका सम्मान किया। रामजी अग्रहरि क्षेत्र मे होने वाले सभी भण्डारो समान का कार्य अपने पास से करते है इनके इस कार्य की क्षेत्र मे बड़ी प्रसंशा है। इस भण्डारे मे निशुल्क प्रसाद बनाने का कार्य आस पास के कुल 40 लोग रहते है जो बिगत बीस वर्षो से अधिक अपना सेवा दे रहे है। इन कार्य कर्ताओ मे भल्ला अग्रहरि रैनापुर, बब्बन। संतोष, राम किशोर, तेरहुत, राम अ चल, शिव कुमार मल्हू, लल्लू ,गामा प्रसाद, रवी, प्रेम, शिवदास, सरजू, प्रेम, सज्जन लाल, राजेंद्र, आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन शिवपाल अग्रहरि ने किया।

आरआरएसआईएमटी में हुआ वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट

अमेठी। शनिवार को जिले के मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आरआरएसआईएमटी) में 'बिटप्रो साफ्ट टेक' कंपनी द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और आईटी के छात्र-छात्राओं का डेवलपर पद के लिए वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट किया गया। लखनऊ स्थित यह कंपनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम करती है। प्लेसमेंट के पहले राउंड में छात्रों का टेलिफोनिक राउंड हुआ जिसमें 53 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे से कुल 11 छात्र अगले राउंड में इंटरव्यू के लिए चयनित हुए। कंपनी के मैनेजर अंकित ने गूगल मीट के माध्यम से 11 छात्रों का इंटरव्यू लिया, जिसमें से नैना कसौधन, शालिनी मिश्रा, दुर्गेश कुमार पांडे और आशीष शुक्ला अंतिम राउंड के लिए चयनित किए गए। संस्थान की प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया कि वर्चुअल इंटरव्यू में चयनित चारों छात्र-छात्राओं का अंतिम राउंड का साक्षात्कार कंपनी के ऑफिस में किया जाएगा, जिसकी सूचना कंपनी द्वारा बाद में दी जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान सभी छात्र-छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देता है व प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। निदेशक ने कहा कि संस्थान आगे भी इस दिशा में काम करता रहेगा।

अस्पतालों में औचक जांच, हेल्थ सुपरवाइजर और एक्स-रे टेक्नीशियन अनुपस्थित

अमेठी। जिले के शुकुल बाजार क्षेत्र में अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। हाल ही में क्षेत्र के एक अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति की खबर सामने आने के बाद विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जांच टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढऌउ) साथिन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उऌउ) शुकुल बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सुबह करीब 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साथिन पहुंची टीम ने वहां मौजूद स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकांश कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। केंद्र पर तैनात चिकित्सक डॉ. राम नाथ उस दिन प्रतिकार अवकाश पर थे, जिसकी जानकारी रजिस्टर में दर्ज मिली। इसके बाद टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान हेल्थ सुपरवाइजर रेखा श्रीवास्तव 13 और 14 मार्च को लगातार दो दिन अनुपस्थित पाई गईं। वहीं एक्स-रे टेक्नीशियन रंजीत भी निरीक्षण के समय ड्यूटी से नदारद मिले। अन्य स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली गई। अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पतालों में नियमित निरीक्षण होने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद बढ़ी है और इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन

रायबरेली। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी की प्रेरणा एवं सांसद अमेठी के.एल. षर्मा के प्रयासों व श्री भगवान महावीर प्रसाद समिति जयपुर के सहयोग से तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन मदर टेरेसा इण्टर कालेज जवाहर विहार कालोनी में किया गया। सहायतार्थ शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री शर्मा ने कहा कि मानव सेवा की जो परम्परा षुरू की गई, उसे हम सब मिलकर निरंतर आगे बढ़ा रहे है, उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ मानव सेवा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, भगवान महावीर प्रसाद समिति जयपुर से आए संजय बापना ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि गांधी परिवार की कर्म स्थली रायबरेली में मुझे सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रजिस्टेशन कराये सभी दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिलेगा और जो किसी कारणवश छूट गये है, उन्हे भी आने वाले समय में सहायतार्थ कैम्प में शामिल कर लाभ दिलाया जाएगा। षिविर में गोविन्द, अखिलेष, जितेन्द्र, अंसार सहित उपस्थित अन्य दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराये गये, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, ओ.पी. श्रीवास्तव, वी.के.शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, सदर विधानसभा समन्वयक रोहित सिंह, बछरावां विधानसभा समन्वयक मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय में स्वच्छता पर निकली जागरूकता रैली

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर । महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वच्छता जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। इसके बाद छात्रों ने आसपास के गांवों में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपने घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सलिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाने से हम कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता को अपनी आदत और जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को विकसित करते हैं। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उर्मिला पांडेय के साथ डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सुधाकर पांडेय, जय प्रकाश, सतेंद्र मिश्र, देवराज उपाध्याय और अमन पांडे सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एथलेटिक्स में स्टेडियम के खिलाड़ियों का दबदबा

- **अंश चैरसिया बने ओवरऑल चैंपियन, स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन**

सुलतानपुर (वीओएल)। खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन कई खेलों के आयोजन किए गए, क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की देखरेख में आयोजित की गई, आज जूनियर बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स बालिका वर्ग में बैडमिंटन वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, दिन भर चली प्रतियोगिता का समापन वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश सिंह एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह के द्वारा किया गया, आज हुई प्रतियोगिता के वॉलीबॉल फाइनल मुकाबले में पीएम श्री केशकुमारी की टीम ने डीवीए को तीन सेट के मैच में 2-0 से जीत दर्ज की। बैडमिंटन बालिका में अंडर-15 एकल में अंजलि सिन्हा ने अनन्या तिवारी को 21-16 से हराया, डबल्स में अंजलि और वैष्णवी की जोड़ी ने चित्रांशी और अनन्या को 21-17 से हराकर जीत दर्ज की स अंडर 19 बालिका एकल में अंजलि सिन्हा ने अनन्या तिवारी को 22-18 से हराया वहीं डबल्स में अंजलि और वैष्णवी की जोड़ी ने चित्रांशी और अनन्या की जोड़ी को 21-17 से मात दी। एथलेटिक्स 100 और 200 मीटर बालक वर्ग दोनों में अंश चैरसिया प्रथम रहे। 400 मीटर में अभिनाश प्रथम रहे। वहीं 1500 और 3000 मीटर दोनों में चंद्रमोहन बने विजेता, गोला फेंक में अंश चैरसिया प्रथम लंबी कूद में प्रियांशु पाठक प्रथम रहे, बालिका संवर्ग- 100 मीटर में प्रियांशी यादव प्रथम, 200 मीटर में जाह्नवी तिवारी प्रथम, 400 मीटर में सेजल विजेता रही। कबड्डी फाइनल में राज एकेडमी ने भदैया को 21-15 से हराया। संचालन प्रदीप यादव एवं मुनेंद्र मिश्र ने किया। निर्णायक स्टेडियम कोच राम नरेश, श्याम धर ओझा, चंचल भट्टाचार्य, प्रवीण मिश्रा, आशा, प्रदीप यादव, आनंद श्रीवास्तव, ओम प्रकाश पाल, अर्जुन यादव, अवधेश मिश्रा रहे। तीसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया, हॉकी सुलतानपुर सचिव तारिक वसीम, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, टेबल टेनिस संघ सचिव मो सईद, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवप्रताप सिंह, हीरालाल यादव, हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला, फायजा पुलक-डे सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

ई रिक्शा बैटरी और चार्जर चोरी

नसीराबाद, रायबरेली। बीती रात अज्ञात चोरो ने एक ई रिक्शा की बैटरी और चार्जर पर हाथ साफ कर दिया।नसीराबाद थाना क्षेत्र के मखदूमपुर पूरे राई चैराहा निवासी राममिलन पुत्र राम लखन पासी का ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा था।जिसे अज्ञात चोर घर से उठा ले गए। करीब 3रू30 बजे रात में पीड़ित राममिलन की नींद खुली तो उसने रिक्शा गायब होने की सूचना डायल 112 पर दी।उसने स्थानीय लोगों के साथ खोजबीन शुरू की तो कुछ देर बाद उसका ई रिक्शा मखदूमपुर पूरे राई चैराहा से लगभग 300 मीटर दूर पूरब नसीराबाद मखदूमपुर रोड पर रमेश जायसवाल के खेत के पास खड़ा मिला। लेकिन ई रिक्शा की चारों बैटरी और चार्जर गायब था।पीड़ित राम मिलन ने बताया कि इस घटना से उसे लगभग 85 हजार रूपए मालियत का नुकसान हुआ है। कार्यवाही के लिए पीडित ने थाने में तहरीर दी है।

सुनी गईं फरियादें, राजस्व कर्मी रहे मौजूद

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना बाजार शुकुल परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी राजस्व निरीक्षक (आरआई) और क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे तथा लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में भूमि विवाद, रास्ते की समस्या, नाली व अन्य राजस्व संबंधी मामलों को लेकर कई ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर जांच कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। समाधान दिवस में आई शिकायतों को दर्ज कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस दौरान पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

दिव्यांगजनों के लिए 20 से 22 मार्च तक लगेगा निःशुल्क सहायता शिविर

सुलतानपुर। दिव्यांगजनों को सहारा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब सुल्तानपुर द्वारा 20, 21 व 22 मार्च को नगर के बारात घर, दीवानी चौराहा के निकट तीन दिवसीय निःशुल्क सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कई प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें सुनने की मशीन, कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर तथा तिपहिया साइकिल शामिल हैं। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों को अपने दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का लाभ लेने के लिए इच्छुक दिव्यांगजनों को पहले से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय लाभार्थियों को आधार कार्ड और दिव्यांगता प्रमाणपत्र साथ लाना होगा। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद पात्र लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जनपद के अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति 9838297214, 9506415946, 9415085399 और 9795422462 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों का कहना है कि इस पहल से दिव्यांगजनों को नई उम्मीद और बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 मरीजों को मिला लाभ

सुलतानपुर (वीओएल)। शंभूगंज क्षेत्र स्थित सकरसी बाजार में कबीर आश्रम सकरसी परिसर में शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजीव सिंह तथा वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. रामजी गुप्ता के संयोजन में मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और दवाइयां वितरित की गईं। इस शिविर में लगभग 300 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान मरीजों की ब्लड शुगर, रक्तचाप तथा बीएमडी जांच निःशुल्क की गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श लेकर आवश्यक दवाइयां प्राप्त कीं। डॉक्टरों ने मरीजों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, क्योंकि इससे आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल पाता है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। शिविर के संचालन में स्वास्थ्य सेवा टीम के सदस्य इंद्रमणि यादव, पवन कुमार दुबे, बलराम यादव, जयप्रकाश पांडेय, अनिरुद्ध शुक्ला, फैजुल खान, सत्यम सिंह और रत्नेश पांडेय ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में आयोजक टीम की ओर से महंत कंधईदास, फागूलाल (प्रधानाध्यापक), सुरेश कुमार (पोस्टमैन), बुद्धिराम (पूर्व प्रधान), सिद्धार्थ, बब्लू भारती, राम किशुन और राम प्रसाद आदि मौजूद रहे।

एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आगामी शैक्षणिक सत्र के कुशल संचालन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वार्षिक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नए सत्र की योजनाओं और शैक्षणिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्थापक प्रबंधक डॉ शर्मा ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता उसके शिक्षकों की लगन, समर्पण और नवीन शिक्षण पद्धतियों पर निर्भर करती है, बदलते समय के साथ शिक्षा प्रणाली में भी निरंतर नवाचार आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान आगामी सत्र की शैक्षणिक योजनाओं, परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित प्रधानाचार्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति और शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के अंत में सभी शिक्षकों ने नए शैक्षणिक सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह , तारकेश्वर सिंह, इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, प्रभारी प्रधानाचार्य रूचि मिश्रा उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

आज कलश यात्रा, कल से होगी श्रीराम कथा

आगरा। अग्रमातानाथ सेवा समिति द्वारा 15 से 21 मार्च तक आयोजित की जा रही श्रीराम की कलश यात्रा का आयोजन 14 मार्च को भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। सुबह 8 बजे अग्रधाम सेवा सदन, सेवला से 3100 कलशों के साथ कलश यात्रा प्रारम्भ होकर कथा स्थल पीएस गार्डन पर विश्राम लेगी। जहां विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए जाएंगे। 15 मार्च से प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संगीतमय दोहे व चौपाइयों के माध्यम से श्रीराम की महिमा के वर्णन के लिए विख्यात चित्रकूट के स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज (श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर) 7 दिवसीय श्रीराम कथा में भक्ति की गंगा बहाएंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामसेवक शर्मा व महामंत्री डॉ. धर्मेन्द्र त्यागी ने बताया सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया।

देहतोरा में ऐतिहासिक दंगल मेला संपन्न

आगरा। देहतोरा दंगल कमेटी द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाला ऐतिहासिक दंगल मेला इस वर्ष भी बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपनी ताकत और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस दंगल में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, आसाम और जम्मू-कश्मीर से पुरुष पहलवानों ने भाग लिया, वहीं पश्चिम बंगाल और दिल्ली से आई महिला पहलवानों ने भी दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। महिला पहलवानों के मुकाबले भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। दंगल मेले को देखने के लिए करीब 25 हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ उमड़ी। प्रतियोगिता में 100 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की कुश्तियां लड़ी गईं। दंगल की सबसे बड़ी और अंतिम कुश्ती दो हिंद केसरी पहलवानों के बीच हुई, जिसमें हाथरस के हिंद केसरी हरिकेश पहलवान ने राजस्थान के हिंद केसरी सुनील पहलवान जजर को हराकर जीत हासिल की और दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। इस आयोजन में दंगल कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सिंह, डॉ. सुनील राजपूत, चौधरी नवल सिंह, विश्वनाथ चौधरी का विशेष सहयोग रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन हरिकिशन फौजी ने किया।

बाइक सवार की नाले में गिरने से मौत

मथुरा। कोसीकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपाना पुलिया के पास कल रात बहिन के घर से लौट रहे ग्रामीण की बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी आज सुबह हुयी जब वहां से गुजरते लोगों ने बाइक सवार को मोटरसाईकिल सहित नाले में पड़े देखा। खजान सिंह (45) पुत्र होतीलाल निवासी ज्ञान का थोक नंदगांव अपनी बाइक संख्या एचआर 30एबी 1701 पर सवार होकर अपनी बहिन के घर ग्राम फालैन से लौट रहा था। रास्ते में सुपाना पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी। रात भर वह बाइक सहित नाले में पड़ा रहा जिससे उसकी मौत हो गयी। आज सुबह राहगीरों ने नाले में बाइक और शव को देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना कोसीकलां से उपनिरीक्षक संदीप कुमार और हरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया और उसकी बाइक नंबर के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी तो परिवार में कोहराम मच गया।

खाद्य सुरक्षा, औषधि व आबकारी विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

प्रोविजन स्टोर पर ऑक्सीटोसिन की बोतलें व अवैध भांग की बिक्री पकड़ी

- दुकान पर मुनक्का युक्त भांग की गोलियां भी बेची जा रही थीं

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। जनपद के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी कई जनरल स्टोरों पर प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन की बोतलों तथा भांग से बने अवैध उत्पादों की खुलेआम बिक्री की जा रही है। लंबे समय से चल रही इस गतिविधि के संबंध में शिकायत मिलने के बाद अब तक निष्क्रिय रहा खाद्य एवं औषधि विभाग हरकत में आया है और कार्रवाई शुरू की गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने सुरीर क्षेत्र के गांव बेरा में कार्रवाई करते हुए दवा और खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए तथा प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बोतलें बरामद कीं। मौके से करीब नौ किलो भांग भी मिली है। आबकारी विभाग ने भी इस मामले में अलग से कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी कि गांव बेरा सुरीर स्थित सुमित प्रोवीजन स्टोर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के साथ बिना लाइसेंस के दवाएं बेची जा रही हैं तथा प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन भी खुलेआम बेचे जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस के साथ दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम को करीब तीन हजार रुपये मूल्य की विभिन्न प्रकार की दवाएं और ऑक्सीटोसिन की 14 बोतलें मिलीं। विभागीय टीम ने जांच के लिए दवा और खाद्य पदार्थों के चार नमूने भी एकत्र किए।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दुकान पर मुनक्का युक्त भांग की गोलियां भी बेची जा रही थीं। इस सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह को अवगत कराया गया जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने दुकान से करीब आठ से नौ किलो भांग बरामद की। अचानक हुई इस कार्रवाई से गांव और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मामले में सुरीर थाने में तहरीर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दबंगों ने जमीन पर कब्जे का किया प्रयास

- चौकीदार को पीटकर मांगी एक करोड़ की रंगदारी
- जैत थाना क्षेत्र का मामला: गाड़ी से आए 10-12 अज्ञात हमलावरों ने की तोड़फोड़, जान से मारने की दी धमकी

चौमुंहा। थाना जैंत के अंतर्गत मौजा आटस बांगर में जमीन कब्जाने और अवैध वसूली का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों ने न केवल जमीन पर बनी दीवार और बोरिंग के सामान को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि वहां मौजूद कर्मियों के साथ मारपीट कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी भी मांगी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। ?आदर्श कॉलोनी, होडल (हरियाणा) निवासी यशवीर पुत्र मनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी आटस बांगर के खसरा संख्या 73 में निजी जमीन है। आरोप है कि धौली प्याऊ निवासी मनोज शर्मा पुत्र गजेंद्र इस जमीन पर बुरी नीयत रखता है। पीड़ित ने पहले भी आरोपी के खिलाफ मुकदमा (197/24) दर्ज कराया था, जिसकी रंजिश आरोपी मन में पाले हुए था। ?पीड़ित के अनुसार, 13 मार्च 2026 की सुबह मनोज शर्मा अपनी गाड़ी और एक अन्य वाहन में 10-12 अज्ञात साथियों के साथ जमीन पर पहुंचा। वहां पहुंचते ही उसने दीवार पर लिखे नाम मिटाने और तोड़फोड़ करने के आदेश दिए। दबंगों ने वहां लगे लोहे के फाटक को तोड़ दिया और बोरिंग की मोटर, चारपाई व अन्य सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ?जमीन की रखवाली कर रहे चैकीदार ओंकार सिंह और उसके साथी रोहित के साथ आरोपियों ने बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मनोज शर्मा ने ओंकार का गिरेबान पकड़कर उसे थप्पड़ जड़े और यशवीर के खिलाफ दर्ज मुकदमे का हवाला देते हुए कहा, ह्लउससे बोल देना कि मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता। मुझे एक करोड़ रुपये दिला दे, नहीं तो जान से मार दूंगा और जमीन पर रहने नहीं दूंगा।ह्व बीच-बचाव करने आए रोहित को भी लात-घूंसों से पीटा गया। ?घटना के बाद से पीड़ित परिवार और कर्मचारी काफी भयभीत हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आए दिन वहां आकर झगड़ा फसाद करता है और जानलेवा हमला कर सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद में आयोजित हो रही उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, इस क्रम में उनके द्वारा सी0एल0जैन डिग्री कॉलेज और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर परीक्षा और सुरक्षा की बारीकियां को देखा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सघन तलाशी में कोई कोताही न बरती जाए, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने केंद्र व्यवस्थापकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा की परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों के लिए पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन भी किया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

डीएम-एसएसपी ने ईदगाह का किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ अलविदा जुमा और ईद उल फितर पर्व के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से गांधी पार्क स्थित ईदगाह मैदान का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था साफ- सफाई पेयजल और अन्य जन सुविधाओं का जायजा लिया, नगर निगम को मैदान और आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया, जबकि पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उपस्थित रहे।

अधर्म बढ़ने पर भगवान लेते हैं अवतार राम जन्म पर गूंजे जयकारे

आगरा। गणेश दुर्गा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में लंगड़े की चौकी, शास्त्री नगर स्थित श्री हनुमंत धाम में चल रही 10 दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर भगवान के विभिन्न अवतारों की महिमा तथा श्रीराम जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया गया। राम जन्म प्रसंग के दौरान कथा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयकारों और बधाइयों से गूंज उठा।कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भरत उपाध्याय ने भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए उनकी महिमा और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं और भक्तों की रक्षा करते हैं। भगवान के प्रत्येक अवतार का उद्देश्य मानवता को सही मार्ग दिखाना और समाज में धर्म, न्याय और करुणा की स्थापना करना होता है।

इसके पश्चात उन्होंने श्रृंगी ऋषि द्वारा अयोध्या के राजा दशरथ के लिए संपन्न कराए गए पुत्रेष्ठि यज्ञ का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए चिंतित थे, तब महर्षि वशिष्ठ के निर्देश पर श्रृंगी ऋषि को आमंत्रित कर पुत्रेष्ठि यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ के फलस्वरूप भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के रूप में चार दिव्य पुत्रों का अवतरण हुआ।जैसे ही कथा में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने खड़े होकर भगवान के अवतरण का स्वागत किया और मंगल गीतों के साथ एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। कथा व्यास भरत उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मयार्दा, सत्य और आदर्श जीवन का संदेश है। यदि मनुष्य श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले, तो परिवार और समाज दोनों में सुख, शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है। इस अवसर पर श्री हनुमंत धाम, लंगड़े की चौकी के महंत गोपी गुरु जी ने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य के जीवन को संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, कर्तव्य और मयार्दा का सर्वोच्च उदाहरण है।

सनातन के लिए काम करने वाले सच्चे शूरवीर

मथुरा। द केरला स्टोरी 2 की नायिका उल्का गुप्ता ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट से मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। स्थानीय एक होटल में हुई इस मुलाकात के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान उल्का गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म के लिए कार्य करने वाले लोग सच्चे शूरवीर होते हैं। उन्होंने महेंद्र प्रताप सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ठाकुर जी उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की प्राकट्य भूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए शक्ति प्रदान करें। उन्होंने इस संघर्ष में अपना समर्थन भी जताया। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने उन्हें बताया कि ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर औरंगजेब ने वहां मस्जिद का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि सनातन आस्था का मूल केंद्र है और इससे समाज का गहरा भावनात्मक संबंध है। इस विषय के समाधान के लिए 23 दिसंबर 2020 को न्यायालय में वाद दायर किया गया, जिसके बाद यह मुद्दा व्यापक जनचर्चा का विषय बन गया।

उन्होंने यह भी बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के साथ-साथ आगरा की जामा मस्जिद में लगाए गए भगवान के विग्रहों को वापस लाने के लिए भी हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ा जा रहा है। दोनों मामलों में न्यायिक प्रक्रिया जारी है। महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वे न्यायालय में मुकदमा लड़ने के साथ-साथ जनजागरण अभियान भी चला रहे हैं। देश-विदेश में संगठन विस्तार के माध्यम से इस विषय को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। द केरला स्टोरी 2 की नायिका उल्का गुप्ता ने कहा कि सनातन की रक्षा और मजबूती के लिए ही फिल्म बनाई है। इससे पहले वह झांसी की रानी में अभिनय कर चुकी हैं और उनको झांसी की रानी के रूप में भी उनको जाना जाता है। उन्होंने महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट को सच्चा शूरवीर बताते हुए कहा कि वह भी उनके साथ खड़ी हैं। इस अवसर पर गोदान फिल्म की गायिका अनन्या सिंह भी मौजूद रहीं।

भव्य झांकियों के साथ निकला ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का डोला, श्रद्धालुओं में उमड़ी आस्था

आगरा। बेलनगंज चौराहा स्थित प्राचीन श्री दाऊजी मंदिर से ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का भव्य डोला नगर भ्रमण के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया, आरती एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग में भक्ति का वातावरण बना रहा, डोले में भगवान श्रीकृष्ण और बलदाऊ के स्वरूप विराजमान थे, शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, शिव-पार्वती एवं अन्य देवी-देवताओं की झांकियों को देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का स्वागत किया, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए डोले के साथ चलते रहे। आधुनिक दौर की झलक भी इस आयोजन में देखने को मिली, युवाओं और श्रद्धालुओं ने मोबाइल से सेल्फी लेकर तथा वीडियो बनाकर इस भव्य शोभायात्रा को सोशल मीडिया और फेसबुक पर साझा किया, जिससे कार्यक्रम की भव्यता दूर-दूर तक देखने को मिली। डोला यात्रा बेलनगंज, कचौडा बाजार, दरैसी, रावतपाड़ा, पथवारी मंडी सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर एवं पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया।इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे, यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में आरती अपरान्त भोग प्रसादी का श्रद्धांलुओं ने आनंद लिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 180488 वादों का निस्तारण

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय फिरोजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डा० बब्बू सारंग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द कुमार सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विशु राजा एडीएम वि०/रा० फिरोजाबाद अनुज चौधरी, एएसपी ग्रामीण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकरलाल निषाद सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश डा० बब्बू सारंग ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को आमजन के अधिक निकट लाने का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से वादों का निस्तारण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की विशेषता यह है कि यहाँ विवादों के समाधान में केवल विधिक प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी संवाद विश्वास एवं समझ को भी महत्व दिया जाता है, जिससे विवादों का स्थायी एवं व्यावहारिक समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और आपसी समरसता को बनाए रखना भी है। लोक अदालतों के माध्यम से पक्षकारों को न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि उनके पारस्परिक संबंध भी सुरक्षित रहते हैं। ऐसे प्रयासों से न्यायपालिका के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। अंत में उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निस्तारण करना है, जिससे पक्षकारों को लम्बी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण विद्युत बिल संबंधी मामले सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया।उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालतें न्याय को सरल सुलभ और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच हैं, जो समाज में भाईचारे, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे इस प्रकार की लोक अदालतों का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने विवादों का समाधान आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में करें।

नगर निगम का घाटों पर चला स्वच्छता अभियान

मथुरा। महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देशों के अनुपालन में पावन यमुना छठ पर्व की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा शहर के प्रमुख घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल की उपस्थिति में विश्राम घाट, राजा घाट, बंगाली घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत घाटों की व्यापक स्तर पर सफाई कराते हुए सिल्ट हटाने का कार्य कराया जा रहा है तथा संपूर्ण घाट क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। घाटों से सिल्ट हटाए जाने से जलस्तर संतुलित बना रहेगा, जिससे यमुना छठ पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण में स्नान का लाभ प्राप्त हो सके।

रामसिंह महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

टूंडला। रामसिंह महाविघालय नगला सिकन्दर फिरोजाबाद द्वारा ओ पी मैमोरियल पहिलक स्कूल, नगला मुरली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवक सेविकाओं ने शिविर स्थल की साफ सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाई।कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती मुख्य अतिथि रवि भारद्वाज व विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंधक डॉ.डीपी सिंह ने सरस्वती पूजन कर किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गयी। अतिथियों के स्वागत पश्चात विमलेश वर्मा ने शिविर कार्य के दौरान विद्यार्थियों के कार्यों की आख्या दी। मुख्य अतिथि रवि भारद्वाज ने ग्रामीण क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से नालियों की सफाई, समतलीकरण तथा शिक्षाप्रद कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डा.डीपी सिंह ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों के लिए संगठित होकर योगदान का महत्व समझाया। नियमित योगाभ्यास के महत्व से स्वस्थ रहने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ बी पी सिंह जी के सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कॉलेज शिक्षकों के सहयोग की प्रशंसा की। शिविर के दौरान अनुशासित रहकर कार्यों को पूरा करने हेतु विद्यार्थियों की भी प्रशंसा की। सामूहिक राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो भारती सिंह मंजू सिंह सी पी सिंह तथा अन्य कॉलेज शिक्षकों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रहीं।

श्याम नाम की मेहंदी से सजी श्रद्धा, भजनों पर झूमे भक्त, श्याम मनहर संकीर्तन श्रृंखला में भक्ति का रंग

आगरा। श्याम नगरी मासिक पोशाक सेवा द्वारा आयोजित श्री श्याम मनहर संकीर्तन के अंतर्गत शुक्रवार को जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में ह्लश्याम नाम की मेहंदीह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हाथों पर श्याम नाम की मेहंदी लगवाई और भक्ति भाव में सराबोर हो गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम बाबा के सेवाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण बन गया।मैं दुल्हन बनूंगी श्याम सुंदर कीह्व, ह्लआओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दोह्व और ह्लराधिका गोरी से मैया करा दे मेरा ब्याहह्व जैसे भजनों की मधुर प्रस्तुति पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। भक्ति, संगीत और उल्लास के वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाकर श्याम नाम का स्मरण किया। पूरे मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति की लहरें देखने को मिलीं। संस्था से जुड़े मनोज गोयल, मनीष अग्रवाल और अमित गोयल ने बताया कि 14 मार्च, शनिवार को सायं 7 बजे से मंदिर में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार संस्था की ओर से विशेष रूप से कराया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर स्थित एसी हॉल में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। साथ ही फूलों की होली, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा और भव्य माधुरी संकीर्तन का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में बरेली के सुप्रसिद्ध भजन गायक मारुति शर्मा अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे, जिससे भक्तजन श्याम भक्ति में सराबोर होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता मित्तल, अरुण मित्तल, सारिका गोयल, सीमा अग्रवाल, डिंपल गोयल, छाया गुप्ता, मिलन गहलोत, विनीता अग्रवाल, पूनम गोयल, कविता सिंघल, रितु अग्रवाल, संध्या सिंघल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

डिजिटल हुए ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन

- 15 दिनों में लगभग 51 लाख भक्तों ने किये लाइव दर्शन
- एलईडी स्क्रीन और एडवांस कैमरों से मंदिर में सुदृढ़ हुई सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन व्यवस्था

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्रज क्षेत्र में विकास भी, विरासत भी के संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में बीते 27 फरवरी (रंगभरनी एकादशी) से शुरू हुई लाइव स्ट्रीमिंग की पहल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मात्र 15 दिनों के भीतर जहाँ 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डिजिटल माध्यमों से दर्शन किए, वहीं 45,40,000 श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पंक्तिबद्ध होकर सुगम तरीके से अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया।

ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन और तीनों प्रमुख आरतियों- श्रृंगार, राजभोग और शयनभोग आरती का अब प्रतिदिन 10 घंटे सीधा प्रसारण किया जा रहा है। यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ह्लएक्सह्व पर लाइव दर्शन की सुविधा से उन भक्तों को बड़ी राहत मिली है, जो किसी कारणवश वृंदावन नहीं पहुंच पाते। मंदिर के अंदर- बाहर 5 एडवांस कैमरे और 6 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिससे मंदिर परिसर में भीड़ का दबाव काफी कम हुआ है।

मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता हर श्रद्धालु को सुलभ और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराना है। श्री बांके बिहारी जी के दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग और बड़ी स्क्रीन की इस पहल से श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। 15 दिनों में करीब 45.40 लाख लोगों ने मंदिर में व्यवस्थित तरीके से दर्शन किए हैं। तकनीक के इस उपयोग से न केवल सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, बल्कि दूर-दराज बैठे भक्त भी सीधे ठाकुर श्री बांके बिहारी जी से जुड़ पा रहे हैं। गाजियाबाद से आईं श्रद्धालु सुलेखा गौतम ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ आई हूँ।पहले मंदिर की संकरी गलियों और भीड़ को देखकर डर लगता था, लेकिन अब व्यवस्था बहुत बदल गई है। हमने बाहर लगी स्क्रीन पर ठाकुर जी के लाइव दर्शन किए और फिर शांति से पंक्तिबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश मिला। दिल्ली से आए श्रद्धालु अरुण ने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग शुरू होने से अब मैं ऑफिस में रहते हुए भी राजभोग आरती के दर्शन कर लेता हूं। वृंदावन आने पर भी व्यवस्था पहले से बहुत बेहतर और व्यवस्थित मिलीं। प्रशासन और सरकार का यह प्रयास वाकई काबिले तारीफ है। इस पहल से न केवल मंदिर के भीतर धक्का- मुक्की कम हुई है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों को भी भीड़ नियंत्रित करने में आसानी हो रही है। सरकार के इन प्रयासों ने सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और अटूट आस्था के संगम से धार्मिक पर्यटन को और अधिक सुलभ बनाया जा सकता है।

बेटे को मां ने डांटा तो बेटे ने नहर में लगा दी छलांग, गोताखोरों ने बचाया

फिरोजाबाद। थाना मटसेना के गांव शेरपुर के रहने वाले एक युवक को उसकी मां ने डांट दिया तो युवक ने शिकोहाबाद सिरसा नहर पर पुल से छलांग लगा दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को नहर से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना कर दी सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को सुपुर्द कर दिया। थाना मटसेना के गांव शेरपुर निवासी 20 वर्षीय वीरेंद्र सिंह पुत्र बंटू मक्खनपुर में कोचिंग सेंटर पर लाइब्रेरी की ट्रेनिंग की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को युवक की मां ने अपने बेटे को बाहर फालतू बैठने की मना करते हुए डांट दिया जिसके बाद युवक नाराज हो गया और घर से बिना बताए शिकोहाबाद स्टेशन रोड सिरसा नहर के पास जा पहुंचा काफी देर इधर-उधर घूमने के बाद युवक पुल पर चढ़ा और इतनी ही देर में उसने नहर में छलांग लगा दी यह देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई माधवगंज चौकी पर तैनात कांस्टेबल रामकिशोर सिंह ने वहां कुछ गोताखोरों की मदद से नहर में डूब रहे युवक को शकुशल बाहर निकाल लिया और युवक से उसका पता पूछा जिसके बाद युवक ने अपने घर का फोन नंबर दिया पुलिस ने फोन पर घटना की परिजनों को जानकारी दी सूचना पर पहुंचे परिजन अपने बेटे को साथ ले गए। थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार ने बताया कि मां की डांट से बेटा नाराज था जिसके बाद उसने यह कदम उठाया फिलहाल उसके माता-पिता अपने बेटे को अपने घर साथ ले गए हैं।

संक्षेप

हेटिच ने इंदौर में खोली नयी विनिर्माण इकाई

नयी दिल्ली। जर्मनी की फर्नीचर बनाने वाली कंपनी हेटिच ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के इरादे से मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी नई विनिर्माण इकाई खोली है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह भारत में हेटिच का पहला समर्पित अंडरमाउंट ड्रॉर रनर (विशेष किस्म की फिटिंग) विनिर्माण संयंत्र है और यह देश में कंपनी के कुल लगभग 2,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है। बयान में कहा गया कि हेटिच की 103,039 वर्ग मीटर की इंदौर इकाई के भीतर स्थित नया 25,700 वर्ग मीटर का स्वचालित संयंत्र देश के प्रति कंपनी की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह संयंत्र जर्मन इंजीनियरिंग को भारत लाता है, साथ ही रोजगार, निर्यात और स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करता है। बयान में कहा गया कि हेटिच की इंदौर इकाई में दरवाजे के कब्जा (हिंग) बनाने वाली इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग छह करोड़ हिंग है। नए क्वाड्रो संयंत्र के जुड़ने से यह सुविधा सालाना लगभग 50 लाख अंडरमाउंट ड्रॉर रनर का उत्पादन भी करेगी, जिससे हेटिच की भारत में निर्माण क्षमता में काफी मजबूती आएगी।

गौर्स ग्रुप की बुकिंग में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गौर्स ग्रुप की आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 5,347 करोड़ रुपये हो गई। गौर्स ग्रुप ने अप्रैल-दिसंबर 2024 अवधि में 4,786 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान, गौर्स ग्रुप ने 2,578 इकाइयों में लगभग 59.2 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। कुल बुकिंग में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी लगभग 95 प्रतिशत थी। गौर्स ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज गौर ने कहा, "मजबूत बिक्री प्रदर्शन घर खरीदारों के ब्रांड गौर्स में गहरे विश्वास को दर्शाता है। वर्षों से गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समय पर डिलीवरी और सोच-समझकर डिजाइन की गई परियोजनाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने हमारे ग्राहकों के साथ इस रिश्ते को मजबूत किया है। गौर्स ग्रुप के निदेशक सार्थक गौर ने बिक्री में वृद्धि का श्रेय वैश्विक जीवनशैली के अनुरूप योजनाबद्ध आवासीय विकास की बढ़ती मांग को दिया।

कैप्टिव बिजली उत्पादन के लिए मानदंडों में संशोधन

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप कैप्टिव बिजली उत्पादन पर अधिक स्पष्टता लाने के लिए बिजली मानदंडों में संशोधन की घोषणा की। जब कोई संस्थान अपनी जरूरत के लिए बिजली उत्पादन करता है, तो उसे कैप्टिव बिजली कहते हैं। बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिजली की खपत वाले स्थान के करीब उत्पादन करने से पारेषण नुकसान कम होगा, प्रणाली की दक्षता में सुधार होगा और ग्रिड की मजबूती बढ़ेगी। मंत्रालय ने बताया कि व्यापक हितधारक परामर्श के बाद विद्युत (संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित किया गया है। इन संशोधनों का मकसद व्याख्या संबंधी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और कैप्टिव मसौदे को भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप बनाना है। नए नियमों के जरिये अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल बनाया गया है।

गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग : रेड्डी

चंद्रपुर। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है।

पीएम ने असम को दी 23,550 करोड़ की सौगात

एजेंसी

सिलचर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर शहर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। यह पूर्वोत्तर में अपनी तरह की पहली परियोजना है।

अधिकारियों ने बताया कि 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना से गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी और यात्रा का समय 8.5 घंटे से घटकर लगभग पांच घंटे रह जाएगा। प्रधानमंत्री कैपिटल प्वाइंट के पास ट्रंक रोड से सिलचर के रंगिरखारी प्वाइंट तक एनएच-306 पर बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर (चरण-1) के भूमि पूजन में भी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से सिलचर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक पर यातायात का दबाव कम होगा तथा मिजोरम, त्रिपुरा एवं मणिपुर जैसे पड़ोसी राज्यों से संपर्क बेहतर होगा और बराक घाटी के आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने करीमगंज जिले के पथारकंडी में एक नए कृषि महाविद्यालय की आधारशिला भी रखी। ये परियोजनाएं उन 47,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का हिस्सा हैं, जिनकी प्रधानमंत्री ने शुक्रवार से राज्य में शुरुआत की है। असम में विधानसभा चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की कोशिश में है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। मोदी ने असम के सिलचर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दशकों तक पूर्वोत्तर की अनदेखी की और स्वतंत्रता के दौरान ऐसी सीमा रेखा खींचने की अनुमति दी जिससे समुद्री मार्ग से बराक घाटी का संपर्क टूट गया। उन्होंने कहा, विश्व में जारी युद्धों को देखते हुए, हमारा प्रयास है कि देश की जनता पर इनका प्रभाव न्यूनतम हो। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह जनता में दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिएअ वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले महीने दिल्ली में हुई एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के कमीज उतारकर किए गए प्रदर्शन को लेकर भी उस पर निशाना साधा और विपक्षी पार्टी पर देश को बदनाम करने का आरोप लगाया।

देश में खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पिछले साल के मुकाबले काफी बेहतर है।

नवाचार पर जोर दें युवा : उपराष्ट्रपति



एजेंसी

धर्मशाला। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए आधुनिक विश्वविद्यालयों को संकाय विकास, नवाचार और मजबूत अकादमिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पदक विजेताओं में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र की प्रगति में उनके बढ़ते योगदान का एक मजबूत प्रमाण है। राधाकृष्णन ने छात्रों से राष्ट्र निर्माण के प्रति स्वयं को समर्पित करने और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को कायम रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्र और युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपराष्ट्रपति ने समावेशी विकास की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिसमें समाज का कोई भी राज्य या वर्ग पीछे न छूटे। राधाकृष्णन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देव भूमि और वीर भूमि के नाम से जाना जाता है।

एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) जिला अधिकारियों के साथ मिलकर पिछले दो दिनों से कई वितरण केंद्रों और गोदामों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि कोलकाता में ईबी की टीम ने भंडारण की स्थिति को सत्यापित करने के लिए लेक गार्डन और जोधपुर पार्क सहित कम से कम 25 केंद्रों का निरीक्षण किया।

निवेशकों के लिए धैर्य बनाये रखना सबसे अच्छी रणनीति

एजेंसी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं। सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा, कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है। पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा, "बाजारों में उतार-चढ़ाव आया, लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

सस्ती शिक्षा के लिए यूरोप का रुख कर रहे भारतीय

एजेंसी

मुंबई। किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से अपने विकल्प के रूप में चुन रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं। ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है। वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि पारंपरिक देशों में यह 45 से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

आयातित खाद्यतेल कीमतें हुईं मजबूत

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया के जारी युद्ध और खाड़ी देशों से मालवाहक जहाजों का आवागमन प्रभावित रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन तेल जैसे आयातित तेलों के दाम में सुधार आया। मूंगफली, सूरजमुखी से सस्ता होने के कारण सॉफ्ट आयल की मांग बढ़ने से बिनौला तेल कीमत भी मजबूत रहा। दूसरी ओर शनिवार को सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली गिरावट देखी गई। सामान्य कामकाज के बीच सोयाबीन तिलहन तथा मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। शिकागो एक्सचेंज कल रात दो प्रतिशत मजबूत बंद हुआ था जिस वजह से सोयाबीन तेलों के दाम मजबूत बंद हुए। इसके अलावा सरकार ने खाद्यतेलों के आयात शुल्क मूल्य में भी वृद्धि की है।

पेज एक का शेष

एलपीजी ला

ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2-3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मिडिल-ईस्ट में जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में फंस गए थे। इससे पहले भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितने जहाजों को अनुमति दी गई।

ईरान का सऊदी

विमान फ्रेंडली फायर की वजह से गिर गए, लेकिन सभी एयरक्रू सुरक्षित रहे। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कुवैत का एक एफ-18 विमान गलती से इन एफ-15 विमानों को मार गिरा। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया पिछले 15 दिनों से बारूद की ढेर पर खड़ा है। इसकी शुरूआत 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल की तरफ से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले के साथ शुरू हुई थी, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत भी हो गई थी। इसके बाद से ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर खूब बमबारी की, जिसके बाद से पश्चिम एशिया में तनाव सातवें आसमान पर पहुंच गया है और इसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है।

अमेरिका ने ईरान

दो सप्ताह बाद पश्चिम एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। इस बीच लेबनान में मानवीय संकट और गहरा हो गया है। लेबनान में हमले में लगभग 800 लोग मारे गए हैं और 850,000 लोग विस्थापित हुए हैं क्योंकि इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के खिलाफ हमले शुरू किए हैं और चेतावनी दी है कि कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की कुल संख्या स्पष्ट नहीं है, लेकिन कतर में स्थित अल-उदैद वायु सेना अड्डे पर ही आमतौर पर लगभग 8,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। यह क्षेत्र के सबसे बड़े वायु अड्डों में से एक है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फारस की खाड़ी में स्थित खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, लेकिन फिलहाल उसके तेल बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। लेकिन ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे।

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

अफवाहों के

न्यायपालिका या भारत निर्वाचन आयोग पर अविश्वास जताते हैं। वे जीतते हैं तो उनकी उपलब्धि और हार गए तो संवैधानिक संस्थाओं पर अंगुली उठाते हैं। कड़वा-कड़वा थू और मीठा-मीठा गप नहीं चलेगा। जो लोग सनातन विरोधी आचरण करते हुए भारत को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी। भारत की आन, बान, शान से खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं मिलेगी। सीएम ने कहा कि हमें अपनी कमियों पर भी ध्यान देना चाहिए। दुश्मन हमेशा हमारी कमजोरी देखने की फिराक में रहता है। पाकिस्तान भारत में शरारत के तहत नशे को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। सीएम ने धर्मसभा में आह्वान किया कि युवा पीढ़ी और समाज को जागरूक करें, नशे के खिलाफ अभियान चलाएं, नशा नाश का कारण है, इसलिए नशे के खिलाफ किया गया कार्य देश की सेवा है। नशे के सौदागर देश के दुश्मन हैं, वे देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं, इन्हें पनपने नहीं देना चाहिए। भारत की युवा पीढ़ी ऊर्जा से परिपूर्ण है। जब भी उसे अवसर मिला, उसने देश-दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नशे के सौदागरों को युवा पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। धर्मसभाओं के माध्यम से आमजन को जागरूक करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि शेरनाथ जी महाराज ने सभी के सहयोग से गुरु महंत गणेश नाथ जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस आयोजन का साहसिक निर्णय लिया। कई दशकों के बाद सौंगल में संतों-योगेश्वरों व भक्तों का इतना बड़ा जमावड़ा हुआ। इस भूमि ने हर युग में अपना प्रभाव दिखाया है। यहां की उपस्थिति बताती है कि सनातन की ध्वज पताका संतों के सानिध्य में हमेशा ऊंची रहेगी, उसे कोई ताकत झुका नहीं सकती। सनातनी जीते जी सम्मान देते हैं और जो भौतिक रूप से नहीं हैं तो भी उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए ऐसे आयोजन करते हैं।

संभल के डीएम

सरकार से अनुमति लेनी आवश्यक है। उच्च न्यायालय ने संभल के मुनाजिर खान नामक एक व्यक्ति की याचिका पर यह आदेश दिया। खान ने आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 291 पर जहां एक मस्जिद मौजूद है, रमजान के दौरान उसे नमाज अदा करने से रोका गया। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने गाटा संख्या 291 के स्वामित्व पर यह कहते हुए विवाद खड़ा किया कि उक्त गाटा राजस्व रिकॉर्ड में सुखी सिंह के बेटों मोहन सिंह और भूराज सिंह के नाम है लेकिन वहां 20 नमाजियों को नमाज अदा करने की अनुमति दी गई। याचिकाकर्ता ने कहा कि रमजान का महीना होने के चलते बड़ी संख्या में नमाजी वहां नमाज अदा करने आ सकते थे। इस पर राज्य सरकार के वकील ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए नमाजियों की संख्या सीमित करने का आदेश जारी किया गया। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 16 मार्च तय की।

कृषि में नयी

ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसान देश की खाद्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि पंतनगर में आयोजित किसान मेला किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीजों और आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी देने के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेती को सुरक्षित और लाभकारी बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वायल हैल्थ कार्ड स्कीम, दलहन आत्मनिर्भरता कार्यक्रम, बागवानी विकास योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना तथा सूक्ष्म सिंचाई जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही किसानों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये तक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठा रही है। प्रदेश में किसानों को 3 लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना के तहत 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 115 करोड़ रुपये की लागत से 350 पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष की जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इसी दिशा में 1200 करोड़ रुपये की लागत से नई सेब नीति लागू की गई है और कई योजनाओं में किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

घुसपैठियों को

से किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों और छात्रों सहित सभी को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, पर्यटन क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय उद्यमों और सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि बंगाल, जिसने कभी शेष भारत को रास्ता दिखाया था, एक बार फिर एक विकसित राज्य बने और अपना गौरव पुनः प्राप्त करे। मोदी ने कहा कि मजबूत संपर्क और आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित बंगाल की नींव बनेगा।

महिलाओं की

लगातार बढ़ रही है, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान, अनुच्छेद - 14 महिलाओं को समान अधिकार देता है। जब कोई मां-बेटी न्याय के लिए आये तो हम सभी का कर्तव्य है कि उनकी मदद करें। नारी अस्मिता, समानता और न्याय-संविधान के 75 वर्ष में नारी सशक्तीकरण विषय पर आयोजित सम्मेलन में अधिवक्ता परिषद की 16 इकाइयों तथा हाई कोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ से बड़ी संख्या में महिला अधिवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति विराज सागर दास ने बीबीडी यूनिवर्सिटी के एनएसएस छात्रों की ओर से प्रस्तुत नाट्य के मंचन की सराहना की जिसमें आज भी महिलाओं पर हो रहे घरेलू अत्याचार को कैसे पुरुष की ओर से रोका जा रहा है, जिसे लीगल विधिक सहायता से रोका जा सकता है।

वर्तमान में बीबीडी के छात्रों की ओर से इस तरह की विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिवक्ता परिषद अवध से भी आह्वान किया कि बीबीडीयू कैंपस में समय-समय पर लीगल ओरियंटेशन प्रोग्राम करें जिससे छात्रों एवं समाज को लाभ मिले। बीबीडी में 1600 विधि के छात्र हैं जिसमें 900 छात्राएं हैं। आने वाले समय में महिला सशक्तीकरण और भी बढ़ेगा। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने महिला आयोग की ओर से नारी सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों और योजनाओं की जानकारी दी। महिला आरक्षण की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि जब समाज में महिलाओं की भागीदारी पचास प्रतिशत है तो उनको हर क्षेत्र में उसी के अनुपात में आरक्षण भी मिलना चाहिए। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. सीमा सिंह ने प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक महिलाओं के अधिकारों और उनके विकास की यात्रा को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद अवध की प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने परिषद के विचारों व कार्यों पर प्रकाश डाला और नारी अस्मिता के सात चरणों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रदेश मंत्री रंजीता बाल्मीकि ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में राष्ट्र सेविका समिति की क्षेत्रीय प्रचारिका शशी, संगठन मंत्री अधिवक्ता हरि बोरिक्कर, अपर महाधिवक्ता विमल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी, अलका वर्मा, हाई कोर्ट की अधिवक्ता रितिका सिंह, कंचन, जयंती तथा बड़ी संख्या में अन्य महिला अधिवक्ताओं के साथ पुरुष अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में दिवाकर सिंह, आलोक सरन, हिमांशु सूर्यवंशी, दिव्यांशु प्रताप सिंह, रूपेश कसोधन, अजय कुमार त्रिपाठी, अश्विनी कुमार सिंह, अमित कौशल एवं अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत एवं उच्च न्यायालय इकाई के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय सहयोग किया।

Sportsलाइन...

संक्षेप

दीक्षा ऑस्ट्रेलियाई ओपन में संयुक्त 39वें स्थान पर

एडीलेड। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने लगातार दूसरी बार 74 का कार्ड खेला जिससे शनिवार को यहां महिला ऑस्ट्रेलियाई ओपन में संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर खिसक गईं जबकि अवनि प्रशांत ने लगातार दूसरी बार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर 80 का कार्ड खेलकर पिछड़ गईं और संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर रहीं। अभी टूर्नामेंट का अंतिम दौर बाकी है। हन्ना ग्रीन ने एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है और वह अपनी घरेलू जमीन पर एक ऐतिहासिक जीत हासिल करने की कोशिश में हैं।

मन्नेपल्ली हारे, स्विस ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

बासेल। भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग पिछले साल पीठ की समस्या से परेशान रहे थे और वह इस चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी करते हुए स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 16-12 की बढ़त बनाई और फिर चार गेम प्वाइंट हासिल किए। मन्नेपल्ली ने तीन गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इंडोनेशिया का खिलाड़ी पहला गेम जीतने में सफल रहा। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने 6-6 की बराबरी से आगे निकलते हुए पहले 11-7 और फिर 19-13 की बढ़त हासिल कर ली। गिंटिंग ने इसके बाद शानदार वापसी की और लगातार छह अंक हासिल कर 19-19 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में गिंटिंग ने मन्नेपल्ली को बहुत कम मौके दिए।

अंडर-17 टीम ने म्यांमा पर मैत्री मैच में जीत हासिल की

यांगून। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां थुवुन्ना स्टेडियम में खेले गए दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच म्यांमा को 3-2 से हराकर शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहले हाफ के अंत तक मेजबान टीम 2- । से आगे थी जिसमें हनिन विंट वार क्याव (12वें मिनट) और मिन हटोन मे जितार (45वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम के लिए अल्वा देवी सेनजम (33वें मिनट) ने बराबरी गोल किया। फिर दूसरे हाफ के आखिर में भारत की स्थानापन्न खिलाड़ी अनुष्का कुमारी (88वें मिनट) और जोया (90 ।वें मिनट) ने गोल करके जीत पूरी की। यह मैच भारत की आगामी एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा था जो एक से 17 मई तक चीन के सूजौ में होगा। म्यांमा ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है और अपनी तैयारियों के तौर पर ये मैच खेल रहा है।

भारत महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई

हैदराबाद। भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। दुनिया में नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन इंग्लैंड की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाई। इस टूर्नामेंट से चैंपियन इंग्लैंड, उपविजेता भारत और स्कॉटलैंड (जिसने इटली को1-0 से हराया) ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

विश्व विजेता को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा

एजेंसी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा। बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सार्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही। वहीं दूसरी ओर महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया। वहीं 2024 में केकेआर की सफलता का अहम हिस्सा रहे फिल सॉल्ट रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) चले गए जहां उन्होंने पिछले साल फ्रेंचाइजी को पहली बार खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। कुंबले ने जियो हॉटस्टार की एक विज्ञप्ति में कहा, दो साल पहले केकेआर ने आईपीएल जीता था और अपनी तीसरी ट्रॉफी उठाई थी। उस जीत के दो अहम खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट थे। दोनों ने टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई लेकिन केकेआर ने दोनों को जाने दिया। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को अपने साथ रखने के मामले में उनमें कोई निरंतरता नहीं है। केकेआर ने श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया और इस वजह से अब उनके पास आईपीएल जीतने वाला कोई कप्तान नहीं है।

धोनी का आईपीएल में अंतिम सत्र : पठान

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने जिओ हॉटस्टार से कहा, धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और कप्तान रितुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम के साथ अभ्यास कर रहा है। पठान ने कहा कि धोनी की भूमिका टीम का मार्गदर्शन करने और अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की हो सकती है। उन्होंने कहा, इस सत्र में धोनी सबको एकजुट करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे नहीं पता कि वो कितने मैच खेलेंगे। लेकिन ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिलेगी। पठान ने कहा, इससे संजू को फायदा होगा क्योंकि वह भी नेतृत्व समूह का हिस्सा होंगे।

रितुराज गायकवाड़ कप्तान हैं। लेकिन इसके लिए दो या तीन खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। यहीं पर धोनी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे उम्मीद है कि वह कुछ अंतर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा, उनकी फिटनेस, बल्लेबाजी क्रम और क्या वे सभी मैच खेलेंगे, जैसे सवाल अब भी उठते रहेंगे। सीएसके का टीम प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। वे निश्चित रूप से छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतकर उन्हें शानदार विदाई देने की कोशिश करेंगे। धोनी ने आईपीएल में अब तक 278 मैच खेले हैं और 5,439 रन बनाए हैं। पिछले सत्र में उन्हें केवल डेथ ओवरों में ही बल्लेबाजी करते हुए देखा गया था। उन्होंने तब 13 पारियों में 196 रन बनाए थे। सीएसके ने रविंद्र जडेजा को राजस्थान रॉयल्स को देकर उनकी जगह संजू सैमसन को अपनी टीम से जोड़ा था। राजस्थान रॉयल्स की टीम में जोस बटलर भी नहीं हैं।

मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास, पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर

नयी दिल्ली। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया।

लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे। आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया।

उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने नॉर्वे के एक्सेल बू क्वालॉय पर आधे अंक की बढ़त बनाई जिन्हें आखिरी दौर में वॉकओवर मिला था। चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे और अपने आयु वर्ग के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। अंडर-11 वर्ग में भारत और एशिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी चक्रवर्ती के लिए 2021 का सत्र बेहद शानदार रहा। उस साल उन्होंने यूरोप में कई टूर्नामेंट खेले जिससे उनकी ईएलओ रेटिंग 1800 से बढ़कर 2200 के करीब पहुंच गई।

साथ ही वह 2009 या उसके बाद जन्में खिलाड़ियों की ईएलओ रैंकिंग में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी बन गए। उनकी असाधारण प्रतिभा की बदौलत वह अंडर-9 वर्ग में राष्ट्रीय रजत पदक और अंडर-11 वर्ग में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। इसके अलावा उन्होंने श्रीलंका में आयोजित एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-10 वर्ग का रजत पदक भी जीता था। उनकी सफलता में उनके परिवार की अहम भूमिका रही है जिसमें उनकी डॉक्टर मां उनके लिए स्तंभ बनीं जबकि उनके पिता ने टूर्नामेंट के दौरान उनके साथ सफर करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी।

चीन ने ताइवान को 2-0 से हराया

पर्थ। मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को ताइवान को 2-0 से हराकर 2027 विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के साथ महिला एशियाई कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

चीन और ताइवान के बीच भू-राजनीतिक तनाव है और दोनों के बीच 90 मिनट तक कोई गोल नहीं हुआ। इसके बाद अतिरिक्त समय के तीसरे ही मिनट में शाओ जिकिन ने गोल करके मैच का पहला गोल किया और फिर आखिर में एक आत्मघाती गोल से चीन का दूसरा गोल हुआ। वहीं शुक्रवार को हुए मुकाबले में सैम केर ने एक गोल किया और एक गोल में मदद की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने उत्तर कोरिया को 2-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली। दक्षिण कोरिया शनिवार को एक अन्य क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा जबकि रविवार को जापान का सामना फिलीपींस से होगा।

भारत के चार मुक्केबाज वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के फाइनल में

एजेंसी

बैंकॉक। भारत के युवा मुक्केबाजों ने वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रखा और उसके चार खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री देवी और अंबेडकर मीतेई ने सेमीफाइनल में आसान जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग में चंद्रिका ने दूसरे दौर में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आधार पर मोरक्को की रिहाब हमदौने को हराया और खुद को स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार साबित किया। गुंजन ने महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग में उत्तर कोरिया की यू ज्ञोंग किम को किसी तरह का मौका नहीं दिया और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

जॉयश्री देवी (54 किग्रा) ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहले दौर में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आधार पर मैक्सिको की सोफिया रामिरेज़ को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में अंबेकर मीतेई भी उज्बेकिस्तान के अब्दुगानी यॉर्किनजोनोव पर 5-0 से सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज करके फाइनल में पहुंच गए। इस बीच राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) को सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में यूक्रेन की येवनहेलिना पेट्रुक से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला।

मेंटोर के तौर पर नहीं कर पाऊंगा काम : पीटरसन

नयी दिल्ली। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने शनिवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले सत्र में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा। पीटरसन ने एक्स कहा, मैं इस आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नहीं बन सकता। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सत्र के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हालांकि मैं आपको कमेंट्री बॉक्स में फिर मिलूंगा। आईपीएल दुनिया की सबसे अच्छी लीग है और मैं आप सभी से जल्द मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

डोपिंग को रोकने के लिए खिलाड़ियों के पोषण और खाद्य पूरकों की उचित जांच करने के निर्देश

नयी दिल्ली। भारत के डोपिंग में खराब रिकार्ड को देखते हुए खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को खिलाड़ियों के लिए तैयार किए गए पोषण और खाद्य पूरकों की उचित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय के सूत्रों ने भाषा को बताया यह कदम दूषित, मिलावटी या गलत लेबल वाले पोषण संबंधी सप्लीमेंट से खिलाड़ियों का प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भारत में डोपिंग की समस्या बहुत गंभीर है। पिछले तीन वर्षों से विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के वार्षिक परीक्षण आंकड़ों में पॉजिटिव पाए जाने वाले नमूनों की दर के मामले में भारत शीर्ष पर रहा है।

मंत्रालय ने 11 अप्रैल 2022 के अपने पत्र का हवाला देते हुए दोहराया कि खाद्य पूरकों की खरीद, संरक्षण और वितरण की जिम्मेदारी एनएसएफ की है। एनएसएफ पोषण विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और सिफारिशों के आधार पर खिलाड़ियों के लिए ऐसे पूरक खाद्य पदार्थों की जरूरत का निर्धारण कर सकते हैं।

ऋषभ के शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

नयी दिल्ली। ऋषभ सिंह के शानदार नाबाद शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने शनिवार को यहां रोशनारा क्रिकेट क्लब में जेके बोस अंतर क्षेत्रीय टी20 क्रिकेट ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र पर नौ विकेट की जीत हासिल की। यह मैच भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन के स्वर्ण जयंती चरण के दौरान खेला गया। ज्षभ ने 43 गेंद में नाबाद 102 रन बनाए जिसमें 18 चौके और दो छक्के जड़े।

लोकेश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया। लोकेश ने यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न मिसिसिपी के डी ऑन्ड्रे वार्ड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 8.20 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। कंसास स्टेट यूनिवर्सिटी के ताफदज़्वा चिकोम्बा 8.15 मीटर की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर रहे। लोकेश ने बाद में कहा मैं ईश्वर का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि उनके बिना कुछ भी संभव नहीं है। मैं निश्चित रूप से बेंगलुरु में रह रहे अपने परिवार और अपने कोच का भी आभार व्यक्त करता हूं जो यहां मेरे लिए परिवार की तरह हैं। लोकेश इस तरह से मोहिंदर सिंह गिल, विकास गौड़ा और तेजस्विन शंकर के बाद एनसीएए डिवीजन आई इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। भारतीय एथलीट ने एनसीएए आउटडोर की आयु आयु वर्ग की प्रतियोगिता में पांचवा स्थान हासिल किया था। लोकेश ने 8.17 मीटर छलांग लगाकर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.02 मीटर था।

वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छी : साइना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है। बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे।

प्रारूप में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए

साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं। साइना ने कहा, यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा।

साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है।

पंजाब में सरकार बनी तो दिखेगा बदलाव : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नशे और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मान सरकार को घेरा

एजेंसी

मोगा (पंजाब)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएमै बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके। मोगा में एकै बदलावै रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और आप को कई मौके दिए हैं।

शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होतीअ राज्य नशे की समस्या

से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूबै गई है। शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार सूबेदार राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। उन्होंने कहा पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोगा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें।

शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। उन्होंने कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद अपनी सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है। शिरोमणि अकाली दल ने सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों का विरोध करते हुए भाजपा के साथ 24 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया था। पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के दो विधायक हैं। शाह ने कहा, मैं पंजाब के लोगों, विशेषकर माताओं, बहनों और बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी में नशे की समस्या को खत्म करने की हिम्मत नहीं हैअ कांग्रेस और अकाली पहले ही असफल हो चुके हैं। अगर कोई राज्य को नशे की समस्या से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। शाह ने वादा किया, हमने जम्मू -कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म किया, आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है, आज नक्सलवाद अपने अंत के नजदीक है। फरवरी में हमें अपना आशीर्वाद दें, और हम दो साल में पंजाब से नशे के कारोबार को जड़ से खत्म कर देंगे।

उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत उद्योग शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं। इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश की सर्वोच्च न्यायालय को



विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा उद्योग को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी है) का मूल अधिनियम में उद्योग शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।

पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है। अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

संक्षेप

उत्तर कोरिया ने किया शक्ति प्रदर्शन, समुद्र में दागीं 10 मिसाइल

सियोल। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास जारी है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के इन अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

वंदे मातरम को लेकर निर्देश के विरोध में कोहिमा में रैली आयोजित करेगा एनएसएफ

कोहिमा। वंदे मातरम को लेकर गृह मंत्रालय के हालिया निर्देश के खिलाफ नगा स्टूडेंट्स फेडरेशन (एनएसएफ) सोमवार को कोहिमा में सार्वजनिक रैली आयोजित करेगा। गृह मंत्रालय ने 28 जनवरी को एक अधिसूचना जारी की थी जिसमें आधिकारिक समारोहों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय गीत को गाना या बजाना अनिवार्य किया गया है। एनएसएफ ने बताया कि रैली सुबह 10 बजे फूलबारी स्थित ओल्ड एमएलए हॉस्टल जंक्शन से शुरू होगी और प्रदर्शनकारी लोक भवन तक मार्च करेंगे। रैली के दौरान नगा लोगों की चिंताओं और मांगों को उजागर करने वाला एक ज्ञापन राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। एनएसएफ ने कहा कि हालांकि नगा लोग सभी देशों के राष्ट्रीय गीतों और प्रतीकों का सम्मान करते हैं लेकिन वंदे मातरम् को अनिवार्य रूप से लागू करना चिंता का विषय है। उसने कहा कि इस गीत में धार्मिक और भक्तिपूर्ण प्रतीक शामिल हैं जो राज्य में कई लोगों के विश्वास और अंतरात्मा के साथ विरोधाभास पैदा कर सकते हैं।

व्हाइट हाउस अब भारत समेत पूरी दुनिया से रूसी तेल खरीदने की लगा रहा गुहार : ईरान के मंत्री

एजेंसी

दुबई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि रूस से तेल आयात बंद करने के लिए भारत पर दबाव डालने के बावजूद, अमेरिका अब नयी दिल्ली से मॉस्को से कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के दो सप्ताह बाद अराघची का यह बयान आया है। अराघची ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका ने रूस से तेल आयात

बंद करने के लिए भारत पर दबाव बनाने में कई महीने लगाए। ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब भारत सहित पूरी दुनिया से रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है। ईरान से संघर्ष के बीच अमेरिका ने पांच मार्च को भारत को 30 दिन के लिए रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने की घोषणा की थी, जबकि इससे पहले अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी तेल खरीद पर प्रतिबंध लगाए थे।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर यूरोप के रुख की आलोचना करते हुए मंत्री ने ईरान के खिलाफ युद्ध को अवैध करार दिया और कहा कि यूरोप को लगता है कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उसे रूस के खिलाफ अमेरिका का समर्थन मिल जाएगा।

भारतीय कृषि को कुर्बान करने को तैयार है सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में अपने एक लिखित प्रश्न और सरकार के जवाब का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को कुर्बान करने के लिए भी तैयार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह किसानों के अधिकार और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की रक्षा के लिए संसद

❍ अपने स्वार्थ के लिए : राहुल

के भीतर और बाहर आवाज़ उठाते रहेंगे। राहुल गांधी ने अपने अतारांकित प्रश्न और सरकार के उत्तर की प्रति साझा करते हुए फेसबुक पर लिखा, "लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया सी250 प्रतिशत कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमएसपी की नीति दोहरा दी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला और उसने इसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, एक और गंभीर सवाल यह है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में

गैर व्यापारिक अवरोध घटाने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती और वह अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है।

राहुल गांधी ने कहा, हम किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे। रायबरेली से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने 10 मार्च को लिखित प्रश्न किया था कि क्या सरकार ने 2021 में विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों से वादा किया था कि वह सभी फसलों के लिए सी2़50 प्रतिशतै की दर से विधिक गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने पर विचार करेगी?

वीजा धोखाधड़ी मामले में 11 भारतीयों पर आरोप

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय

संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है। ये सभी अमेरिका के विभिन्न राज्यों जैसे मैसाचुसेट्स, केंटुकी और ओहायो में गैरकानूनी रूप से रह रहे थे।

न्याय मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मैसाचुसेट्स के वेमाउथ में अवैध रूप से रह रही दीपिकाबेन को भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया था। जितेंद्रकुमार, महेशकुमार, संजयकुमार, अमिताबहेन, संगीताबेन और मितुल को मैसाचुसेट्स में गिरफ्तार किया गया था और शुक्रवार को बोस्टन में संघीय अदालत में प्रारंभिक पेशी के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। रमेशभाई, रौनककुमार, सोनल और मिनकेश को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी प्रारंभिक पेशी केंटुकी, मिसौरी और ओहायो में हुई।

इजराइल-लेबनान सीधी वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार : फ्रांस

एजेंसी

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उन्होंने लेबनान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा संसद के स्पीकर से बात की है, और देश को अराजकता में डूबने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। मैक्रों ने कहा कि हिजबुल्ला को तुरंत अपनी आक्रामकता रोकनी चाहिए जबकि इजराइल को बड़े पैमाने पर अपने हवाई हमलों को रोकना चाहिए। फ्रांस के राष्ट्रपति के मुताबिक लेबनानी नेताओं ने कहा है कि वे इजराइल के साथ सीधी वार्ता करने को तैयार हैं। मैक्रों ने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए ताकि वे युद्धविराम तक पहुंचने के लिए बातचीत शुरू कर सकें, एक स्थायी समाधान ढूंढ सकें और लेबनान की संप्रभुता के समर्थन में लेबनानी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का अवसर प्रदान कर सकें। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इजराइल के साथ बातचीत करने की तत्परता व्यक्त की, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। लेबनान और इजराइल 1948 से ही युद्धरत हैं।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' का टीजर आउट

मुंबई। फिल्म मेकर इम्तियाज अली की अगली फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीजर से अंदाजा लग रहा है कि यह फिल्म भारत-पाकिस्तान विभाजन की

❍ भारत-पाक बंटवारे के बीच दिखेगी अधूरी प्रेम कहानी

थीम पर आधारित एक इमोशनल लव स्टोरी है। यह फिल्म इसी साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर में एक्टर्स को इंट्रोड्यूस कराया गया है। इसमें दिलजीत दोसांझ एक यूट्यूबर के रोल में नजर आ रहे हैं। कहानी में दिलजीत इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद से नसीरुद्दीन शाह को उनके दशकों पुराने प्यार से मिलाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। हालांकि,



इन कयासों पर पूरी मुहर फिल्म का ट्रेलर आने के बाद ही लगेगी। फिल्म के टाइटल ट्रैक 'मैं वापस आऊंगा' को टीजर में यूज किया गया है।

एकता कपूर लॉन्च करेंगी 'हुनर' कलाकारों को मिलेगा नया मंच

मुंबई। टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़े सितारे देने वाली प्रोड्यूसर एकता कपूर अब टैलेंट मैनेजमेंट की दुनिया में भी कदम रख रही हैं। उनके नेतृत्व वाली कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स ने नए टैलेंट मैनेजमेंट वेंचर 'हुनर' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नई कंपनी खास तौर पर कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने और परफॉर्मेंस के कल्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई है। 'हुनर' का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के स्थापित कलाकारों के साथ-साथ नए क्रिएटर्स और एक्टर्स को भी एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है, जहां उन्हें सही दिशा और मौके मिल सकें। कंपनी के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म टैलेंट को सिर्फ रिप्रेजेंट करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कलाकारों की आर्टिस्टिक ग्रोथ पर भी काम करेगा।

❍ बालाजी टेलीफिल्म्स की नई कंपनी एक्टर्स-क्रिएटर्स को देगी बेहतर मौके, गाइडेंस और मजबूत प्लेटफॉर्म

यहां कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर अवसर और एक क्रिएटिव माहौल दिया जाएगा, जिससे वे अपने हुनर को निखार सकें और यादगार कहानियों का हिस्सा बन सकें। नए वेंचर के बारे में बात करते हुए एकता कपूर ने कहा कि बालाजी टेलीफिल्म्स में हमेशा से यह विश्वास रहा है कि टैलेंट तभी चमकता है, जब उसे सही माहौल और प्रोत्साहन मिले। उनके मुताबिक, 'हुनर' के जरिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश है।

हरियाणा में बादशाह की गिरफ्तारी के आदेश

मुंबई। पानीपत में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने मीटिंग में सिंगर बादशाह की गिरफ्तारी के आदेश दिए। टटीरी सॉन्ग विवाद को लेकर हरियाणा महिला आयोग ने बॉलीवुड सिंगर-रैपर बादशाह को गिरफ्तार करने का आदेश दिए। बादशाह शुक्रवार को समन पर पानीपत में पेश नहीं हुए। उनके वकीलों ने दलील दी कि किसी प्रोफेशनल कमिटमेंट में व्यस्त होने की वजह से बादशाह नहीं आ सके। आयोग से आगे का टाइम मांगा गया। इस पर महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया नाराज हो गईं। अध्यक्ष ने पंचकूला और पानीपत एसपी को बादशाह की गिरफ्तारी और पासपोर्ट जब्ती के निर्देश दिए।

रणवीर की 'धुरंधर 2' की एडवांस बुकिंग

मुंबई। रणवीर सिंह स्टारर स्पाई-एक्शन फिल्म 'धुरंधर 2' की एडवांस बुकिंग आज देशभर के सिनेमाघरों में शुरू हो गई है। ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग में से एक साबित हो सकती है। बड़े पैमाने पर बनाई गई यह फिल्म हाई-ऑक्टेन एक्शन, जासूसी और रिवेंज ड्रामा के दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने की तैयारी में है। मेकर्स ने इसे

❍ स्पाई एक्शन थ्रिलर 19 मार्च रिलीज, ट्रेड को रिकॉर्ड ओपनिंग और भारी वीकेंड कलेक्शन की उम्मीद

भव्य पैमाने पर तैयार किया है, जिसमें बड़े एक्शन सीक्वेंस, दमदार कहानी और इंटरनेशनल लेवल की प्रोडक्शन वैल्यू देखने को मिलेगी। फिल्म में रणवीर सिंह एक खतरनाक मिशन पर निकले स्पाई के किरदार में नजर आएंगे। कहानी बदले की भावना और गुप्त मिशनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें देश की सुरक्षा के लिए अंडरकवर ऑपरेशन्स दिखाए जाएंगे।

रणवीर के किरदार को फिल्म का सबसे बड़ा हाईलाइट माना जा रहा है, जिसमें उनका एक्शन और इंटेंस लुक देखने को मिलेगा। फिल्म में कई बड़े कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। आर. माधवन रणनीतिक मास्टरमाइंड अजय सन्याल के रोल में नजर आएंगे, जबकि अर्जुन रामपाल आईएसआई मेजर इकबाल के रूप में दिखाई देंगे। वहीं संजय दत्त एसपी चौधरी असलम के ताकतवर किरदार में नजर आएंगे। इन सभी किरदारों की वजह से फिल्म की कहानी और भी ज्यादा इंटेंस और दिलचस्प बनने वाली है। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है।

वहीं इसे ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने प्रोड्यूस किया है। 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, जिससे यह पैन-इंडिया ऑडियंस तक पहुंचेगी। खास बात यह है कि फिल्म की रिलीज गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर रखी गई है, ऐसे में ट्रेड को उम्मीद है कि त्योहारों की छुट्टियों का फायदा फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को मिल सकता है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com